
दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 14 | जयपुर | शनिवार , 16 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan





काशी में देव दिवाली...

## 84 घाट 25 लाख दीयों से जगमगाए

### 60 मिनट आतिशबाजी, लेजर शो से सजा आसमान; एक लाख लोगों ने की महाआरती

**वाराणसी।** वाराणसी में देव दिवाली मनाई जा रही है। मां गंगा किनारे 84 घाटों और 700 मंदिरों में 25 लाख दीये जगमगा रहे हैं। 8 घाटों पर करीब 60 मिनट तक ग्रीन पटाखों की आतिशबाजी हुई। आसमान सतरंगी नजर आया। लेजर शो ने सबका मन मोह लिया। इससे पहले 21 अर्चकों और 42 रिद्धि-सिद्धि ने मां गंगा की महाआरती की। गंगा आरती में रिकॉर्ड एक लाख लोग शामिल हुए। लोग इस पल को अपने कैमरे में कैद करते नजर आए। दशाश्वमेध, अस्सी घाट पर टूरिस्ट की जबरदस्त भीड़ है। चलना मुश्किल हो रहा है। देव दिवाली देखने इंडोनेशिया, वियतनाम और फ्रांस समेत 40 देशों के मेहमान आए। अनुमान के मुताबिक, दुनियाभर से 15 लाख लोग काशी पहुंचे हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पीओके में नहीं होगा आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मना किया, 16 नवंबर से होना था दौरा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) में कराने से मना कर दिया है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने यह दावा एक रिपोर्ट के हवाले से किया है। हालांकि इसे लेकर आईसीसी और पीसीबी की तरफ से अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है।

इससे पहले, पीसीबी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ट्रॉफी के टूर को लेकर एक पोस्ट शेयर किया था। पीसीबी ने लिखा, टूर 16 नवंबर को इस्लामाबाद से शुरू होगा। इसके बाद यह कई शहरों से होते हुए, पीओके के स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद भी जाएगा।

## बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-नाबालिग पत्नी से सहमति से संबंध बनाना रेप

### 10 साल की सजा बरकरार; ट्रायल कोर्ट ने भी दोषी माना था

**मुंबई।** बॉम्बे हाइकोर्ट की नागपुर बेंच ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की पत्नी के साथ शारीरिक संबंध को रेप माना जाएगा। व्यक्ति के खिलाफ रेप का मामला भी दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने नाबालिग पत्नी के साथ रेप के आरोपी एक व्यक्ति की 10 साल की सजा को बरकरार रखा। अदालत ने कहा नाबालिग पत्नी के साथ सहमति से शारीरिक संबंध भी कानून के तहत बलात्कार ही माना जाएगा। अपीलकर्ता को 2019 में ट्रायल कोर्ट ने पोस्को एक्ट के तहत दोषी ठहराया था। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में अपील की थी।

### जनजाति गौरव दिवस पर बांसवाड़ा पहुंचे सीएम भजनलाल शर्मा

## पीएम ने वर्चुअल संबोधन में कहा- आदिवासियों की पढ़ाई, कमाई और दवाई पर फोकस



बढ़ता राजस्थान



**बांसवाड़ा।** भगवान बिरसा मुंडा के 150 जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर शुक्रवार को जनजातीय गौरव दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य समारोह बिहार के जमुई में हुआ जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी ने शिरकत की और देशभर में 6600 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ, शिलान्यास और लोकार्पण किया।

जनजाति गौरव दिवस पर बांसवाड़ा में नवादि युगधारा प्रणेता समागम कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में शामिल होने मुख्यमंत्री बांसवाड़ा पहुंचे। बांसवाड़ा में मंच पर विशाल स्क्रीन लगाई गई। मुख्यमंत्री ने पीएम का संबोधन सुना।

### विविध क्षेत्र में काम करने वालों का सम्मान

कार्यक्रम में सीएम भजनलाल ने विभिन्न श्रेणियों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। गिना राम (आबूरोड) को खेती में नवाचार के लिए, धारियावद से संतोष कुमार मीणा को आत्मा योजना में जिला स्तरीय कृषि कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया गया। गीता बाई बारां जिला, संघर्ष कटारा बांसवाड़ा मत्स्य उत्पादन, टोंक से भूरी देवी मीणा,ममता मीणा हर्बल साबुन प्रतापगढ़, पाली से चंपा बाई घूमर महिला प्रोड्यूसर कंपनी, बारां से सूर्यकांत मीणा किराना चक्की उद्योग, उदयपुर से शारदा देवी उड़ान योजना में भूमिका, डूंगरपुर से सरस्वती परमार कपड़े की दुकान, शिक्षा के क्षेत्र में सिरोही से प्राध्यापक भेराराम, बांसवाड़ा से अवनी बामनिया ह्वस्, बांसवाड़ा से मानसी डिंडोर आरएएस, बांसवाड़ा से ऋचा डामोर आरएएस, योगिता निनामा डूंगरपुर शिक्षा के क्षेत्र में काम के लिए सम्मानित किया गया। खेल जगत में प्रतापगढ़ से प्रतिलाल मीणा, बांसवाड़ा से हर्षित, यत्न निनामा आर्चरी में गोल्ड,डाली गमेती उदयपुर से, मोहनलाल गमेती डूंगरपुर को सम्मानित किया गया।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में प्रभुलाल गमेती राजसमंद से, चंद्रिका परमार डूंगरपुर, उदयपुर से यशपाल बरांडा, डूंगरपुर से ललिता भगोरा, डूंगरपुर से सौरभ मनात डांस लोक नृत्य के लिए सम्मानित किया गया। नवाचार में सिकल सेल में जागरूकता ललित पारगी को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने कहा कि सीएम ने वागड़ में जो जो कहा था वो काम कर दिया। यहां आरक्षण में कोटा देने से हमारे यहां कोई परेशानी नहीं है, अगर सीएम यह करते हैं तो यहां प्रशासनिक क्षेत्र में यहां के लोग लग सकते हैं। कनकमल कटारा ने लोकगीत भी गाया।

टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि हमारे बांसवाड़ा डूंगरपुर में कई आदिवासी भाइयों ने अंग्रेजों से लोहा लिया। बलिदानियां दी हैं। कई स्वतन्त्रता सेनानी हुए। भाजपा ने हर क्रांतिकारी को पाठ्यक्रमों में शामिल करने का काम किया।

## झारखंड में मोदी के प्लेन में तकनीकी खराबी

### ढाई घंटे विमान में ही रहे



बढ़ता राजस्थान

**देवघर।** झारखंड के देवघर में शुक्रवार को पीएम मोदी के प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई। वे दोपहर 2:20 बजे विमान में सवार हो गए थे, लेकिन वह उड़ान नहीं भर पाया। इसके बाद दिल्ली से उनके लिए स्पेशल प्लेन भेजा गया। इसके बाद शाम 4.55 बजे दिल्ली रवाना हो गए। सूत्रों के मुताबिक, एसपीजी ने उन्हें एयरपोर्ट के लॉन्ज तक जाने की परमिशन नहीं दी। मोदी सुबह प्लेन से देवघर आए थे।

यहां से वे बिहार के जमुई जनजातीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए। वापसी में उन्हें देवघर से ही दिल्ली जाना था, लेकिन प्लेन में खराबी आ गई थी। पीएम के एयरपोर्ट पर रहने के दौरान बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई।
सीनियर पायलट ने जैसे ही तकनीकी खराबी की जानकारी दी, तो पीएमओ ने को-ऑर्डिनेट किया और दिल्ली से वायुसेना का विमान देवघर रवाना कर दिया था।

## राजस्थान थप्पड़कांड नरेश मीणा को 14 दिन की जेल भेजा


### ● अन्य 52 आरोपी भी जेल भेजे गए ● वीसी के माध्यम से निवाई न्यायालय में पेशी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक/निवाई।** एसडीएम थप्पड काण्ड मामले में गिरफ्तार नरेश मीणा को वीसी के माध्यम से निवाई न्यायालय में पेश किया जहा नरेश मीणा को 14 दिन के लिए जेल भेजने के आदेश पारित हुए है। देवली उनियारा के उपचुनाव में गांव समरावता में मतदान केंद्र पर एसडीएम के थप्पड मारने के आरोप में गिरफ्तार निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को शुक्रवार को पुलिस ने वीसी के माध्यम से निवाई न्यायालय में पेश किया। जहां उसे 14 दिन के लिए जेल भेजने के आदेश जारी हुए।

एडवोकेट सीताराम शर्मा ने बताया कि पुलिस ने न्यायलय में न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजली सिंह के सामने वीसी के माध्यम से गिरफ्तार नरेश मीणा पेश किया। अधिवक्ताओं ने मजिस्ट्रेट को बताया कि नरेश मीणा से उसके परिजनों व वकीलों को पुलिस नहीं मिलने दे रही है। अधिवक्ताओं ने 24 घंटे में नरेश मीणा का मेडिकल करवाने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों पर मजिस्ट्रेट अंजली सिंह ने नरेश मीणा को 14 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश पारित किए। नरेश मीणा के अधिवक्ता सीताराम शर्मा, हाईकोर्ट जयपुर के एडवोकेट लाखन सिंह मीणा, पवन खरेडा, मुकराज मीणा, मुकेश मीणा व मेघराज मीणा सहित 15 अधिवक्ता सुबह 11 बजे ही न्यायालय पहुंच गए। इसके बाद नरेश मीणा के अधिवक्ताओं ने नरेश मीणा के परिवारजनों व अधिवक्ताओं को मिलने सहित कई प्रार्थना पत्र पेश किए। इस दौरान न्यायालय में दोपहर करीब 2 बजे से पुलिस की गाडियों का काफिला पहुंचना शुरू हो गया। थोड़ी ही देर में न्यायालय परिसर पुलिस के कई जवान तैनात हो गए। करीब 4 बजे वीसी के जरिए न्यायालय में नरेश मीणा की पेशी हुई। अधिवक्ताओं ने नरेश मीणा को टॉर्चर करने और मारपीट करने का पुलिस पर आरोप लगाया। करीब साढे 4 बजे इस मामले में पुलिस ने 52 गिरफ्तार अन्य आरोपियों को भी न्यायालय में पेश किया।



VARDHAMAN
DENTAL HOSPITAL
Dr. Amit Kant Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9829422290
Dr. Meha Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9983039253
Medical History : • Asthema • Hypertension • Diabeties
• Pregnancy/Breast Feeding • Hospitalization/Surgery • Drug Allergy

Dental Laser | Digital X-ray(RVG) | Fix Braces | Zirconia Crowns
• 71/44 Opp. Kala Color Lab, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur
• 114/415 Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

### बरसों से बंद रास्ते खुले तो किसानों और ग्रामीणों के चेहरे खिले

# जिला प्रशासन के 'रास्ता खोलो अभियान' का हुआ आगाज

## गांवों और खेतों की राह हुई आसान, ग्रामीणों ने जताया जिला प्रशासन का आभार






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** नीयत सही और सकारात्मक हो तो नियति कभी गलत नहीं हो सकती। यह कहावत शुक्रवार को जयपुर में हकीकत बनती नजर आई। जब जिला प्रशासन ने रास्ता खोलो अभियान के पहले ही दिन सहमति और समझाइश से बरसों से बंद 26 रास्ते खुलवाए। सालों से बंद रास्ते खुलने पर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया साथ ही, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों का आभार जताया। रास्ता खोलो अभियान के पहले दिन चौमूं एवं जोबनेर में 4-4, आंधी, चाकसू, शाहपुरा, सांगानेर में 3-3, कोटखावदा और किशनगढ़-रेनवाल में 2-2 एवं तूंगा और आमेर में एक-एक रास्ता खुलवाया गया। किशनगढ़-रेनवाल के धोलिया का वास गांव में करीब 50 साल पुराना रास्ता समझाइश से खुलवाया गया। तो वहीं, जमवारागढ़ की आंधी तहसील के दांतली में 30 साल पुराना रास्ता खुलवाया गया। तो वहीं, तूगां में 15 साल पुराना अतिक्रमण हटाकर 300 मीटर लंबा रास्ता आमजन के लिए सुचारू करवाया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव और खेतों की ओर जाने वाली राह आसान करने के लिए जिला प्रशासन के इस अभियान से निश्चित रूप से आमजन को राहत मिलेगी। जिला प्रशासन एवं पुलिस ने सहयोग कर दशकों से बंद सिवायचक, कटानी एवं गैर मुमकिन सहित अन्य सभी प्रकार के रास्तों को खुलवा कर उनकी राह बेहद आसान कर दी है। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ रास्ते तो करीब 50 साल से बंद थे, लेकिन सहमति एवं समझाइश से इन रास्तों को भी खुलवाने में कामयाबी मिली। गौरतलब है कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुक्रवार को जिले में रास्ता खोलो अभियान का आगाज हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान के तहत सभी खंड विकास अधिकारी अपने क्षेत्रों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने में सहयोग करेंगे, उपखण्ड अधिकारी सप्ताह में एक बार तहसीलदार, थानाधिकारी, विकास अधिकारी के साथ रास्तों से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे हैं तथा खोले जाने वाले रास्तों का चिन्हिकरण कर सप्ताह में कम से कम तीन रास्तों की समस्या का समाधान करेंगे। बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खंड विकास अधिकारी संबन्धित खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल/सी.सी. रोड़ बनवाया जाना सुनिश्चित करेंगें ताकि फिर से कोई रास्ते पर अतिक्रमण नहीं कर पाए। जिन स्थानों पर किन्हीं कारणों से शुक्रवार को कार्यवाही संभव नहीं हो पाई उन स्थानों पर शनिवार को अनिवार्य रूप से रास्ता खोलो अभियान के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति को मिला प्रतिष्ठित सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति द्वारा विगत 15 वर्षों से मानव सेवा एवं मूक प्राणियों के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट परमार्थ कार्यों के लिए न्यायाधिपति नगेंद्र कुमार जैन फाउंडेशन ट्रस्ट ने समिति को सम्मानित किया। यह सम्मान स्वर्गीय न्यायमूर्ति जे.पी. जैन की 108वीं जयंती एवं 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदान किया गया। समिति के अध्यक्ष श्याम विजय ने इस सम्मान को स्वीकार किया। समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण इस महत्वपूर्ण सम्मान के लिए ट्रस्ट एवं आयोजकों का हृदय से आभार प्रकट करते हैं।

## फॉर्मिडियम हैकाथॉन में हासिल किया दूसरा रनर-अप स्थान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी (जेकेएलयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के चार छात्रों की एक टीम ने प्रतिष्ठित 2024 फॉर्मिडियम हैकाथॉन में दूसरा रनर-अप स्थान हासिल किया है। वरुण पारीक, अधिराज सिंह, प्रीत तपारिया और कनिष्क तिवारी की टीम इथरनॉट्स - सभी 2022-26 बैच के बी.टेक कंप्यूटर साइंस के छात्र - 24 घंटे के इस प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम में पूरे भारत के प्रतिभागियों के बीच सबसे अलग रहे। जेकेएलयू टीम को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ। फ्रिक्शनलेस पे डिजिटल मुद्राओं का उपयोग करके बकाया चालान के भुगतान को ट्रैक करने में शामिल जटिलताओं का समाधान प्रदान करता है। यह परियोजना ग्राहकों को क्रिप्टोकरेंसी के साथ चालान का निपटान करने में सक्षम बनाती है, जबकि संगठन मानक बिलिंग सॉफ़्टवेयर के माध्यम से इन भुगतानों को सहजता से एकीकृत कर सकते हैं। इस समाधान का अनूठा विक्रय बिंदु (यूएसपी) यह है कि ग्राहक अपने चालान को पूरी तरह या आंशिक रूप से निपटान कर सकते हैं, गतिशील डेटाबेस एकीकरण के साथ चालान को वास्तविक समय में जोड़ने और अपडेट करने की अनुमति देता है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. धीरज सांघी ने कहा, फॉर्मिडियम हैकाथॉन में शीर्ष स्थान प्राप्त करना हमारे छात्रों की अत्याधुनिक तकनीक के साथ जटिल वास्तविक दुनिया की समस्याओं से निपटने की क्षमता का प्रमाण है।

## देवली-उनियारा में कवरेज के दौरान पत्रकारों पर हुए हमले से मीडिया कर्मियों में आक्रोश

### आक्रोशित पत्रकारों ने अमर जवान ज्योति पर जताया विरोध



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** टोंक जिले के देवली-उनियारा में 13 नवम्बर को राजस्थान विधान सभा के उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा थप्पड़ कांड के बाद फैले हुडदड की मीडिया कवरेज कर रहे देवली-उनियारा में पत्रकार अजीत सिंह शेखावत और कैमरामैन धर्मेंद्र कुमार के साथ हुई मारपीट के विरोध अब तूल पकडता जा रहा है। इसी के चलते शुक्रवार को कई पत्रकारों के सगठनो से इसकी घोर निंदा करते हुए अमर जवान ज्योति पर विरोध जताया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की भी रखी मांग। पूर्व अध्यक्ष पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर मुकेश मीणा ने बताया कि देवली उनियारा में अलीगढ़ मोड़ पर मीडिया कवरेज के दौरान पीटीआई के पत्रकार अजीत सिंह शेखावत व कैमरामैन धर्मेंद्र के साथ मारपीट, कैमरा और मोबाइल छीनने की घटना बेहद निंदनीय है। घायल अवस्था में दोनों को एसएमएस ट्रामा आईसीयू में एडमिट कराया है। जहां इलाज चल रहा हैं। सरकार तत्काल हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करे। सीएम भजनलाल शर्मा से मांग है कि प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करें, ताकि बिना किसी दबाव और भय के निर्बाध मीडिया कवरेज की जा सके। सरकार से आग्रह है कि इस सन्दर्भ में विधानसभा के आगामी सत्र में विधेयक लाएं और बिल प्रभावी हो तब तक इसे अध्यादेश लाकर अमल में लाएं।

## टाईम बैंक आहान वरिष्ठ नागरिक डे केयर सेंटर का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** यदि आप प्रसन्न रहते हैं, खुश रहते हैं तो आपको बुढ़ापा ना कभी सताएगा ना कभी महसूस होगा । इसलिए सदैव खुश रहें, परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों। खुश रहना अपने अंदर का ही गुण है । आपको कोई खुश नहीं कर सकता जब तक आप स्वयं न चाहें । ये कहना था प्रसिद्ध समाजसेवी राजू मँगोड़ीवाला का जो आज जनपथ श्याम नगर में टाईम बैंक ऑफ इंडिया एवं आहान फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से प्रारंभ किए गए वरिष्ठ नागरिक डे केयर सेंटर का उद्घाटन कर रहे थे । मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राजू मँगोड़ीवाला ने इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तम स्वास्थ्य और प्रसन्नता आपकी सबसे बड़ी पूंजी है । उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए कि चाहे कितनी भी



व्यस्तता हो, प्रतिदिन कुछ समय अपने घर के बुजुर्गों के साथ अवश्य बिताएं। ये वो वृक्ष हैं जिन्होंने आपको छाया दी, फल दिए, सुरक्षा दी। आज हमें इनकी सार संभाल करनी है। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने गीत, चुटकुलों के साथ खूब आनंद उठाया। आहान फाउंडेशन की संस्थापिका मीता माथुर का आभार प्रकट करते हुए टाईम बैंक गवर्निंग काउंसिल सदस्य ओ पी गुप्ता ने बताया कि मीता ने डे केयर के लिए यह स्थान निशुल्क उपलब्ध कराया है । यहाँ प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक वरिष्ठ नागरिक आकार सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। संयोजक केशव गुप्ता ने जानकारी दी कि यहाँ कैरम, शतरंज, ताश, अध्ययन के लिए धार्मिक एवं सामाजिक पुस्तकें आदि उपलब्ध रहेंगी। टाईम बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक पी सी जैन ने बताया कि आंध्र प्रदेश सरकार एवं टाईम बैंक ऑफ इंडिया के मध्य उनके नागरिकों के लिए टाईम बैंक ऑफ इंडिया की सेवाएं प्रारंभ करने के लिए बातचीत चल रही है । मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू टाईम बैंक ऑफ इंडिया की अवधारणा एवं कार्यप्रणाली से अत्यधिक प्रभावित हैं। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए टाइम बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक मैनेजिंग ट्रस्टी अनिल खोसला ने कहा कि टाईम बैंक ऑफ इंडिया, भारत में कई शहरों में अपनी शाखाओं के माध्यम से निशुल्क रूप से एकाकी बुजुर्गों का सहारा बन रही है । इसकी सदस्यता भी निशुल्क और ऑनलाइन उपलब्ध है ।

## कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ आज करेंगे राइजिंग राजस्थान में मीडिया की भूमिका पर विशेष संबोधन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज मीडिया विभाग और द राजस्थान वारियर्स सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में राइजिंग राजस्थान में मीडिया की भूमिका विषय पर आज एक विशेष परिचर्चा एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन प्रभु निधि सभागार ब्रह्माकुमारीज वैशाली नगर जयपुर में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जो इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। जिससे मीडिया के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न होगा। उनका संबोधन इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की जयपुर सबज़ोन प्रभारी राजयोगिनी सुषमा दीदी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। वह समाज में मीडिया की सकारात्मक भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करेंगी। ब्रह्माकुमारीज मीडिया विभाग के मीडिया प्रभारी बीके पारस ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मीडिया के विभिन्न पहलुओं पर संवाद स्थापित करना और राजस्थान में उभरते मीडिया के महत्व को रेखांकित करना है। साथ ही उन पत्रकारों को सम्मानित करना है।

## खंडेल में मासिक बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** समीपवर्ती निर्माण संस्था खण्डेल के परिसर पर शुक्रवार को निर्माण संस्था खंडेल की मासिक बैठक निदेशक रामेश्वर लाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें कार्य क्षेत्र से कुल 550 ग्रामीण,पुरुष,युवक युवतियां सम्मिलित हुई। इस दौरान विगत माह में किए गए कार्य की जानकारी दी। जिसमें दीपावली पर्व पर 587 परिवारों को खाद्य सामग्री किट से लाभान्वित किया गया था। बैठक के अंत में आगामी माह में संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी जाने के साथ ही आगामी 6 दिसंबर को बालिका संसद का चौथा अधिवेशन आयोजित करने,8 दिसंबर को बालिका मेला एवं 10 दिसंबर को ग्रामीण मासिक बैठक इंग्लैंड से पधारे हुए अतिथियों की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। साथ ही दिसंबर माह में ही 21 किशोरी बालिकाओं को शैक्षणिक टैबलेट वितरित किए जायेंगे। बैठक में चार माताओं को प्रसव बाद 2 किलो देसी डेयरी घी, 2 किलो चीनी एवं दलिया वितरण किया गया। इस मौके पर अर्जुन सिंह, बागेश्वर वर्मा,निशा कंवर,चंद्रकांता वर्मा,मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जयपुरिया में सप्लाई चेन 4.0 कॉन्क्लेव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जयपुर ने आपूर्ति श्रृंखला 4.0 विषय पर कॉन्क्लेव का आयोजन किया । कॉन्क्लेव में उद्योग जगत के वीवोइस लैब प्रा. लि. के उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, डेली बेटर के संस्थापक प्रसून चौधरी, एक्सेंचर की स्थिरता सलाहकार प्रगति सिन्हा और अपोलो टायर्स के क्षेत्रीय प्रबंधक वैभव लुहाड़िया ने अपने विचार साझा किए। सुनील चौधरी ने आपूर्ति श्रृंखलाओं में लचीलेपन की आवश्यकता पर जोर देकर संवाद की शुरुआत की। उन्होंने कहा, आपूर्ति श्रृंखला 4.0 केवल एआई और स्वचालन के बारे में नहीं है, बल्कि अनुकूलनशीलता और ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने के बारे में है। इसके अलावा, प्रसून चौधरी ने ग्राहक-केंद्रित समाधानों के लिए महत्वपूर्ण कारकों के रूप में सामर्थ्य, पहुंच और उपलब्धता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, यदि कोई ग्राहक की समस्याओं का समाधान नहीं करता है, तो वह अपना उद्देश्य खो देता है। प्रगति सिन्हा ने आज के व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र में स्थिरता के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया।इस बीच, वैभव लुहाड़िया ने व्यवसायों की रीढ़ के रूप में संचालन पर जोर दिया। डॉ. श्रीकांत गुप्ता ने संचालन में संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नव स्थापित ग्रीन लॉजिस्टिक्स सेंटर का भी परिचय दिया। सत्र का संचालन डॉ. लोकेश विजयवर्गीय ने किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. प्रशांत गुप्ता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## चोरों के आगे पुलिस की गश्त व्यवस्था कमजोर, चार मकान-एक दुकान को चोरों ने बनाया निशाना

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट पुलिस की गश्त व्यवस्था को धत्ता बताकर चोर चार मकान और एक दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात, नकदी सहित अन्य सामान ले गए। गोविंदपुरा सीकर निवासी मनोज कुमार ने शिवदासपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह किराए से विमलपुरा विधाणी में रहता है और शेयर ट्रेडिंग का काम करता है। वह अपने गांव गया था पीछे से किसी ने उसके फ्लैट का ताला तोड़कर नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी उसे पडौसी ने दी। घटना 12 नवम्बर की रात की है। वह 10 नवम्बर को गांव गया था। 13 को पडोसी ने चोरी होने की जानकारी दी। दूसरी घटना में चम्पा नगर गुर्जर की थड़ी निवासी देवी सिंह ने मानसरोवर थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसके मकान में चोर ताला तोड़कर घुसे और मोबाइल, लेपटॉप और 22 हजार रुपए ले गए। घटना 12 नवम्बर की रात की बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीसरी घटना में महात्मा गांधी कॉलोनी निवासी शबाना ने शास्त्रीनगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह 13 नवम्बर को झोटवाड़ा शादी में गई थी। देर रात वापस लौटी तो उसके मकान का ताला टूटा मिला। कमरे के साथ अलमारी का सामान भी बिखरा हुआ था। चोर मकान से 6 तोला सोने के दो हार, तीन चांदी की पायजेब, 70-80 हजार रुपए ले गए। इस पर पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौथी घटना में हीरापुरा गांव शालीमार बाग निवासी राजेश विजय ने चित्रकूट थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था 13 नवम्बर की रात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और सोने की चेन, चार सोने की अंगूठियां, सोने की गिन्नी, सोने का पेंडल, 250 ग्राम चांदी के सिक्के, 6 चांदी की पायल,व अन्य ज्वैलरी और 55 से 60 हजार रुपए ले गए।

## हिट एंड रन : जयुपर-दिल्ली एक्सप्रेस हाइवे पर कार ने बाइक को मारी टक्कर

### बदमाशों को पकड़ने जा रहे कांस्टेबल की सड़क हादसे में मौत, एक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राजधानी जयपुर में गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि हिट एण्ड रन का मामला सामने आया है। जहां जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में हरमाड़ा थाने में तैनात एक कांस्टेबल की मौत हो गई,जबकि उसका साथी घायल हो गया। दोनों किसी बदमाश को पकड़ने जा रहे थे इसी दौरान जयपुर दिल्ली एक्सप्रेस हाइवे पर हर्ष होटल के सामने यह हादसा हो गया। है। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। कार और उसके चालक की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस तलाश कर रही है। फिलहाल कार के बारे में कोई भी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई हैं। वहीं मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पश्चिम कर रही है।

थानाधिकारी भरत महर ने बताया कि बदमाशों को लेकर अभियान चल रहा था। इसे लेकर कांस्टेबल मुकेश कस्वां और जीतराम पिछले कुछ दिनों से काम कर रहे थे। उन्हें दो बदमाशों (वारंटियों)



के बारे में जानकारी मिली थी। इसलिए वह गुरुवार देर रात में निकले थे। वापस लौटते समय जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को मणिपाल हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद मुकेश कस्वां (36) को मृत घोषित कर दिया। वहीं जीतराम जाट (32) का इलाज किया जा रहा है। मुकेश कस्वां सीकर के रामगढ़ स्थित रूकनसर गांव के रहने वाले थे और वर्तमान में बीकेआई मुरलीपुरा में परिवार के साथ रह रहे थे। वहीं घायल जीतराम निवासी जसवंतपुरा थाना श्रीमाधोपुर जिला सीकर हाल नींदड हरमाड़ा में रहता है। मृतक मुकेश के दो लड़के हैं एक तो चार साल का और दूसरा 6 साल का। इस घटना के बाद मुकेश के परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने मुकेश के शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया। इधर कांस्टेबल मुकेश कस्वां के निधन से हरमाड़ा थाने में शोक की स्थिति पूरे दिन बनी रही । उनकी मौत से न केवल उनके परिवार,बल्कि उनके सहकर्मियों और पूरे पुलिस विभाग में मातम छा गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित बुडानिया ने बताया कि पुलिस महकमें में शोक की लहर है। उधर हादसे के बाद पुलिस ने कार के चालक की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना के समय कार चालक की गति कितनी थी और क्या उसने कोई नियम तोड़ा था। वहीं, घायल कांस्टेबल जीतराम की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

**पुलिस अधिकारियों ने मृतक कांस्टेबल को दी श्रद्धांजलि :** इस हादसे के बाद पुलिस अधिकारियों ने मुकेश कांस्टेबल की मौत पर शोक जताया है। वही हरमाड़ा थाने में एडिशनल एसपी आलोक सिंगल ,चौमू एसीपी अशोक चौहान, दौलतपुरा थाना प्रभारी मनीष शर्मा, विश्वकर्मा थाना प्रभारी राजेश कुमार, मुरलीपुरा थाना प्रभारी सुनील जांगिड़, मालपुरा गेट थाना प्रभारी हिम्मत सिंह समेत सभी पुलिसकर्मियों ने मृतक कांस्टेबल मुकेश को पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद पुलिस कमिश्नर एडीजी बीजू जॉर्ज जोसेफ विद्याधर नगर मोक्ष धाम में पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।उसके बाद अंतिम संस्कार किया।

## फ्लोरा कॉम्पलेक्स में स्पोर्ट्स एरिना का हुआ उद्घाटन

# विश्व में सबसे ज्यादा खेले जाने वाला पिकलबॉल गेम अब उदयपुर में

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** स्पोर्ट्स फ्यूजन की ओर से फ्लोरा कॉम्पलेक्स में शुक्रवार को स्पोर्ट्स एरिना का पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीणा,जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल,इन्दिरा आईवीएफ के चेयरमैन डॉ. अजय मुर्डिया ने फीता काटकर एवं पिकलबॉल पेडल बॉल गेम खेलकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर बच्चों साथ बाल दिवस सेलिब्रेट किया।

इस अवसर पर आईजी मीणा ने कहा कि शहर में यह बहुत अच्छी पहल हुई है कि एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के खेलों का समायोजन हुआ है। यहां पर हर वर्ग के लोग इन खेलों का आनन्द ले कर अपने आपको फिट रख पायेंगे। जिला कलेक्टर पोसवाल ने कहा कि शहर की बड़ी-बड़ी इमारतों के बीच बच्चों को खेल के लिये मैदान नहीं मिल पाता है ऐसे में शहर में इस प्रकार खेल सुविधायें उपलब्ध कराना बहुत बड़ी बात है। इससे शहर में स्पोर्ट्स कल्चर की अच्छी शुरूआत होगी। डॉ. अजय मुर्डिया ने कहा कि नया विज़न, नयी सोच के साथ शुरू हुआ यह स्पोर्ट्स एरिना बच्चों की ईच्छाओं को पूरी करेगा। स्पोर्ट्स फ्यूजन की डॉ. मानसी खमेसरा ने स्पोर्ट्स एरिना की जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर अमेरीका, लंदन में सबसे ज्यादा खेला जाने वाला नया गेम पिकल बॉल अब उदयपुर में भी उपलब्ध है। यह गेम भारत में बहुत कम स्थानों पर ही उपलब्ध है।

इस गेम के भारत में बहुत कम कोच है। आलम्पिक में भी इस गेम को शामिल किया जायेगा। यहां पर 3 कोर्ट पिकलबॉल व 1 कोर्ट पेडल बॉल के अलावा, क्रिकेट, बास्केटबॉल की सुविधायें उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम का संचालन राजेश खमेसरा ने किया। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में अनमोल सिंघवी, प्रतीक पगारिया,श्याम सिंघवी आदि ने अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर, स्मृतिचिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। अंत में खुशबू पगारिया ने आभार ज्ञापित किया।

# वेटलिफ्टिंग व पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का समापन

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर/भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के तत्वाधान में दो दिवसीय वेट लिफ्टिंग व पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज द्वारा आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में गंभीर सिंह न्यायिक अधिकारी मुख्य अतिथि रहे ।अध्यक्षता टेक्नोलॉजी पार्क के अध्यक्ष हरि दत्त शर्मा ने की ।खेल अधिकारी सत्य प्रकाश लुहाच व बनय सिंह धावई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। टेक्नोलॉजी पार्क निदेशक डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि भरतपुर, धौलपुर एवं डीग जिले के विभिन्न कॉलेजों के प्रतियोगियों ने अलग-अलग वजनों में हिस्सा लिया। 58 किलोग्राम वजन में देवेश शर्मा ने प्रथम अमन ने द्वितीय एवं दरबसिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 66 किलोग्राम में रवि कुमार ने प्रथम प्रशांत रावत ने द्वितीय एवं कृष्ण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया्। 74 किलो में दुर्गेश छावणी प्रथम, 83 किलो में योगेश ने प्रथम अविनाश सिंह ने द्वितीय कपिल ने तृतीय स्थान एवं 93 में किलोग्राम में प्रिंस ने प्रथम अभिषेक ने द्वितीय व सतीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।105 में नीतीश फौजदार ने प्रथम सोनू खटाना ने द्वितीय ,120 किलोग्राम में सचिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग में 47,52,63,76,84 किलोग्राम वजन में क्रमशः प्रिया फौजदार ,राजेश्वरी ,नीरज ,अनुपम शर्मा, दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर प्रमोद खंडेलवाल निर्णायक नेशनल केटेगिरी द्वितीय , सूरजभान तिवारी नेशनल केटेगिरी द्वितीय, मनीष भान सिंह अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक पावरलिफ्टिंग व वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियन अध्यक्ष राजस्थान वेटलिफ्टिंग संगठन रेफरी नेशनल केटेगिरी प्रथम ,आशीष जौहरी भूपेंद्र सिंह सेे.वृत्त उप जिला शिक्षा अधिकारी, उदयभान सिंह गुर्जर सेवानिवृत्ति जिला खेल अधिकारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई !इस अवसर पर डॉक्टर त्रेता सिंह डॉक्टर संजू शर्मा डॉक्टर पुष्पा चौधरी डॉक्टर नीता माथुर दो राजकमल दिवाकर डॉ गौरव करोल डॉक्टर सचिन सैनी विनोद अवस्थी डॉक्टर पूनम चौधरी अशोक गुर्जर राम मोहन शर्मा महेंद्र डीसी सैनी सहित अनेक लोगों उपस्थित रहे।




## जैतारण पुलिस ने गांव निम्बेड़ा कलां में हुए ब्लाइंड हत्याकांड का मात्र 24 घण्टों में पर्दाफाश

### मृतक की पत्नी व उसका साथी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिले के जैतारण सर्किल के गांव निम्बेड़ा कलां में हुए ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी, मृतक की पत्नी व उसके पड़ोसी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जैतारण सर्किल के पुलिस उपाधीक्षक सत्येन्द्र नेगी ने बताया कि गत 12 व 13 नवम्बर 2024 की मध्यरात्रि में गांव की ही गोचर भूमि में एक लाश होने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँची। मृतक की पहचान कचरुराम नायक गांव निम्बेड़ा कलां के रूप में हुई।

मृतक की माता ने बताया कि उसका पुत्र 12 नवम्बर 2024 को रात 10-11 बजे से ही घर से लापता था और सुबह उसकी लाश मिली। कचरुराम के गर्दन पर वार करके उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। टीम को मृतक की पत्नि की भूमिका संदिग्ध लगी। मृतक की पत्नी व हत्या में उसकी सहयोगी भूपेन्द्र सेन उर्फ राजू से पूछताछ कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में पाया कि आरोपी पत्नी किरण का पति कचरुराम शराब पीने का आदि था जो आये दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। इसी बीच आरोपिया की उसके पडौसी भूपेन्द्रसेन उर्फ राजू से दोस्ती हो गई तथा दोने ने मिलकर कचरुराम को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या की साजिश रची। योजनाबद्ध तरीके से 12 व 13 नवंबर की मध्यरात्रि को दोने ने मिलकर कचरुराम की उसके घर में ही धारदार हथियार से वार करके हत्या कर दी तथा सबूत मिटाने के लिए लाश को गांव से दूर जंगल में फेंक दिया व खून से सने कपड़े व विस्तर आदि जला दिये। सुबह पूर्व नियोजित योजना के अनुसार लाश की जानकारी मिलने पर मृतक की पत्नी ने रोने का नाटक शुरु कर दिया ताकि किसी को उस पर शक ना हो परन्तु सतर्क पुलिस टीम ने हर तथ्य की बारीकी से जांच करते हुए सभी घटनाक्रम की कड़ीयों को जोड़ते हुए पूरी घटना का पर्दाफाश कर मृतक की पत्नी व भूपेन्द्र सैन उर्फ राजू को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में लगभग 20 से अधिक पुलिस जवानों ने अपने विभिन्न एंगलों से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया।

## डी.पी.एस. में ग्रैंड पेरेंट्स डे का भव्य आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर में पूर्व प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 12 नवंबर से 14 नवंबर तक त्रिदिवसीय ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। जैसे-जैसे समय बदल रहा है, लोग अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं। इसी तरह, लोग दादा-दादी के महत्व को नहीं समझ पा रहे हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर डी. पी. एस प्रांगण में ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत नृत्य से की गई। विद्यालय प्रांगण को बच्चों के द्वारा बनाई गई वस्तुओं से सजाया गया जिसका अवलोकन कर दादा दादी और नाना नानी अपने बच्चों की रचनात्मक पर फूले न समाए। विद्यालय में ग्रैंड पैरेंट्स के लिए भी विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया, जिसमें भाग लेकर उन्होंने आनंद का अनुभव किया और अपने बचपन को याद किया। नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों ने तो इस कार्यक्रम के आयोजन में समा ही बांध दी थी। नर्सरी, प्रेप व कैंब्रिज के विद्यार्थियों के लिए हर्डल रेस, आइसक्रीम रेस, हुला - हूप रेस का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेकर बच्चों ने अपने दादा-दादी और नाना नानी को रोमांचित कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय नरवरिया ने पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया। ग्रैंड पैरेंट्स की जीवन में महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी भगवान का आशीर्वाद हैं, जिनकी जगह कोई नहीं ले सकता। वे इंसान के भेष में देवदूत हैं जो हमेशा अपने पोते-पोतियों और नाती-नातिनों की देखभाल एवं सही मार्ग दर्शन करते है।

## जिला कलेक्टर ने सर्किट हाउस के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को 1.2952 हेक्टेयर भूमि का किया आवंटन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने 14 नवंबर को आदेश जारी कर जिले में सर्किट हाउस के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को 1.2952 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया। सर्किट हाउस के आवंटन के पश्चात नया भवन बनने से राजकीय अतिथियों, राजकीय ड्यूटी पर यात्रारत अधिकारियों सहित अन्य पात्रता रखने वालो को विभिन्न सुविधाए प्राप्त हो सकेगी। उपखण्ड अधिकारी, ब्यावर के द्वारा ग्राम भोजपुरा के खसरा नम्बर 872/857 रकबा 2.000 हैक्टेयर किस्म डाक बंगला (सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीन नवीन डाक बंगला ब्यावर हेतु आरक्षित) में से 1.2952 हैक्टेयर भूमि नवसृजित जिला ब्यावर के सर्किट हाउस निर्माण हेतु भूमि आवंटन का अभिशंषा सहित प्रस्ताव जिला कलेक्टर को प्रेषित किया। प्रस्तावित भूमि नगर परिषद, ब्यावर के पेराफेरी क्षेत्र में स्थित होने से वरिष्ठ नगर नियोजक, अजमेर से तकनीकी राय चाही गई। वरिष्ठ नगर नियोजक, अजमेर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग का मार्गाधिकार 60 मीटर तत्पश्चात् 30 मीटर वृक्षारोपण प?ट्टी कायम करवाते हुए नियमानुसार सर्किट हाउस निर्माण हेतु आवंटन किये जाने की तकनीकी राय प्रेषित की है। नगर परिषद, ब्यावर द्वारा उक्त ग्राम के खसरों में नगर परिषद ब्यावर की कोई योजना प्रस्तावित नहीं होने से अनापत्ति प्रस्तुत की है। जिला कलेक्टर ने उपखण्ड अधिकारी, ब्यावर एवं तहसीलदार, ब्यावर के अभिशंषा प्रस्ताव के आधार पर राजस्थान भूमि राजस्व के आवंटन की शर्ते, 1963 के तहत ग्राम भोजपुरा में 1.2952 हैक्टेयर भूमि सर्किट हाउस, ब्यावर हेतु वरिष्ठ नगर नियोजन विभाग अजमेर की शर्त अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग को आवंटन किया।

## मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री पहुंची गिराज धरण की शरण में



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर/भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती गिर्राज महाराज गोवर्धन धाम की सप्तकोशी परिक्रमा के लिए पहुंची। ब्रज क्षेत्र में उनके अनेक कार्यक्रम बताये जा रहे हैं । डीग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अखिलेश शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने गिर्राज गोवर्धन धाम के सप्तकोशीय परिक्रमा मार्ग में कुछ हिस्सा राजस्थान के डीग जिले में आता है । पूछरी स्थित पक्की परिक्रमा में पूर्व सीएम द्वारा अनेकों देवालयों के दर्शन किए। इसके बाद उनका 84 कोशिय परिक्रमा का आयोजन बताया जा रहा है जहां 17 नवंबर को कामवन स्थित आदि बद्री में दर्शन करेंगी 18 नवंबर को कामवन के ही केदारनाथ स्थल के दर्शन के साथ अन्य दिवालयों के दर्शन करेंगी।

## ब्यावर खास स्कूल की एक और अध्यापिका शगुफ्ता को भी निलम्बित किया, स्कूल में नमाज अदा करने व छात्रों को नमाज पढ़ाने के लिए उकसाने का था आरोप

### पूर्व में एक शिक्षिका असमा परवीन को पहले ही निलम्बित किया जा चुका है

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** अजमेर संभाग के संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा के साहब सिंह ने ब्यावर खास राज. उच्च मा. विद्यालय की एक और अध्यापिका को शगुफ्ता को निलम्बित कर दिया है। इनके खिलाफ स्कूल समय में नमाज अदा करना व छात्रों को उसके लिए प्रेरित करने का मामला विचाराधीन था। शगुफ्ता विज्ञान विषय की वरिष्ठ अध्यापिका थी। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि उक्त विद्यालय में दोनों शिक्षिकाओं पर विद्यालय समय में नमाज अदा करने व स्कूली बच्चों को इसके लिए प्रेरित करने का मामला सामने आया था उसी को लेकर ग्रामीण एक जुट होकर उन्होने स्कूल में तालाबन्दी व कई तरह के प्रदर्शन आदि किये। इसी मामले को लेकर तत्काल प्रभाव से उच्चाधिकारियों से अवगत करवाया गया। मामले की जांच हुई और उसमें सबसे पहले आसमा परवीन को सबसे पहले निलम्बित किया चुका है। चूंकि वह लेवल 2 की होने के कारण इसका अधिकार क्षैत्र ब्यावर के जिला शिक्षा अधिकारी के पास था। वहीं वरिष्ठ अध्यापिका विज्ञान की शगुफ्ता को 16 सीसीए के तहत चार्जशीट जारी की गई। बाद में यह मामला संयक्त निदेश कार्यालय को भेजकर जांच रिपोर्ट भेजकर प्रस्तावित की गई। संयुक्त निदेशक ने वरिष्ठ अध्यापक शगुफ्ता को निलम्बित करते हुए निलम्बन के दौरान इनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मसूदा किया गया है।

## निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (वैर)।** जिला अन्धता निवारण समिति भरतपुर के आर्थिक सहयोग से जीवन संस्था हिंडौन सिटी द्वारा नियुक्त कल्याण समिति वैर के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में मैन बाजार में किया गया । प्रात: 10ः00 बजे से 1ः00 बजे तक नेत्र रोगियों की जांच डॉक्टर जे पी शर्मा द्वारा कर रजिस्ट्रेशन किए गये। समिति वैर के सचिव डॉक्टर दिनेश चंद्र गोयल ने बताया कि शिविर मे मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए नेत्र रोगियों की जांच की गई जिसमें 100 नेत्र रोगियों के रजिस्ट्रेशन किये गये। नेत्र रोगियों के ऑपरेशन के एम एसआई हॉस्पिटल मचेला मंदिर के पास वैर बयाना रोड हरनगर पर रविवार को जयपुर के अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे । मरीजों को ऑपरेशन स्थल पर लाने ले जाने एवं उनके लिये लैन्स सहित अन्य व्यवस्थाएं समिति द्वारा निशुल्क की जायेगी।

## पत्रकार पर हुए हमले की निन्दा सुरक्षा को लेकर दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** आईएफडब्ल्यूजे संगठन सरदारशहर ईकाई के द्वारा नायब तहसीलदार प्रल्हादराय पारिक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर टोंक जिले में कवरेज के दौरान पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले की निन्दा करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। संगठन के तहसील अध्यक्ष दीनदयाल लाटा ने बताया कि टोंक जिले के अलीगढ़ गांव में कवरेज कर रहे पत्रकार व कैमरामैन पर हुए जानलेवा हमले के घटनाक्रम में दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा कवरेज के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हनुमान वर्मा, पवन शर्मा, मुरलीधर बोरीवाल, मुन्नालाल राव , सुरेश शर्मा,मनोज दर्जी, चैनरुप वर्मा आदि मौजूद थे।

## बन्ध बारैठा पुलिस चौकी में महिला ने कांस्टेबल को मारी चप्पल, बयान की कॉपी लेने पर हुआ विवाद पति-पत्नी ने लेट कर किया रौड जाम, दोनों गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/ बयाना (सत्य प्रकाश अग्रवाल)।** बयाना के रुदावल थाना इलाके की बंध बारैठा चौकी के अंदर पति-पत्नी ने एक कॉन्स्टेबल के चप्पल मार दी। दो पक्ष चौकी के अंदर आपस में झगड़ रहे थे। जब पुलिसकर्मी ने उन्हें बचाने की कोशिश की तो, उन्होंने कॉन्स्टेबल पर ही हमला कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिसकर्मी पर हमला करने के बाद पति-पत्नी ने बयाना बसेड़ी रोड़ को जाम करने की भी कोशिश की। इस मामले को लेकर आज एएसआई ने रुदावल थाने में मामला दर्ज करवाया है। रुदावल थाने पर तैनात एएसआई ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि कल वह बंध बारैठा चौकी पर काम कर रहा था। तभी वहां पर एक व्यक्ति बनवारी और महिला मिथलेश आये। उन्होंने बताया कि वह रुदावल थाने से आये हैं। उन्होंने एक एफआईआर करवाई है उसकी जांच करें। फिर एफआईआर के आधार पर उनके बयान लिए गए। साथ ही उनसे कहा कि मामले को लेकर गवाहों के बयान लेने मैं अपने गांव नगला बारैठा आ रहा हूं।

## इन्दौर में ऐतिहासिक विराट पत्रकार समागम दिसम्बर में

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** पत्रकार जगत के हितार्थ एक दशक से अधिक समय से समर्पित राष्ट्रव्यापी संगठन भारतीय पत्रकार संघ एआईजे प्रारम्भ से पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित करता आया हैं। अब तक 500 से अधिक श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम देश भर के अनेक राज्यों में इस संगठन द्वारा किए गए हैं।

इसी कड़ी में 'विराट पत्रकार समागम' का आयोजन अगले माह दिसंबर में किया जा रहा हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश, प्रदेश के हजारों प्रतिष्ठित पत्रकार साथियों की गरिमामय उपस्थिति रहेंगी। साथ ही देश, प्रदेश के जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर साथ होंगे, इस संबंध मे वार्ता प्रारम्भ हो गई हैं। इस भव्य आयोजन की तैयारियों के दूसरे चरण में आमंत्रण कार्ड प्रेषित किए जाएंगे। यह आयोजन प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा पत्रकार सम्मान समारोह हो, इस हेतु विभिन्न स्तर पर बैठकों का दौर शुरू हैं। इस विराट सम्मेलन से पत्रकार साथियों को विशेष ऊर्जा और सुविधाएं प्राप्त होने के उद्देश्य से इसे आयोजित किया जा रहा हैं। विदित हो कि विभिन्न चिकित्सा तथा स्वास्थ्य संस्थानों से अनुबंधित एआईजे संगठन के द्वारा पत्रकार जगत के साथियों तथा उनके परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों के हितार्थ समर्पित भाव से मदद की जाती हैं। पत्रकार साथी को देश के अधिकांश हिस्सों में कोई भी समस्या आने पर देश व्यापी स्थापित ।

## सम्पादकीय

# मजबूत हों स्थानीय निकाय


भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्थानीय निकायों की राजकोषीय स्थिति पर अध्ययन की शुरुआत करके तथा उसके निष्कर्षों को प्रकाशित करके अच्छी शुरुआत की है। नगर निकायों की वित्तीय स्थिति पर पहली ऐसी रिपोर्ट नवंबर 2022 में प्रकाशित की गई थी। उसके बाद पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति पर एक अध्ययन पेश किया गया। रिजर्व बैंक ने अब 2019-20 से 2023-24 के बजट अनुमानों के आधार पर नगर निकायों की वित्तीय स्थिति पर आधारित एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। अध्ययन में देश भर के 232 नगर निकायों को शामिल किया गया है। भारत में अक्सर स्थानीय निकायों पर सीमित नीतिगत ध्यान दिया जाता है। आंशिक तौर पर ऐसा इसलिए हुआ कि तुलनात्मक स्वरूप में आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। यह भी उम्मीद की जानी चाहिए कि रिजर्व बैंक का यह अध्ययन जरूरी नीतिगत ध्यान आकृष्ट करेगा और सार्वजनिक बहस को समृद्ध करेगा। स्थानीय निकायों को मजबूत बनाना अत्यधिक आवश्यक है। नगर निकायों के संदर्भ में यह बात ध्यान देने लायक है कि भारत का तेजी से शहरीकरण हो रहा है और उसे नागरिक क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता है। फिलहाल जो हालात हैं उनके मुताबिक भारत का करीब 60 फीसदी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) शहरी इलाकों में उत्पन्न हो रहा है और 2050 तक उसकी करीब 50 फीसदी आबादी शहरी इलाकों में रहने लगेगी। बहरहाल अधिकांश नगर निकाय इस बदलाव से निपटने के लिए तैयार नहीं हैं, मोटे तौर पर ऐसा इसलिए कि उनके पास संसाधन नहीं हैं।

जैसा कि रिजर्व बैंक की रिपोर्ट दिखाती है, नगर निकायों की राजस्व प्राप्तियां जीडीपी का केवल 0.6 फीसदी हैं। यह मामूली आंकड़ा भी चुनिंदा नगर निकायों के पक्ष में झुका हुआ है। केवल 10 नगर निकाय कुल राजस्व प्राप्तियों में 60 फीसदी के हिस्सेदार हैं। नगर निकायों का कुल व्यय जिसमें राजस्व और पूंजीगत व्यय शामिल है, वह 2023-24 के बजट अनुमान में जीडीपी के 1.3 फीसदी के बराबर था। नगर निकायों के राजस्व में संपत्ति कर, कुछ शुल्क और उपयोग शुल्क आदि शामिल होते हैं। संपत्ति कर उसके कुल राजस्व में करीब 60 फीसदी होता है। नगर निकाय केंद्र और राज्य सरकारों के अनुदान पर बहुत अधिक निर्भर होते हैं। राज्य सरकारों, राज्यों के वित्त आयोग के अनुदान तथा अन्य जगहों से आने वाली राशि की बात करें तो 2019-20 और 2022-23 में वह इनकी राजस्व प्राप्तियों में 30 फीसदी की हिस्सेदार रही। केंद्र सरकार का हस्तांतरण उनके राजस्व में 2.5 फीसदी का हिस्सेदार रहा। नगर निकाय बाजार से भी उधारी लेते हैं, हालांकि यह उनके जीडीपी का केवल 0.05 फीसदी है। नगर निकायों की वित्तीय स्थिति दुरुस्त करने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने लायक बनाना होगा। अधिकांश विकसित और विकासशील देशों में सामान्य सरकारी राजस्व और व्यय में स्थानीय निकायों की हिस्सेदारी बहुत अधिक है। राजकोषीय शक्तियों में इजाफा तथा सामाजिक जवाबदेही, आर्थिक और सामाजिक परिणामों को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं के लिए यह हमेशा आसान होता है कि वे अपने स्थानीय राजनीतिक नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराएं।

# भाजपा के नारे "बटेंगे तो कटेंगे' में विरोधियों का हो रहा विरोध और एनडीए का नकारात्मक साथ

**सीएम योगी से लेकर पीएम मोदी और अमित शाह सहित भाजपा के तमाम नेता बटोगे तो कटोगे और एक रहोगे तो सेफ रहोगे की बात को हर रैली में दोहरा रहे हैं। पीएम मोदी का नारा दलित-पिछड़े वर्गों के बीच दरार पैदा करने के लिए और कथित रूप से विभाजनकारी राजनीति में शामिल होने के लिए कांग्रेस की आलोचना के रूप में अब प्रचारित किया जाने लगा है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि पार्टी का एकमात्र एजेंडा एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाना है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा था वे नहीं चाहते कि एससी, एसटी और ओबीसी आगे बढ़ें और उन्हें उचित पहचान मिले। याद रखें, 'एक हैं तो सेफ हैं'।**

**अशोक भाटिया**




देश के दो राज्यों में विधानसभा का चुनाव जोर - शोर से हो रहा है। महाराष्ट्र में 20 तारीख को सम्पूर्ण प्रान्त व झारखण्ड में दूसरे चरण की 38 पर व कुछ राज्यों में उपचुनाव की 14 सीटों का चुनाव हो रहा है। इन चुनाओं में एक नारा गूंज रहा है 'बटंगे तो कटेंगे'। इसे दिया है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कट्टर हिंदू की छवि वाले आदित्यनाथ ने। उन्होंने यह नारा तब दिया जह पड़ोसी बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद वहां हिंदुओं पर हमले शुरू हो गए। देखते ही देखते यह नारा काफी मशहूर हो गया। इस नारे का इस्तेमाल हरियाणा और जम्मू कश्मीर के चुनाव में भी हुआ था।विपक्ष ने इसे धार्मिक ध्रुवीकरण का प्रयास बताते हुए इसकी आलोचना की। इस नारे का इस्तेमाल भाजपा के नेता तो कर रहे हैं।लेकिन एनडीए में उसके सहयोगी दल इससे खुश नजर नहीं आ रहे हैं। वो इसकी आलोचना कर रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ इस नारे को देश की एकता से जोड़कर बताते हैं।उनका कहना है कि हमारी ताकत एकता है।उनका कहना है कि अगर हम बंट गए तो हमारा पतन हो जाएगा। इसलिए हमें हर हाल में एक रहना है।वो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के समय विपक्ष पर चुप रहने का भी आरोप लगाते रहे हैं। उनका कहना है कि विपक्ष फिलस्तीन पर तो प्रतिक्रिया देता है, लेकिन बांग्लादेश पर चुप्पी साध लेता है, क्योंकि उसे वोट बैंक की चिंता है। बहरहाल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंटेगे तो कटेंगे का नैरेटिव इस तरह सेट किया, जिसे भाजपा के शीर्ष नेताओं और आरएसएस का तो समर्थन मिला ही मिला। पीएम मोदी से लेकर अमित शाह तक अपनी रैलियों में इसका जिक्र करते नजर आ रहे हैं। विपक्षी पार्टियां इससे हट कर कोई और नारा देने की जगह इसी के इर्द गिर्द अपने नारे और सियासी एजेंडा गढ़ने में जुटी है। इस तरह से सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही अपने-अपने हिसाब से सियासी एजेंडा सेट करने में लगी हैं। आपको बतादे कि बांग्लादेश के संदर्भ में दिया गया यह नारा बटेंगे तो कटेंगे उत्तरप्रदेश की सियासी फिजा में गूंजा और फिर धीर-धीरे जातियों में बिखरे हुए हिंदुओं को एकजुट करने की नैरेटिव में तब्दील होने लगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ योगी के नारे पर अपनी सहमति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रहने का संदेश दे कर एक तरह से इसकी तस्दीक ही करते नजर आए हैं। विजयादशमी के मौके पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बांग्लादेश के बहाने हिंदुओं को एकजुट रहने की बात करके सीएम योगी के बयान का समर्थन कर दिया था। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मथुरा में साफ कहा था कि हिंदू एकता संघ का जीवन वृत है। हम यह बात आग्रहपूर्वक कहेंगे और आगे इसके लिए प्रयास भी करेंगे। योगी के 'कटेंगे तो बटेंगे' बयान पर संघ का स्पष्ट कहना है कि हिंदू एकता लोक कल्याण के लिए है। हमें अपने को भी बचाए रखना है और दुनिया का भी मंगल करना है। ऐसे में हिंदू एकता जरूरी है। इस बारे में खुद होसबाले ने बताया कि जाति के आधार पर और विचारधारा के आधार पर हिंदुओं की एकता को तोड़ने का काम किया जा रहा है। भाजपा और संघ इस बात को समझ रहे हैं कि जातीय राजनीति के असर की वजह से 2024 के लोकसभा चुनाव में उसे सियासी नुकसान उठाना पड़ा था। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में नंबर वन पार्टी थी, लेकिन 2024 में भाजपा को दोनों प्रदेशों में झटका लगा था। इसके चलते भाजपा एक रणनीति के तहत हिंदुओं को एकजुट करने के लिए बंटेंगे तो कटेंगे के नैरेटिव को पूरी तरह सेट करने में जुटी है ताकि सियासी फिजा को अपने पक्ष में कर सके। सीएम योगी के द्वारा खड़े किए गए बंटेंगे तो कटेंगे वाले सियासी नैरेटिव का डिफेंड करने के बजाय विपक्ष उसी आक्रमता के साथ जवाब दे रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पीएम मोदी से लेकर सीएम योगी तक की आलोचना कर रहे हैं। खड़गे ने महाराष्ट्र में कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं बटेंगे तो कटेंगे, अगर हम एकजुट हैं तो सुरक्षित हैं, लेकिन असली खतरा किसे है? क्या कोई समस्या है, क्या देश को संघ, भाजपा और मोदी से खतरा है? योगी के 'बटेंगे तो कटेंगे' के नैरेटिव को अखिलेश यादव खुलकर काउंटर करने का दांव चल रहे हैं और उसे जातीय के एजेंडे पर सेट कर रहे हैं। अखिलेश हर रोज इस पर अपना बयान दे रहे हैं और बार-बार यही कहते नजर आते हैं दलित-पिछड़े-अल्पसंख्यक जुड़ेंगे तो जीतेंगे। पीडीए एक है और नेक है। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी ने इस नारे को मुस्लिमों से जोड़ दिया और कहा कि मुसलमानों के घर बुलडोजर से तोड़ने वाले, कैसे समाज को जोड़ने का काम करेंगे। आप सांसद संजय सिंह कहते हैं कि भाजपा को हिन्दुओं की चिंता नहीं, उसे केवल चुनाव जीतने की चिंता है। आरजेडी की प्रवक्ता प्रियंका भारती ने कहा कि जाति के आधार पर लोगों को किसने बांटा है? समाज में आज भी मूंछ रखने या शादियों में घोड़ी पर चढ़ने के लिए दलितों पर हमला और उनकी हत्या कौन कर रहा है? योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे वाले बयान से भाजपा के सहयोगी दलों ने किनारा कर लिया है। महाराष्ट्र में अजित पवार ने साफ कर दिया है कि महाराष्ट्र ने कभी भी सांप्रदायिक विभाजन को स्वीकार नहीं किया। यहां के लोगों ने छत्रपति शाहू महाराज, ज्योतिबा फुले और बाबासाहेब आंबेडकर की धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का पालन किया है। इस तरह की राजनीति महाराष्ट्र में नहीं चलने वाली है, क्योंकि यहां के लोगों ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित किया है। कुछ लोग बाहर से यहां आते हैं और बयान देते हैं, हम इससे सहमत नहीं है। हमारा नारा सब का साथ और सब का विकास है।

अजित पवार के सुर में सुर मिलाते हुए एकनाथ शिंदे भी नजर आए और उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में इस तरह की सियासत नहीं हो सकती है। जेडीयू ने कहा कि हमारी पार्टी ने अपनी विचारधारा को गिरवी नहीं रखा है। भाजपा से हमने बिहार सहित देश के विकास के लिए गठबंधन किया है। हम लोग सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। देश एकजुट रहे, आगे बढ़े, इसके लिए हमारी पार्टी ने हमेशा मेहनत की है। जेडीयू नेता खालिद अनवर का कहना है कि हम लोग ऐसे किसी भी नारे को प्रमोट नहीं कर सकते जिसका मकसद समाज को बांटना या तोड़ना है। राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा देकर भाजपा हिंदू वोटों को एकजुट करना चाहती है, क्योंकि 2024 लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण हुआ था, लेकिन हिंदू वोटों का नहीं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

### वृष
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

### मिथुन
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

### कर्क
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

### सिंह
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### कन्या
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### तुला
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

### वृश्चिक
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें।

### धनु
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

### मकर
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

### कुंभ
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

### मीन
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

## शख्सियत



श्री राकेश कुमार गढ़वाल
(आरएएस)

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं दमदार व जानदार दबंग शैली के राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राकेश कुमार गढ़वाल। इनका जन्म 15 अगस्त सन 1975 को राजस्थान के झुंझुनू जिले हुआ जब पूरा देश आजादी का पर्व मना रहा था। तभी शायद इनका व्यक्तित्व भी आजाद किस्म का है। मन से आजाद व हमेशा मन मौज में जीने वाले इंसान हैं। नेटए एमए पीओएल एससी बीए कर राजकीय सेवाओं में आए फिलहाल विशिष्ट सहायक राज्यमंत्री, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, जयपुर श्री ओटाराम देवासी के पद को सुशोभित कर रहे हैं। ये अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम जोधपुर दक्षिण, जोधपुर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, राजसमन्द। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, भरतपुर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अलवर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, चित्तौड़गढ़। उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ़। उपखण्ड अधिकारी, चौथ का बरवाड़ा सवाईमाधोपुर। उपखण्ड अधिकारी, सादुलशहर श्रीगंगानगर। उपखण्ड अधिकारी, सीकर। उपखण्ड अधिकारी, फ़तेहपुर सीकर। उपखण्ड अधिकारी, चौहटन बाड़मेर। जिला सहित एचसीएम रीपा, जयपुर में प्रशिक्षण के तहत। एसीईएम बाड़मेर के रूप में प्रशिक्षण में रहे। अलवर एडीएम प्रथम के समय में इनकी कार्यशैली देखने को मिली। मुझे आज भी याद है पानी की समस्या का निराकरण करने के लिए ये जलदाय विभाग के अधिकारियों को पानी की टंकी पर चढ़ाकर ले गए जहां जाकर विभाग के अधिकारियों ने आज तक नहीं देखा। इनकी इस अनूठी व दबंग कार्यशैली का प्रभाव जिले में अनेक गतिविधियों में देखने को मिला है। ये जहां भी रहे अपने दम पर रहे। जनता के हित में व पिड़ित की मदद करने वाले शानदार अधिकारी हैं राकेश कुमार सर। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 16 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- निगवेल हिदाल्गो ने 1810 में स्पेन से मैक्सिको की आजादी के लिए संघर्ष शुरू किया।
- मैक्सिको की स्वतंत्रता को 1821 में मान्यता मिली।
- विश्व प्रसिद्ध रूसी लेखक फ़्योदोर दोस्तोविस्की को 1849 में एक भूमिगत संगठन का सदस्य होने के आरोप में मौत की सज़ा सुनाई गई थी।
- ओकलाहोमा 1870 में अमेरिका का 46वां प्रांत बना।
- अमरीका में फेडरल रिजर्व व्यवस्था का 1914 में औपचारिक रूप से शुभारंभ हुआ।
- अल्बर्ट होफमैन का आविष्कार लाइसेंजिक एसिड डाइथलामाइड ड्रग 1938 में आज ही के दिन वजूद में आया।
- अभी दूसरा विश्व युद्ध ख़त्म भी नहीं हुआ था, बात साल 1942 की है, जब कुछ यूरोपीय देशों की सरकारों ने 1945 में ब्रिटेन में एक सम्मेलन आयोजित किया।
- जनरल मोटर्स निगम की 1908 में स्थापना की गई।
- टोक्यो के सईतामा में 1947 में आये चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।
- वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड के बारे में 1965 में पहली सार्वजनिक घोषणा हुई।
- स्काईलैब-4 को 1973 में पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किया गया।
- केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप 1975 में संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
- पापुआ न्यू गिनी ने 1975 में ऑस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।
- अमेरिका का पांचवां अंतरिक्ष यान कोलंबिया-5 1982 में एडवर्ड सैन्य अड्डे पर उतरा।
- बेनजीर भुट्टो ने 1988 में पाकिस्तान में 11 वर्षों में हुआ पहला आम चुनाव जीता।
- भारतीय मूल के वासुदेव पाण्डे त्रिनिदाद एवं टौबेगो के 1995 ने प्रधानमंत्री बने।
- चीन के लोकतंत्र समर्थक नेता जिंग शेंग 1997 में 18 वर्ष बाद रिहा किये गए।
- कनाडा ने 1998 में अपना यहाँ नागरिकता क़ानून को सख्त बनाया।
- सन 2000 में रूस द्वारा अंतरिक्ष केन्द्र मीर को डुबाने का फैसला।
- अफ़ग़ानिस्तान 2001 में हेतु संयुक्त राष्ट्र के 21 सदस्यीय दल में भारत शामिल।
- मुशर्रफ़ ने 2002 में पांच साल के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- पाकिस्तान ने 2006 में मध्यम दूरी के गौरी-V मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- बंगाल की खाड़ी से उठे भीषण चक्रवाती तूफ़ान 'सीडर' ने 2007 में बांग्ला देश में भीषण तबाही मचाई।
- वन टू गो एयरलांइस का विमान 2007 में थाईलैंड में दुर्घटनाग्रस्त होने से 89 लोगों की मौत।
- स्टेट बैंक की हेवरा के 2008 में 58 लाख रुपये की कर्ज़ माफ़ की।
- चन्द्रयान के लूनर लेजर रेजिंग उपकरण ने 2008 से सफलतापूर्वक काम करना शुरू किया।
- वाशिंगटन में 2013 में एक बंदूकधारी ने नौसेना के एक शिविर में 12 लोगों की गोली मारकर हत्या की।
- मुंबई में सचिन तेंदुलकर के क्रिकेट से संन्यास लेने के संकल्प के बाद ही 2013 में भारत सरकार ने भी देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की आधिकारिक घोषणा कर दी।

## विशेष आलेख

# ग्रामीण भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा लागू करने में बाधाएँ

ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा एक निरंतर संघर्ष है। लाखों लोग चिकित्सा देखभाल तक सीमित पहुँच के साथ रहते हैं, न केवल स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की अनुपस्थिति का सामना करते हैं, बल्कि पुराने बुनियादी ढांचे के बोझ का भी सामना करते हैं। ये केवल चुनौतियाँ नहीं हैं-ये देरी से होने वाले उपचार और रोकथाम योग्य बीमारियों के पीछे के कारण हैं जो जीवन पर भारी पड़ रहे हैं।

**प्रियंका सौरभ**



प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की नींव होती है, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ 65प्रतिशत से ज़्यादा आबादी रहती है। फिर भी, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ देने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

**अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा :** ज़्यादातर ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में बिजली, स्वच्छ पानी और उपकरण जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021 के अनुसार, 8प्रतिशत से ज़्यादा स्वास्थ्य सेवा केंद्र बिना बिजली के काम करते हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में डॉक्टरों और नर्सों सहित प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की भारी कमी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 2022 के अनुसार भारत में स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में डॉक्टरों की 23प्रतिशत कमी है। लंबी दूरी और खराब परिवहन नेटवर्क के कारण दूरदराज के इलाकों में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जिससे मरीजों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच प्रभावित होती है। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी क्षेत्रों के 40प्रतिशत से ज़्यादा गाँवों में नज़दीकी स्वास्थ्य सेवा केंद्र तक पहुँच नहीं है। कम साक्षरता स्तर और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं का कम उपयोग होता है। बिहार जैसे राज्यों में कम जागरूकता के कारण टीकाकरण दर कम बनी हुई है। भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1.3प्रतिशत स्वास्थ्य सेवा पर ख़र्च करता है (आर्थिक सर्वेक्षण 2023), जो ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपर्याप्त है।

पीएचसी में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, बिजली, स्वच्छ पानी और आवश्यक उपकरण सुनिश्चित करने में निवेश करें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करने के लिए अतिरिक्त धन आवंटित कर सकता है। डॉक्टरों और नर्सों के लिए उच्च वेतन, आवास और ग्रामीण भत्ते जैसे प्रोत्साहनों के माध्यम से भर्ती और प्रतिधारण को बढ़ाएँ। तमिलनाडु जैसे राज्य ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने के लिए डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण सेवा लाभ प्रदान करते हैं। दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए टेलीमेडिसिन और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों के उपयोग का विस्तार करें। ग्रामीण भारत में टेलीकंसल्टेशन प्रदान करने के लिए ई-संजीवनी का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है। मातृ और बाल स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रम चलाएँ। ग्रामीण इलाकों में मातृ



देखभाल को बढ़ावा देने में आशा कार्यकर्ता प्रभावी रही हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 द्वारा अनुशंसित सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5% तक बढ़ाएँ। थाईलैंड जैसे देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में निरंतर निवेश के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार किया है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में चुनौतियाँ सिर्फ़ मरीज़ों तक सीमित नहीं हैं; वे स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के कंधों पर भी भारी बोझ डालती हैं। डॉक्टरों के सामने आने वाली कठोर वास्तविकता हैं- हिंसा, अपर्याप्त आवास और ढहते बुनियादी ढाँचे। ये कारक यहाँ सरकारी अस्पतालों में काम करने के लिए कई लोगों को रोकते हैं। विशेषज्ञों को लाने के प्रयासों के बावजूद, ऐसे पेशेवरों की कमी का मतलब अक्सर यह होता है कि मरीजों को इलाज़ के लिए ज़िला अस्पतालों में भेजा जाना चाहिए। कोविड-19 महामारी हमारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक चेतावनी थी, फिर भी इस क्षेत्र में कोई अतिरिक्त निवेश नहीं हुआ है। सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में, ग्रामीण भारत के लोग, विशेष रूप से पहाड़ों, जंगलों और रेगिस्तानों में रहने वाले लोग, बीमारी का सामना करने पर ख़ुद का ख़याल रखना जारी रखते हैं-अक्सर बीमारी के गंभीर होने तक देखभाल में देरी करते हैं, बिल्कुल भी देखभाल नहीं करते हैं या अनौपचारिक, खराब गुणवत्ता वाले प्रदाताओं से देखभाल लेते हैं। जब वे स्वास्थ्य सेवा लेने में सक्षम होते हैं, तब भी उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, उन्हें खराब गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा मिलती है और अक्सर इस प्रक्रिया में वे कर्ज़ में डूब जाते हैं। ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुँच बढ़ाने के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपकरण, टेलीमेडिसिन, अभी भी महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। विशेषज्ञों की उपलब्धता को सरेखित करना, यह सुनिश्चित करना कि रोगियों को इंटरनेट और बिजली जैसे आवश्यक बुनियादी ढाँचे तक पहुँच हो।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झाँ ने घटना के तीसरे दिन समरावता गांव पहुंच हालातो का लिया जायजा

## मतदान के दिन 13 नवम्बर को निर्दलिए प्रत्याशी नरेश मीणा ने एरिया मजिस्ट्रेट एसडीएम मालपुरा के जड़ दिया था थप्पड़

अजय जैन



**उनियारा (बढ़ता राजस्थान)।** देवली उनियारा विधानसभा उप चुनाव के दौरान 13 नबम्बर को उनियारा के समरावता गांव में मतदान बहिष्कार के दौरान उपजे विवाद में निर्दलिए प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा एरिया मजिस्ट्रेट एवं उपखण्ड अधिकारी मालपुरा के बूथ परिसर में थप्पड़ जड़ देने की घटना के बाद उपजे विवाद के दौरान पथराव, लाठीचार्ज, अश्रुगोले, फायरिंग, आगजनी की घटना के बाद नाटकीय ढंग से दूसरे दिन हुई नरेश मीणा की गिरफ्तारी के चले घटनाक्रम के दौरान समरावता गांव में हुए विनाश का जायजा लेने जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झाँ शुक्रवार को समरावता गांव पहुंची। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान भी साथ रहे। जिला कलक्टर सौम्या झाँ ने गांव में हुई आगजनी से हुए नुकसान को भी देखा, पथराव व लाठीचार्ज के दौरान गांव के कच्चे-पक्के मकानों में हुए नुकसान को भी देखा तथा ग्रामीणों से सारे घटना क्रम की जानकारी लेते हुए घटनाक्रम के दौरान प्रशासन का पक्ष रखा। लोगो को समझाइश कर शांति बनाए रखने की अपील की।

**जिला कलेक्टर सौम्या झाँ ने दिलाया विशवास कहा जिला प्रशासन ग्रामीणों के साथ है :** ग्राम समरावता में हुए घटनाक्रम का शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने घटना स्थल का दौरा किया तथा ग्रामीणों से बात कर उनकी पीड़ा सुनी। जिला कलेक्टर ने कहा कि घटनाक्रम के दौरान लापता, घायल लोगो को तलाश किया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में किसी की जनहानि नहीं हुई है। जिला प्रशासन ग्रामीणों के साथ है। ग्रामीणों की समरावता गांव को देवली उपखंड के स्थान पर उनियारा उपखंड में शामिल करने की मांग लेकर जिला कलेक्टर ने कहा कि इस गांव के ग्रामीण 30 अक्टूबर-2024 को इस मांग को लेकर हमारे पास आए थे। देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता लगी होने के कारण उनकी मांग पर अग्रिम कार्रवाई किया जाना संभव नहीं था। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद उनकी मांगों एवं समस्याओं को उच्च स्तर पर भिजवाया जाएगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि 13 नवंबर को हुए घटनाक्रम को लेकर सभी लोगों के बयान लिये जा रहे है। अब स्थिति सामान्य है, एक-एक घटना की विस्तार से समीक्षा की जा रही है। बयानों एवं जांच के आधार पर डिटेल रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसमे सभी की बात को सुना जाएगा एवं निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

**ग्रामीणों ने लगाया आरोप कहा पुलिस ने घरों में घुसकर बेकसूर महिलाओं को मारा :** जिला कलेक्टर सौम्या झाँ ने ग्रामीणों की पीड़ा सुनी, उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।इस दौरान कही महिलाओं, ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ने घरों में घुसकर बेकसूर महिलाओं के साथ मारपीट की जिससे वे घायल हो गई। कई लोगो को भी निकाल कर मारा, घरों में तोड़फोड़ की। इसकी निष्पक्षः जांच होनी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

### जिला कलेक्टर का आया बयान कहा

घटना के दिन मेने नरेश मीणा से बात करने का प्रयास किया लेकिन नरेश मीणा ने बात नही की। समरावता में मतदान बहिष्कार के दौरान निर्दलिए प्रत्याक्षी नरेश मीणा जिला कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गया था। जिला कलेक्टर ने कहा कि मैने नरेश मीणा से उसके व्यक्तिगत मोबाइल पर फोन कर बात करने का प्रयास किया लेकिन नरेश मीणा ने बात नही की। एडीएम टोंक, एसडीएम को भी नरेश मीणा के पास भेजा, मोबाइल पर बात करने का प्रयास किया लेकिन उसने कोई बात नही की।

## जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित

# विभिन्न विकास परियोजनाओं को मिली स्वीकृति आदिवासी कल्याण सरकार की प्राथमिकता : मोदी

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान)।** जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय समारोह एवं संवाद कार्यक्रम शुक्रवार को जिला प्रमुख सुदामा मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्राहलय में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला स्तरीय समारोह को वर्चुअल सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारम्भ किया गया है।

इससे 26 राज्यों, 4 केन्द्र शासित प्रदेशों के 63 हजार 846 गांवों में निवासित 5.38 करोड़ जनजातीय लोगों के लिए आगामी वर्षो में 59 हजार 156 करोड़ रुपए का परिव्यय किया जाएगा। इसके तहत सम्पूर्ण भारत वर्ष में एक साल तक निरंतर जन जातीय उत्कर्ष एवं समृद्धि हेतु निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी कल्याण भारत सरकार की प्राथमिकता है। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका एवं समग्र जनजातीय विकास के लिए केन्द्र सरकार आधारभूत संरचना तैयार करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बिहार के जमुई से वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम मिलकर देश के आदिवासियों के विचारों का भारत का विचार बनाएंगे। मंच संचालन मीना शर्मा, जुगराज बैरवा ने किया। इस दौरान जगदम्बा पार्टी जड़ावता द्वारा हेला ख्याल, स्टेप बाई स्टेप स्कूल की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस दौरान जिला कलक्टर ने राजीविका, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, जलदाय विभाग, ई-मित्र, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम बैरवा, सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय मीणा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामराज मीणा, जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाचार कवरेज के दौरान पत्रकारों पर जान लेवा हमले कि घटना को लेकर पत्रकारों में रोष

## मुख्यमंत्री से हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार करने व पीड़ित पत्रकारों को आर्थिक सहायता की मांग

बढ़ता राजस्थान





**टोंक (का.स.)।** जिले के अलीगढ़ गांव में बुधवार 14 नवम्बर 24 को देवली उनियारा विधान सभा उप चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीना की गिरफ्तारी के बाद एनएच 116 सड़क मार्ग अवरोध कर प्रदर्शन कर रहे नरेश मीणा के समर्थकों एंव उपद्रवी भीड़ ने न्यूज कवर कर रहे न्यूज़ एजेंसी पीटीआई के जयपुर ब्यूरो संवाददाता अजित सिंह शेखावत व उनके कैमरामैन धर्मेंद्र पर जानलेवा हमला किया गया। इस सुनियोजित ढंग से किए गए हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई और उनके कैमरे और माइक तोड़ दिए गए। उसके पश्चात कैमरे को जला भी दिया गया। उपद्रवियों ने पत्रकार और कैमरामैन पर ताबड़ तोड़ जान लेवा हमला कर दिया जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई । जैसे तैसे दोनों घटना स्थल से कुछ दूरी पर मौजूद कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीना के पास पहुंचे और सुरक्षा की गुहार लगाई ।पत्रकार ओर कैमरामैन को घायल अवस्था मे देख डॉ. किरोड़ी लाल ने तत्काल अपने साथ में मौजूद सवाई माधोपुर नगर परिषद सभापति सुनील तिलकर और राजेश गोयल की कार में दोनों को बैठाया और भीड़ से बचते हुवे घटना स्थल से निकाला और उपचार के लिए सवाई माधोपुर पहुंचाया ,नगर परिषद सभापति ओर किरोडी समर्थक राजेश गोयल दोनों घायल पत्रकारों को लेकर सवाई माधोपुर पहुँचे ओर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया ,कृषि मंत्री ने निजी अस्पताल के डॉक्टर से फोन पर बात की ओर घायल मीडियाकर्मियों का तुरंत उपचार करने के निर्देश दिए ।

इस दौरान स्थानीय पत्रकार और जयपुर के कई मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकार भी सवाई माधोपुर पहुँचे ,जहाँ घायल मीडियाकर्मियों की नाजुक हालत को देखते हुवे दोनों को जयपुर रैफर करने की बात कही ,जिस पर चिकित्सको द्वारा दोनों घायलों को देर रात जयपुर के लिए रेफर कर दिया। पत्रकारों पर हुऐ इस निंदनीय जानलेवा हमले को लेकर जिला एवं प्रदेश भर के पत्रकारों में जबरदस्त रोष व्याप्त है। टोंक जिले के सभी पत्रकार संगठन से जुड़े मीडिया कर्मियों ने इस घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से कार्यवाही की मांग करते हुए राज्य में पत्रकार सुरक्षा लागू करने की मांग की है वही सवाई माधोपुर जिला पत्रकार विकास समिति पंजीश के अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज एवं आई एफ डब्ल्यू जे जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने अपने अपने संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को ई मेल के जरिए मेसेज भेजकर पत्रकारों के हमलावरो को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा पीड़ित पत्रकारों को उनके नष्ट किए गए उपकरणों की भर पाई करवाने तथा आर्थिक सहायता मुहैया कराने की मांग की है।

## जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

# जनजातीय समाज के उत्थान के लिए बिरसा की अहम् भूमिका

राकेश शर्मा




**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** नेहरू युवा केन्द्र सवाई माधोपुर के की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 'जनजातीय गौरव दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रजत भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति जिला सह प्रभारी चंद्रप्रकाश शर्मा रहे । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एबीवीपी के नगर अध्यक्ष मुकेश जांगिड़ थे। कार्यक्रम में जनजातीय समाज के उत्थान के लिए भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों और कार्यों व उनके समर्पित योगदान के विषय में युवाओं को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश ने कहा कि बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और 'धरतीबा' के नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम में वाद विवाद प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में रैली का आयोजन किया जिसमें समस्त युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । इस दौरान एबीवीपी के विभाग संयोजक हेमंत शर्मा, मनोज महावर, महेंद्र शर्मा, हरमीत सिंह, रवि सैनी युवा उपस्थिति रहे।

# दान की महिमा नाटक का हुआ मंचन आज निकलेगी श्रीजी की भव्य रथयात्रा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में आर्यिका विष्णु प्रभा जी एवं आर्यिका सुरम्य मती माताजी के पावन सानिंध्य में चल रहे इन्द्रध्वजल महामंडल विधान में बीति रात्रि महिलाओ द्वारा दान की महिमा नाटक का मंचन किया गया। प्रवक्ता विमल जैन कठमाणा ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिष्ठाचार्य शेल दीदी एवं कनक दीदी के निर्देशन में संगीतकार राहुल जैन की धुनो के साथ सांस्कूतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। साथ ही श्रद्धालुओं ने महामंडल विधान की पूजा अर्चना की। कठमाणा ने बताया कि इसी क्रम में शनिवार को नित्य पूजन एवं विश्व शांति महायज्ञ के बाद प्रातः 9 बजे श्रीजी को सुसज्जित रथ में विराजमान कर रथ यात्रा का जुलुस निकाला जाएगा। जो सभी मुख्य बाजारो से होकर वापस दिगम्बर जैन मन्दिर पहुंच कर विसर्जित होगा।

# कार्तिक पूर्णिमा पर महिलाओं ने जलाशयों में किया दीपदान कार्तिक मास के समापन पर भगवान पुरषोत्तम की सुनी कथा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( नि.स.)।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को कार्तिक मास की अंतिम कथा के आयोजन के साथ ही कार्तिक मास का समापन हुआ। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर शहर में स्थित श्री राधा दामोदर मंदिर, रघुनाथ मंदिर, श्री सीताराम मंदिर, श्री चारभुजा मंदिर, श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, श्याम मंदिर व मुरली मनोहर मंदिर में कार्तिक मास के अन्तिम दिन महिला श्रद्धालुओं की दर्शनों व परिक्रमा लगाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान सभी मंदिरों में भगवान पुरषोत्तम जी की कथा सुनाई गई। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर देव प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। पूर्णिमा के अवसर पर कार्तिक स्नान करने वाली श्रद्धालु महिलाओं ने पवित्र सरोवर में श्रद्धा की डुबकी लगाई। कार्तिक पूर्णिमा पर एक मास से चल रही कथा का समापन हुआ। कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने स्नान कर दीपदान कर मंदिरों में दर्शन किए। वहीं तुलसी माता की पूजा अर्चना कर कपड़े पहनाए। महिलाओं ने समूह में कई मंदिरों में भजन कीर्तन किया। भगवान को भोग लगाकर प्रसादी वितरित की गई। महिलाएं स्नान करने के लिए कई नदियों एवं तीर्थ स्थलों पर गई। इसके साथ ही एक माह से चल रहा कार्तिक मास पूर्णिमा को पूजा व्रत संपन्न हुआ।

# भैंरू सागर चांदसेन की नहरे 25 को खोले जाने का हुआ निर्णय



कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।** मालपुरा क्षैत्र के दूसरे सबसे बड़े सिंचाई स्त्रोत भैंरूसागर बांध चांदसेन की नहरो में 25 नवम्बर को सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने का निर्णय लिया गया है।

इस क्रम में शुक्रवार को सिंचाई विभाग के डाक बंगले में बांध के सिंचाई क्षैत्र के किसानो सहित जल वितरण समिति के पदाधिकारियो के साथ विभागीय अधिकारियो की बैठक आयोजित हुई। सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता जयदेव सिंह सोलंकी ने बताया कि बैठक में चांदसेन ग्राम पंचायत के सरपंच रामस्वरूप मीणा, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता देवानन्द, सहायक अभियन्ता महिपाल, जायका योजना के सहायक अभियन्ता मनीष महावर सहित किसान मौजुद रहे। बैठक में किसानो की मांग, जल वितरण समिति के प्रस्ताव के अनुसार बांध की नहरो में 25 नवम्बर को सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में किसानो को विभाग की ओर से भरोसा दिलाया गया कि बांध की नहरो के अन्तिम छोर तक के किसानो तक पानी पहुंचाने के लिए नहरो की सफाई का कार्य पानी छोड़े जाने से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा। विभागीय अधिकारियो ने किसानो से अपील करते हुए कहा कि सभी किसान पानी का दुरूपयोग नहीं करे औरनपानी का उपयोग केवल सिंचाई के लिए कर पानी को बचाने का प्रयास करे।

# पांच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कल से होगा शुरू, प्रथम दिन निकलेगी भव्य कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** जयपुर रोड स्थित फलोदी बालाजी मन्दिर में जीर्णोद्वार के माध्यम से बने शिवालय में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा 21 नवम्बर होगी। वहीं पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारम्भ 17 नवम्बर रविवार को भव्य कलश यात्रा से होगा। महंत निर्मल दास जी महाराज ने बताया कि मन्दिर में जीर्णोद्वार के माध्यम से नया शिव मन्दिर बनाया गया है। इस शिवालय में शिव परिवार की स्थापना के लिए पांच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोंत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शिव परिवार के मूर्ति पुण्यार्जक रमेश चन्द रामजीलाल बोरा मालपुरा वाले एवं समस्त बोरा परिवार हैं। महोत्सव का शुभारम्भ 17 नवम्बर को शास्त्री ने रवाना होकर मन्दिर परिसर तक पहुंचने वाली भव्य एवं विशाल कलश यात्रा से होगा।

# महिला विचार गोष्ठी पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की बैठक तहसील अध्यक्ष बंशीलाल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आदर्श बालिका उमावि में आयोजित बैठक में हुए निर्णय के बारे में जानकारी सुरेश विजय ने जानकारी दी। जिसमें जिलाध्यक्ष जगदीश लाल गुर्जर ने बताया कि 17 नवम्बर रविवार को संघ जिला शाखा के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर महिला विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसके मुख्य वक्ता विमलेश उपाध्याय होगें। इस कार्यक्रम में मालपुरा शाखा से जड़ी अधिक से अधिक महिलाओं को भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अलावा बैठक में मालपुरा शाखा के रिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पुरूषोतम गौतम, संस्कृक शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में भागचन्द शर्मा, शारिरीक शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में रामधन वर्मा, सेवा निवृत शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में बाबूसिंह व प्रबोधक सदस्य के रूप में रामावतार शर्मा को मनोनीत किया गया।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# प्रसंगवश : प्रेम और क्रोध



एक संत अपने शिष्यों के साथ गंगा किनारे स्नान करने पहुंचे। स्नान करते समय उनके शिष्यों ने देखा कि एक परिवार वाले आपस में बैठकर बहुत शांति से बात कर रहे हैं,जिनमें शब्द की आवाज कम है और भाव अधिक है। वे मुस्कान से परिपूर्ण हैं। वही थोड़ी और आगे चले तो एक अन्य परिवार आपस में चिल्ला-चिल्ला कर बात कर रहे थे क्रोध में भरकर बातें कर रहे थे, शिष्यों ने अपने गुरु से पूछा कि गुरु जी यह क्यों चिल्ला कर बात कर रहे हैं तो देखिए संत ने कितना अच्छा उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि यह आपस में एक दूसरे से संतुष्ट नहीं है और इसलिए क्रोध में आकर अपना आपा खो रहे हैं इनके आवाज इसलिए तेज हो गई क्योंकि अब उनके दिलों की दूरियां बढ़ गई एक व्यक्ति के दिल की बात दूसरे व्यक्ति के दिल तक पहुंचने के लिए इनको चिल्लाना पड़ रहा है, ये एक दूसरे से नाराज है इसलिए चिल्ला रहे हैं तो उनके दिलों की दूरी बढ़ जाती है इसलिए उन्हें चिल्लाना पड़ता है ताकि अगला सुन सके। ये जितना गुस्से में होंगे दिलों की दूरी को पार करने के लिए एक दूसरे पर उतने ही तेज गर्जना पड़ेगा इन्हें और वहां पीछे जहां एक परिवार प्रेम से डूबा हुआ कम शब्दों में बात कर रहा है वह ठीक इसके विपरीत है वहां चीखने की बजाय एक दूसरे से धीमे बात करना, चीखने की बजाय कम शब्दों में एक दूसरे की भावना समझ रहे हैं क्योंकि उनका दिल एक दूसरे के करीब है और जब दिल एक दूसरे के करीब होता है तो प्यार और बढ़ जाता है। जहां बोलने की जगह सुनना पर्याप्त होता है, मौन हो जाना ही प्रिय लगता है। ओर तो ओर दूसरे की आंखों में देखकर ही वह सारी सारी बात सुन,समझ और कह सकते हैं यही प्यार की निकटता है।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,**
**बढ़ता राजस्थान**
**अलवर संस्करण**

# गुरु नानक देव जी का 555वां प्रकाशोत्सव मनाया

## गुरुद्वारे में दिखा भक्ति और सेवा का संगम, रागी जत्थे के शबद कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं ने मत्था टेका

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** सिखों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी के 555वें प्रकाशोत्सव पर शुक्रवार को बयाना कस्बे के मुख्य गुरुद्वारा परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अरदास के साथ दोपहर को गुरु का अटूट लंगर बरता गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में फूलों और गुब्बारों से कीर्तन दरबार सजाया गया। गुरुद्वारे में पूरे दिन भक्ति और सेवा का संगम चलता रहा। श्री गुरुसिंह सभा के प्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह मग्गो ने बताया कि प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा में पिछले तीन दिन से चल रहे गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का शुक्रवार को भोग के साथ समापन हुआ। इसके बाद रागी जत्थे और संगत द्वारा गुरुवाणी, शबद कीर्तन व अरदास के कार्यक्रम किए गए। प्रवचनों में ज्ञानी भाई कुलदीप सिंह ने गुरुनानक देव जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मेहनत और ईमानदारी की कमाई में से जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। गुरु नानक जी की शिक्षाएं खुशहाली से जीने का मंत्र देती हैं और कर्म में श्रेष्ठता लाने की ओर ले जाती हैं। ये एकाग्रता-परोपकार की ओर भी ले जाती हैं। इस दिन श्रद्धालुओं ने दरबार में मत्था टेककर परिवार-समाज में समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर शुरू हुआ। लंगर में सिख पंजाबी समाज के अलावा अन्य समाजों के लोगों ने भी पंगत में बैठकर भाईचारे की भावना के साथ प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर गुरुसिंह सभा के पदाधिकारी और सिख-पंजाबी समाज के सैंकड़ों महिला-पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

# खबर का हुआ असर : तीन पक्षो के बीच थाने में हुआ समझौता

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र की खेड़ा ग्राम पंचायत के राजकीय आयुर्वेद औषधालय की चरदिवारी के भीतर पेड़ काटकर व वन औषधिए पौधे नष्ट किए जाने की खबर बढ़ता राजस्थान ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

जिसका असर यह हुआ कि ग्राम पंचायत सरपंच, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह मान व चिकित्सालय प्रभारी दिनेश कुमार के बीच एक समझौता हुआ कि यह नींव प्रधानाचार्य ने बिना सहमति के खुदवाई थी, और औषधिय पौधे नष्ट हो गए थे।

उस पर संज्ञान लेते हुए बानसूर थानाधिकारी ने जाँच करवाई और समझौता करवाया। प्रधानाचार्य मान ने स्वीकार किया कि यह बिना सहमति से कार्य हुआ। जिसकी वजह से मरीजों को औषधालय पहुँचने में परेशानी आती है। इस नींव को बंद करवा दिया जाएगा। इस मौके पर सेठ सुन्दर लाल गुप्ता,पप्पू गुर्जर,सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, सुभाष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अधिशाषी अभियंता, सहायक लेखाधिकारी और संविदाकर्मी को रिश्वत लेते दबोचा

## हेल्थ सेंटर निर्माण का बिल पास करने की एवज में मांगी थी रिश्वत

बढ़ता राजस्थान





**अलवर।** एसीबी जयपुर की टीम ने गुरुवार देर शाम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिशाषी अभियंता जगन लाल मीणा, सहायक लेखाधिकारी सीताराम वर्मा सहित संविदा कर्मी जयनारायण शर्मा को लालसोट(दौसा) में बने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का 7 लाख रुपए का बिल पास करने की एवज में 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी ने रिश्वत की राशि 1 लाख रुपए में से 50 हजार रुपए एक्सईएन मीणा के ऑफिस में टेबल की रैक से जेब से बरामद किए। सहायक लेखाधिकारी सीताराम वर्मा व संविदा कर्मी जयनारायण शर्मा के पास भी घूस की रकम मिली।

**एसीबी में दो महीने पहले दर्ज करवाई थी शिकायत :** एसीबी के पुलिस निरीक्षक रघुवीर शरण शर्मा ने बताया- कृष्णा कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार ने करीब 2 महीने पहले शिकायत दर्ज कराई कि कंपनी ने 66 लाख रुपए की लागत से दौसा जिले के लालसोट में सब हेल्थ सेंटर का निर्माण कार्य किया था।

इस काम के पेटे कंपनी का 7 लाख रुपए का भुगतान बकाया था, जिसका बिल पास करने और हैंडओवर-टेकन ओवर प्रमाण-पत्र जारी के लिए अधिशाषी अभियंता जगन लाल मीणा व सहायक लेखाधिकारी सीताराम वर्मा ने एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया, जिसमें आरोपी अधिशाषी अभियंता व सहायक लेखाधिकारी द्वारा रिश्वत मांगने की पुष्टि हो गई। एसीबी टीम ने 14 नवंबर को परिवादी ठेकेदार को केमिकल लगे एक लाख रुपए के नोट देकर अधिशाषी अभियंता व सहायक लेखाधिकारी के पास भेजा।अधिशाषी अभियंता ने ठेकेदार से 50 हजार रुपए लेकर अपनी टेबल की रैक में रख लिए जबकि सहायक लेखाधिकारी ने ठेकेदार से 50 हजार रुपए साथ बैठे संविदा कर्मी को दिलवा दिए। संविदा कर्मी ने 50 हजार रुपए के नोट पेंट की जेब में रख लिए। इशारा मिलते ही एसीबी टीम ने तीनों को रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथ दबोच लिया। आरोपी अधिशाषी अभियंता जगन लाल मीणा मूलत:करौली जिले के तूमापुरा का रहने वाला है। जो वर्तमान में जयपुर के जगतपुरा में रह रहा है। सहायक लेखाधिकारी सीताराम वर्मा अलवर में देसूला (सूर्य नगर) में रहता है। संविदा कर्मी जयनारायण शर्मा मूलत: मालाखेड़ा में महाराजपुरा गांव का निवासी है। वर्तमान में वह अलवर शहर में तिजारा फाटक के पास रह रहा है। एसीबी ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई देर रात तक जारी थी।

# भूतपूर्व सैनिक की मनाई पुण्यतिथि, अश्रुपूर्ण दी गई श्रद्धांजलि

## मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन परिसर में किए पुष्प अर्पित



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** नगर पालिका क्षेत्र के नारायणपुर रोड़ स्थित मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन द्वारा पूर्व भूतपूर्व सैनिक बीरबल मीणा को उनकी 22वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर गायत्री मन्त्र का उच्चारण उपस्थित लोगों ने किया।श्रद्धांजलि देने वालों में मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन की निदेशक अंजू जयसिंह मीणा,मानद सचिव इंजिनियर जयसिंह मीणा,मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन के बीरबल मेमोरियल टी टी कॉलेज, मत्स्य कॉलेज,श्रीमति पार्वती देवी गर्ल्स कॉलेज व दा मत्स्य स्कूल के समस्त स्टॉफ ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर स्व. बीरबल मीणा को भावभीनी श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद निदेशक अंजू जयसिंह मीणा ने कहा कि वे ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने सेवानिवृती से पूर्व देश की सीमाओं की सुरक्षा की। सेवानिवृती के बाद क्षेत्र में कैसे हो शिक्षा का विकास और कैसे हो क्षेत्र का प्रत्येक नागरिक शिक्षित उसका प्रचार प्रसार किया। स्व. बीरबल मीणा की शिक्षाओं की बदौलत ही मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन की नींव रखी गई। जो निरंतर उनके सपनों को पूर्ण करने का प्रयास कर रही है। हमारी सच्ची श्रद्धांजलि तभी साबित होगी जब एक भिखारी का बेटा भी स्नातक होगा।

# नगर पालिका ईओ ने किया निरीक्षण कर्मचारियों को सफाई के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** नगर पालिका बयाना के अधिशासी अधिकारी एवं नायब तहसीलदार अंकुर जैन ने शुक्रवार सुबह बाजारों का भ्रमण कर शहर की सफाई व्यवस्था और अस्थाई अतिक्रमणों का जायजा लिया। इस दौरान गांधी चौक के चबूतरे पर आसपास इस फल विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमण किया हुआ मिला। इस पर ईओ ने अतिक्रमण हटाने और स्मारक की टूटी रेलिंग को सही कराकर रेनोवेट कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रतिमा के आसपास सड़क के गड्डों को सही करने को कहा। निरीक्षण के दौरान ईओ ने दुकानों के सामने सड़क सीमा में सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी। ईओ ने कहा कि अगर जल्द ही अतिक्रमण स्वेच्छा से नहीं हटाए गए तो फिर चालान काटने और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फल और चाट विक्रेताओं से अपनी दुकान पर आवश्यक रूप से डस्टबीन रखने के निर्देश दिए। साथ ही गुरुद्वारा रोड के नाले की सफाई के लिए सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए। ईओ ने दुकानदारों से शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने में सहयोग करने की अपील की। इसके लिए दुकानों का कचरा निर्धारित कचरा संग्रहण वाहनों में डालने, पॉलीथिन प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने की नसीहत दी। लोगों की मांग पर ईओ ने अंबेडकर पार्क में गार्ड लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान सफाई इंस्पेक्टर पवन कुमार, कैशियर दीपक गुप्ता, जमादार कैलाश चंद्र आदि मौजूद रहे है।

# आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा समारोह का हवन यज्ञ, महाआरती व भोजन प्रसादी के साथ हुआ विसर्जन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना कस्बे की श्याम सरोवर कॉलोनी में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा समारोह का विसर्जन शुक्रवार को हवन यज्ञ, सामूहिक महाआरती व भोजन प्रसादी के साथ हुआ। यह आयोजन रिटायर्ड व्याख्याता श्याम शरण गोयल परिवार की ओर से आयोजित किया गया था। जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भी श्रद्धा भाव के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया था। कार्यक्रम संयोजक डॉ रवींद्र गोयल ने बताया कि इस समारोह का शुभारंभ गत 8 नवंबर को विशेष पूजा अर्चना व महिला कलश यात्रा के पश्चात हुआ था। जिसमें रोजाना नियमित रूप से श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन व सत्संग एवं भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम हुए थे। इस मौके पर एक्सचेंज इंजीनियर प्रदीप गोयल, डॉ बनवारी गोयल, प्रहलाद गोयल, एडवोकेट उमेश गोयल, डॉ लोकेश गोयल, बबीता, कल्पना, प्रभा, आशा डॉ नेहा मौजूद रहे।

# वंडर मॉल ट्रेडर्स वेलफेयर सोसाइटी की नई कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वंडर मॉल ट्रेडर्स वेलफेयर सोसाइटी, वंडर मॉल, अलवर वंडर मॉल ट्रेडर्स वेलफेयर सोसाइटी की आम बैठक में सदस्यों की सर्वसम्मति से निर्विरोध नियम अनुसार नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें महेंद्र जैन अध्यक्ष, सुभाष भार्गव उपाध्यक्ष प्रथम, पवन खंडेलवाल उपाध्यक्ष द्वितीय, भगवानदास अग्रवाल सचिव, संजय खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, सुरेश गुप्ता सह सचिव, पवन गुप्ता प्रचार मंत्री, जसवंत चौधरी संगठन मंत्री, एवं बॉबी नरूला, मदन अरोड़ा, राकेश गुप्ता, संजय गर्ग, सतीश रस्तोगी, राहुल गुप्ता, श्री सुनील सिंघल, अशोक कुमार, कुमार आहूजा, मुकुंद गुप्ता, अशोक आहूजा, कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

# विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय कार्यक्रम नेशनल आयुर्वेद यूथ कानक्लेव संयोजनम 2024 का राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में हुआ आगाज

## विश्व आयुर्वेद परिषद, एनआईए जयपुर एवं आयुर्वेद वि वि जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में होता रहा है आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** कार्यक्रम मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री राजस्थान सरकार हीरा लाल नागर, विशिष्ट अतिथि सांसद मंजू शर्मा , एनसीआईएसएम के चेयरमैन जयंत देव पुजारी, डॉ दिनेश जी पालक अधिकारी विश्व आयुर्वेद परिषद, डॉ अशोक वार्ष्णेय जी राष्ट्रीय संगठन मंत्री आरोग्य भारती, प्रोफेसर संजीव शर्मा कुलपति एन आई ए जयपुर, प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति कुलपति आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर , डॉ आनंद कुमार शर्मा निदेशक आयुर्वेद विभाग राजस्थान, प्रोफेसर बनवारी लाल गौड़ पूर्व कुलपति जोधपुर आयुर्वेद विश्वविद्यालय आदि ने भगवान धन्वंतरि प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री राजस्थान सरकार हीरा लाल नागर ने कहा कि आयुर्वेद न केवल चिकित्सा विज्ञान बल्कि सम्पूर्ण जीवन विज्ञान है, जो सदियों से स्वस्थ दीर्घायु जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। आयुर्वेद पूर्ण प्रामाणिक, सुलभ, दुष्प्रभाव रहित चिकित्सा पद्धति है। सम्पूर्ण विश्व आज आयुर्वेद की ओर आकर्षित हो रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माननीय सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि देश के स्वास्थ में आयुर्वेद की महत्ती भूमिका है। आयुर्वेद त्रिदोष एवं नाड़ी विज्ञान पर आधारित प्राचीन, प्रामाणिक, सस्ती, दुष्प्रभाव रहित सटीक चिकित्सा विज्ञान है। आयुर्वेद स्वास्थ्य सरंक्षण से लेकर शारीरिक एवं मानसिक रोगों के उपचार में, संचारी ओर गैर संचारी रोगों की चिकित्सा में प्रभावी और उपयोगी सिद्ध हो रहा है, कोविड काल में आयुर्वेद की उपयोगिता और महत्व पूरी दुनिया ने देखा, इसलिए आज भारत ही नहीं विश्व भर के लोग भारतीय चिकित्सा विज्ञान आयुर्वेद की ओर आकर्षित हो रहे है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गोविंद सहाय शुक्ला ने सभी अतिथियों, सहभागियों , सहयोगियों ओर मीडिया के सभी बंधुओ का उनकी उपस्थिति और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के पश्चात प्रथम प्लेनरी सेशन में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष वैद्य जयंतदेव पुजारी ने आयुर्वेद चिकित्सा एवं आयुर्वेद चिकित्सको की भूमिका विषय पर ,डॉ नीतिका कोहली निदेशक एमिल हेल्थ केयर न्यू देहली ने विटिलीगो पर, डॉ पंकज प्रदीप तिवाड़ी ने कॉस्मेटिक अग्निकर्म विषय पर एवं डॉ नीता काला ने विद्धकर्म चिकित्सा पर अपना व्याख्यान देकर कर्माभ्यस कराया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में तीन दिन विविध चिकित्सा विषयों पर वैज्ञानिक शोध पत्र प्रजेंटेशन किया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया 555 वा प्रकाश उत्सव



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शुक्रवार को गुरु नानक देव जी का 555 वा प्रकाश उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर लंगर का भी आयोजन किया गया इसमें करीबन 10000 लोगों ने लंगर छका सभी धर्म जाति के लोगों ने एक साथ बैठकर लंगर किया। प्रकाश उत्सव पर स्कीम नंबर दो गुरुद्वारे में बहुत अच्छा धार्मिक माहौल था बच्चों के लिए झूले की व्यवस्था भी की गई थी रागी जत्थे ने अपने कीर्तन से आई हुई संगत को निहाल किया ।अच्छे-अच्छे शब्द कीर्तन गए जिससे आई हुई संगत मंत्र मुग्ध हो गई, ग्रंथि रणजीत सिंह जी ने प्रवचन दिए हरप्रीत सिंह जी हैप्पी जी ने सुंदर-सुंदर शब्द कीर्तन गाकर बहुत अच्छा समा बांध दिया इंद्रजीत सिंह जी ने उनके साथ शब्द कीर्तन गाकर तथा तबला साज बजा कर दिया ।इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह जी लकी वीर जी गुरुद्वारा स्कीम 2 प्रधान जी ने आई हुई संगत को प्रकाश उत्सव का महत्व समझाया, उनके साथ राजू भाई साहब, परमजीत सिंह गोगिया ,जगजीत सिंह , राजेंद्र सिंह और मधुर भाटिया व बाकी सभी सेवादार भी मौजूद रहे।

### खैराबाद में बढ़ता राजस्थान की खबर का असर

# एसडीएम के निर्देश पर सफाई अभियान शुरू जेसीबी मशीन से सफाई कर मिट्टी डाली



महेश कुमार

**रामगंज मंडी( बढ़ता राजस्थान )।** खैराबाद में बढ़ता राजस्थान की खबर का असर देखने को मिला । दिनांक 15 नवम्बर को बढ़ता राजस्थान के जयपुर एडिशन में खैराबाद की खबर को प्रकाशित किया गया था। बढ़ता राजस्थान के पत्रकार महेश कुमार ने खबर को प्रमुखता से उठाया था जिसमे ग्राम पंचायत खैराबाद के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की जानकारी थी वीडियो में कचरे का ढेर पर गायें पॉलिथीन की पन्निया खा रही थी ।आपको जानकारी होगी कि कई जानवरों की पॉलीथिन की पन्निया खाने से भी मौत हो जाती है । खबर प्रकाशित होने के बाद रामगंज मंडी एसडीएम नीता वसिटा ने तुरन्त ही बीडीओ समय मीणा को आदेशित किया और सफाई कराने की बात कही ।


खैराबाद में पॉलिथीन खाकर किस्तों में मौत जमा कर रही गाय
मृत गाय को ट्रैक्टर से घसीटने का भी वीडियो हुआ वायरल

रामगंज मंडी एसडीएम के आदेश पर जेसीबी मशीन से सफाई कर मिट्टी डाली गई। लोगों का कहना है कि रामगंज मंडी एसडीएम द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया गया ।रास्ते में निकलते समय बहुत बदबू आती थी ,अब सफाई हो गई है मगर पंचायत को आगे भी ध्यान देना होगा जिससे कि यहां दोबारा कचरा इकट्ठा ना हो सके । लोगों का ऐसा भी कहना है कि मीट की दुकानों का वेस्ट भी यहां डाल दिया जाता है जिसकी सड़न से बहुत ज्यादा बदबू आती है और राहगीर परेशान होते हैं ।

## आदर्श अग्रवाल सेवा संस्था एवं प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्था का अन्नकूट कल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** आदर्श अग्रवाल सेवा संस्था एवं प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्था द्वारा रविवार को शाम 6 बजे से रीको सामुदायिक भवन इन्द्र विहार पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष हुकम मंगल ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में भगवान बांके बिहारी की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। भगवान को 56 प्रकार की तरकारी तथा 15 प्रकार के फलों से भोग लगेगा। बांके बिहारी की महाआरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं छात्र छात्राओं के द्वारा भी धार्मिक और राष्ट्रीय भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। महेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर आईएएस, आरएएस, मेडिकल में चयनित छात्रों समेत भामाशाह, वरिष्ठजनों तथा मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। ललित चित्तौड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश बिरला, विधायक संदीप शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता समेत विभिन्न जनप्रतिनिधि अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। घनश्याम गोयल ने बताया कि इस दौरान अग्रवाल और वैश्य समाज के 18 घटक उपस्थित रहेंगे। शहर को 26 भागों में बांटकर घर घर पीले चावल से आमंत्रित किया जा रहा है। अन्नकूट के लिए निशुल्क कूपन वितरित किए जा रहे हैं।

## पंजाबी समाज की महिलाओं ने किया दीपदान

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** कार्तिक पूर्णिमा दीपदान पूर्णिमा पर पंजाबी समाज की महिलाओं ने दीपदान किया । कार्यक्रम पंजाबी समाज के अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने बताया कि शुक्रवार कार्तिक पूर्णिमा और दीपदान पूर्णिमा के मौके पर पंजाबी धर्मशाला अयोध्यापुरी मे पंजाबी समाज की महिलाओं द्वारा पत्थरों से मकान बनाकर एवं दीपदान कर लोगों के लिए उनका स्वयं का मकान हो उनकी दुकान हो और सभी के सुहाग की लंबी उम्र हो और स्वस्थ रहें यह कामना की । पूजा का काम पंडिताइन कमला शर्मा ने संपन्न करवाया पहली बार पंजाबी धर्मशाला अयोध्यापुरी में दीपदान कार्यक्रम आयोजित होने पर सभी महिलाओं ने एक दूसरे को खुशी जताई।

## इनरव्हील क्लब कोटा ने राजकीय विद्यालय में वितरित किये स्कूल बैग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामचंद्रपुरा छावनी में शुक्रवार को विद्यालय में जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग और चॉकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चारू जैन ने की और सचिव नीता जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। सदस्य प्रीति गौतम और राजरानी श्रृंगी की उपस्थिति में क्लब की ओर से कुल 70 स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष चारू जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। उन्होंने बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने भी इस पहल के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया।

## रावतभाटा श्री राम मंदिर झालरबावड़ी मे चल रही भागवत कथा का भंडारे के साथ समापन किया गया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** भागवत कथा के अंतिम दिन पंडित राजेंद्र शास्त्री महाराज ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन करवाया, हवन मे मुख्य जजमान भागवत कथा आयोजक मांगीलाल शर्मा और उनकी धर्मपत्नी कमला शर्मा रहे। भागवत कथा के अंतिम दिन भगवान कृष्ण-रुक्मणी और सुदामा की झांकी सजाई गई, भगवान कृष्ण का सुदामा के प्रति प्रेम देखकर माता रुक्मणी अश्चर्यचकित रह गई। कथा के समापन पर भंडारे में सभी भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजन कर्ता मांगीलाल शर्मा, कमला शर्मा, सुरेश व्यास, रामेश्वर जोशी, राधेश्याम टेलर, लक्ष्मीचंद व्यास, सत्यनारायण देराश्री, गौतम समाज नवयुवक मंडल अध?यक्ष सुशील शर्मा, विप्र फाउंडेशन पदाधिकारी के के दुबे, गौतम समाज महासचिव रमेश गौतम, विनोद जोशी हरीशचंद सैनी, गणेश लाल जोशी, कन्हैया लाल जोशी, विष्णु जोशी , गोविंद फोरेस्टर, मांगीलाल शर्मा,उमराव सिंह, गिरीश बाबू, अक्षत गौतम, कन्हैया लाल सोनी, राहुल शर्मा, शिवराज सुथार, माणक चंद सुथार, ग्राम विकास अधिकारी महेश शर्मा, मोहन लाल शर्मा, जगदीश गुप्ता, पुरुषोत्तम शर्मा,राधेश्याम व्यास, विष्णु जोशी,बृजमोहन मिश्रा, दिनेश जोशी रवि सोनी, त्रिलोक व्यास, महेश शर्मा, भक्तगण मौजूद रहे।

# श्री माहेश्वरी समाज का अन्नकूट महोत्सव और भव्य भजन संध्या आज

### अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के उपसभापति पश्चिमांचल राजेश कृष्ण बिरला ने लिया तैयारियों का जायजा, लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला रहेंगे मुख्य अतिथि, श्री माहेश्वरी समाज कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ तथा रावतभाटा के 5000 समाज बंधु होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, ( का.स. )।** श्री माहेश्वरी समाज कोटा से संबद्ध श्री माहेश्वरी पंचायत कोटा के द्वारा अन्नकूट महोत्सव एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन 16 नवंबर शनिवार को सांय 5.15 बजे श्रीनाथपुरम स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में भक्ति सुधा की रसधारा की बीच 5 हजार से अधिक माहेश्वरी बंधुओं की महाप्रसादी आयोजित की जाएगी। पंचायत के मंत्री रामचरण धूत ने बताया कि इस आयोजन में मुख्य अतिथि माननीय अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला होंगे। पांचजन्य अतिथि में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के उपसभापति पश्चिमांचल राजेश कृष्ण बिरला तथा विशिष्ठ अतिथि में कोटा जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार लि. के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला कार्यक्रम की शोभा को बढायेंगे।

**तैयारियों का लिया जायजा** : पंचायत अध्यक्ष कृष्णगोपाल जाखेटिया ने बताया कि शुक्रवार को उपसभापति पश्चिमांचल राजेश कृष्ण बिरला ने तैयारियों का जायजा समाज प्रतिनिधियों के साथ किया ओर कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों को सामाजिक एकता और जुड़ाव का प्रतीक बताया। बिरला ने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों को एक साथ लाकर उनके बीच संबंध मजबूत करते हैं। इस अवसर पर इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के मंत्री बिट्ठल दास मूंदडा,उपाध्यक्ष नंद किशोर काल्या, पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष महेशचंद अजमेरा,समाज कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शारदा, सहमंत्री घनश्याम मूंदड़ा, पंचायत के अध्यक्ष कृष्णगोपाल जाखेटिया, मंत्री रामचरण धूत,कोषाध्यक्ष बृजगोपाल भराडिया,उपाध्यक्ष सत्यनारायण चांडक, मुकेश मर्चुनिया, महेश मून्दड़ा, कोटा जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेशचंद्र काबरा मंत्री ओम प्रकाश गट्टानी सेवा सहित पंचायत के , जिला मंत्री ओम गट्टानी,.ओम प्रकाश झंवर,सत्यनारायण चांडक, दामोदर मुंदड़ा, घनश्याम सोनी सहित कई माहेश्वरीबंधु उपस्थित रहे।

## गुरु नानक साहिब के प्रकाश उत्सव पर बूंदी गुरुद्वारे पर मत्था टेका, लोकसभा स्पीकर के ओएसडी राजीव दत्ता ने



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. )।** बूंदी गुरु नानक साहिब के प्रकाश पर्व पर आज बूंदी में बाईपास स्थित गुरुद्वारे में कीर्तन का आयोजन किया गया ।

इस कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता भी पहुंचे। जहां उन्होंने गुरुद्वारा पहुंचने पर माथा टेका, बूंदी गुरुद्वारा समिति द्वारा राजीव दत्ता का सोल उड़ा कर दुपट्टा पहनाकर सिख समाज के लोगों ने स्वागत किया।

इस के पश्चात लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ओएसडी ने समाज के लोगों से गुरु गोविंद सिंह के बताए मार्ग पर चलने वाला समाज सीख समाज है जो आज भी उनके आदर्शों का प्लान करता है । निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाला सिख समाज की बात कही। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह द्वारा कही गई बातों से हमें सीख लेना चाहिए, प्रकाश उत्सव यूं ही नहीं मनाया जाता, इसमें बहुत कुछ समाहित है, तभी तो गुरु गोविंद सिंह को आज याद किया जाता है। इस अवसर पर वहां चल रहे गुरु गोविंद सिंह जी के प्रवचनों को एसडी राजीव दत्ता ने सुना। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व अध्यक्ष महावीर मोदी, युवा नेता राकेश बॉयत, तुषार पारीक, राजेंद्र दाधीच, भाजपा शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, गुरमीत सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे ।

### जनजाति गौरव दिवस

## जनजाति समुदाय की प्रतिभाओं को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** धरती आबा – जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजाति गौरव दिवस का जिला स्तरीय समारोह कृषि प्रबंधन संस्थान ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के जमुई से वर्चुअल माध्यम से जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित देश भर के लोगो से जुड़े। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी बहुल गांवों में बिरसा मुंडा जनजातीय उपवन बनाएं जाएंगे जहां बड़ी संख्या में पेड-पौधे लगाए जाएंगे। कोटा के सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनजातीय समुदाय के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जनजातीय समुदाय के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।

# प्रधानाचार्य व वरिष्ठ अध्यापक ने दी जान से मारने की धमकी, बानसूर के लाल को जान का खतरा

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर/कोटा( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव बाबरिया निवासी नरेन्द्र कुमार मौर्य को प्रधानाचार्य व वरिष्ठ अध्यापक ने जान से मारने की धमकी दी है।हमारे द्वारा दूरभाष पर संपर्क करने पर नरेन्द्र कुमार मौर्य ने वीडियो जारी कर कहा कि मैं महात्मा गाँधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाड़गांव ब्लॉक सुल्तानपुर जिला कोटा (राजस्थान)में कनिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत हूँ। मुझे मेरी ज्वाइनिंग के दिन से ही प्रताड़ित करना शुरू कर दिया कि मैं अनुसूचित जाती से हूँ, जबकि प्रधानाचार्य सत्यनारायण मीणा भी अनुसूचित जाती से आते हैं। लेकिन उनकी जाती बाहुल्य गाँव के चलते उनकी गाँव में खूब चलती है। वे सिर्फ मेरे से ईर्ष्या इस वज़ह से रखते हैं कि मैं अनुसूचित जाती से हूँ और वे मुझे अछूत समझते हैं।मेरी ज्वाइनिंग भी तभी हो पाई थी जब हमारे क्षेत्र का उस समय इस इलाके में थानेदार था। हमने उनसे प्रार्थना की और बताया कि हम बानसूर क्षेत्र के हैं तो उन्होंने मुझे विद्यालय पहुँचवाकर मेरी ज्वाइनिंग करवाई। मैं काफ़ी समय तक मैस में रोटी खाकर आता था क्योंकि मुझे कोई कमरा देने को ही तैयार नहीं था। पुलिस की सहायता से मुझे किराए पर मकान मिला। मैं गरीब हूँ,जाती से अनुसूचित जाती से आता हूँ।

ये लोग भी अनुसूचित जनजाति से आते हैं, लेकिन इतनी घृणा तो शायद विश्व में कहीं नहीं होती होगी जाती से जो ये लोग करते हैं। जबकि हमारे क्षेत्र में जाती का नाम तो है पर छुआछूत और जाती के नाम पर भेदभाव व छुआछूत नहीं हैं। नरेन्द्र कुमार मौर्य ने वीडियो द्वारा बताया कि तीन दिन पूर्व किसी रजिस्ट्री को लेकर मेरे को गाली गलोच की,तथा मेरे साथ धक्कामुक्की भी हुई और मेरे साथ मारपीट भी की। प्रधानाचार्य महोदय ने मारपीट कर कहा कि मैं तुझे नौकरी करना सीखा दूंगा,तेरा बहुत बड़ा नुकसान कर दूंगा और तेरी नौकरी भी छुड़वा दूंगा।मुझे दबाव में लेकर उन्होंने मुझसे लिखित में मांफी भी मंगवा ली। वहीं रोहित मीणा वरिष्ठ अध्यापक ने भी मुझे खूब पीटा और स्कूल आने पर ज्यान से मारने की धमकी भी दी।रोहित मीणा उसी गाँव का रहने वाला है।पीड़ित ने बताया कि वे जातिवाद से ग्रसित हैं। जबकि मुझे पीटते समय भी मीणा जाती के महापुरुष दीनदयाल मीणा ने ही मेरा बीचबचाव किया। कनिष्ठ लिपिक नरेन्द्र कुमार मौर्य ने वीडियो में बताया कि मेरे को प्रधानाचार्य सत्यनारायण मीणा व अंग्रेजी के वरिष्ठ अध्यापक रोहित मीणा ने धमकी दी है कि यदि स्कूल आया तो तुझे जान से मार देंगे। यदि मेरे साथ ऐसी कोई घटना घटती है तो उसके जिम्मेदार प्रधानाचार्य सत्यनारायण मीणा व अंग्रेजी के वरिष्ठ अध्यापक रोहित मीणा होंगे। वहीं परिजनों ने स्थानीय विधायक,जनप्रतिनिधियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों से दूरभाष पर संपर्क कर बानसूर के बेटे की सुरक्षा की मांग की है।

# कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बूंदी के केशव धाम केशवरायपाटन चर्मण्यवती नदी पर लगाई लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी

### नदी में डुबकी के पश्चात श्रद्धालुओं ने किए भगवान केशव राय के दर्शन

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी( नि.स. )।** केशव धाम अपने आप में हाडोती और राजस्थान में प्रसिद्ध माना जाता है। भगवान केशवराय के चंबल घाट पर चर्मण्य वती नदी पर शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हिंदू रीति रिवाज में परंपरा अनुरोप महिला पुरुष युवा युवतियों ने धार्मिक आस्था की डुबकी लगाई । इस दौरान डुबकी लगाने के पश्चात भगवान केशव राय के मंदिर पहुंचकर श्रद्धा पूर्वक दर्शन किए। इस दौरान पुलिस और प्रशासन की भी सुरक्षा व्यवस्थाएं पुख्ता रही, 400 साल पुरानी परंपरा आज भी यहां पर निभाई जा रही है। कहा जाता है कि इस नदी को गंगा के समान माना जाता है। आज भगवान केशव का प्राकट्य दिवस है ,इस दौरान दान पुण्य करने का भी खासा महत्व माना जाता है। केशोरायपाटन में भगवान केशव राय जी का यह मंदिर 400 साल से भी ज्यादा पुराना है , यहां की कथा वायु पुराण से जुड़ी हुई है । राजा रंतिदेव के द्वारा की गई तपस्या से भगवान केशव यहां प्रकट हुए। उस पश्चात चर्मण्य वती नदी को गंगा के समान माना है। प्रत्येक कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यहां पर हजारों की संख्या में राजस्थान हाड़ोती सहित देशभर के श्रद्धालु आते हैं ।वही कार्तिक माह में पवित्र स्नान किया जाता है ।आज ग्रहण काल चंद्र ग्रहण होने के चलते भगवान केशव का आज और विशेष महत्व बन जाता है। वही कार्तिक पूर्णिमा के 1 दिन पूर्व से कुल 15 दिन तक केशव घाट पर मेले का भी आयोजन किया जाता है, जहां पर कई रंगारंग धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं ।

## विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र एवं मिनी किट

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( नि.स. )।** जनजातीय गौरव दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं मिनी किट का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 15 लाभार्थियों को आवास की चाबियां, 15 स्वीकृति पत्र, मनरेगा की अपना खेत अपना काम योजना के स्वीकृति पत्र, स्वास्थ्य विभाग की ओर से लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग की ओर से कृषकों को तारबंदी के स्वीकृति पत्र एवं मिनी किट (चना 16 किलो) का वितरण मंत्री महोदय सहित अन्य अतिथियों के द्वारा किया गया। जिला परिषद् के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरीश्चंद मीणा ने कहा कि अभियान के तहत जिले के जनजातीय समुदाय के लोगों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्री कुमावत ने जिला परिषद परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# कंचनपुर में प्रशासन की कार्रवाई : तीन पक्षों में समझाइश कर हटाया अतिक्रमण, घर जाने का मिला रास्ता

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी के कंचनपुर थाना क्षेत्र के रानपुर गांव के पास स्थित गैर मुमकिन सरकारी भूमि को प्रशासन ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर अतिक्रमण मुक्त कराया है। उक्त भूमि पर तीन पक्षो का विवाद बना हुआ था। जिसके चलते पीड़ित परिवार अपने घर तक नहीं पहुंच पा रहा था। ऐसे में लगातार शिकायत किए जाने के बाद धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बेटी के निर्देश पर बाड़ी तहसीलदार उत्तम चंद बंसल ने कंचनपुर उप तहसीलदार और पुलिस के सहयोग से उक्त भूमि पर कार्यवाही करते हुए राजस्व विभाग की टीम के साथ तीनों पक्षों के बीच समझाइश के बाद अतिक्रमण मुक्त कराया है। ऐसे मेला पीड़ित परिवार को अपने घर तक जाने का अब रास्ता मिल गया है। बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया- पीड़ित जंडेल सिंह पुत्र श्रीचंद गुर्जर निवासी रानपुर ने पूर्व में उपखंड प्रशासन से शिकायत की थी। जिसमें बताया कि कंचनपुर उप तहसील क्षेत्र में रानपुर गांव के पास गैर मुमकिन सिवायचक भूमि है। जिसका रास्ता उनके घर तक जाता है। उक्त भूमि आरजी खसरा नंबर 6822/535 पर दर्ज है। जिस पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। उक्त शिकायत न केवल उपखंड कार्यालय बल्कि जिला कलेक्टर कार्यालय में भी की गई। ऐसे में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने निर्देश दिए की लंबित पड़े उक्त मामले में कार्रवाई की जाए।



इस पर तहसीलदार बंसल ने उक्त मामले में कंचनपुर उप तहसीलदार बलबीर राणा को निर्देश दिए कि वे राजस्व विभाग की टीम बनाकर मामले की जांच करें और उचित कार्रवाई की जाए। उप तहसीलदार बलबीर राणा की नेतृत्व में राजस्व विभाग के भू अभिलेख निरीक्षक हितेंद्र व्यास, हरविंदर सिंह, हल्का पटवारी महावीर सिंह, मानवेंद्र सिंह, नरेश मीणा, लोकेंद्र सिंह के साथ कंचनपुर एसएचओ शैतान सिंह और पुलिस के जाप्ते ने मौके पर पहुंच पहले भूमि की पैमाइश की। इसके बाद उक्त भूमि पर तीन पक्षो का कब्जा होने के चलते कुछ ग्रामीण लोगों और जनप्रतिनिधियों को मौके पर बुलाया। अलीगढ़ ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच ओमवीर गुर्जर ने उक्त मामले में सहयोग करते हुए तीनों पक्षों के बीच वार्ता की।

**कई घंटे की मशक्कत के बाद वार्ता हुई सफल :** कई घंटे तक तीनों पक्षों के बीच वार्ता के बाद समझाइश की गई और बिना किसी घटना और विरोध प्रदर्शन के उक्त भूमि जो करीब 0.0186 हेक्टेयर है। उसे अतिक्रमण मुक्त कराया है। पीड़ित जंडेल सिंह पुत्र श्रीचंद्र गुर्जर के घर तक 20 फुट का आम रास्ता दिया गया है।

## 6.70 लाख की ठगी का आरोपी होमगार्ड गिरफ्तार, 10 हजार का इनाम था घोषित साइबर पुलिस और डीएसटी ने दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** साइबर पुलिस और डीएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए के इनामी होमगार्ड के जवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी होमगार्ड करोड़ों रुपए की ठगी की वारदातों को अंजाम दे चुका है, जिसने हाल ही धौलपुर जिले में 6.70 लाख रुपए की साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर कार्रवाई को अंजाम देते हुए सीओ सिटी मुनेश मीणा ने बताया कि 28 सितंबर को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वाले एक बुजुर्ग ने ठगी का मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि अमेरिका में रहने वाले उसके दोहिते की आवाज में साइबर ठग ने बुजुर्ग को फोन किया था। ठग ने वीजा एजेंट की मां के बीमार होने और उसकी अस्पताल में मौत हो जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा पैसे नहीं देने पर शव ना देने की बात कही थी। जिसके लिए ठग ने आवाज बदलकर वीजा एजेंट की मदद के लिए बुजुर्ग से 6.70 लाख रुपए की मदद मांगी थी। जिस पर बुजुर्ग ने फोन पर अपना दोहिता समझकर ठग के खाते में 6.70 लाख रुपए डाल दिए। सीओ सिटी ने बताया कि मामले में तत्कालीन समय में पुलिस ने साइबर टीम की मदद से कार्रवाई करते हुए बैंक खाता धारक रामू, अंकित, संतोष और राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया था। जिन्होंने ठगी के मुख्य आरोपी होमगार्ड के जवान देवराज परमार उर्फ देवू (23) पुत्र बलबीर सिंह निवासी महाराणा प्रताप नगर द्वारा वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की, जो घटना के बाद से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर एसपी ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। सीओ सिटी ने बताया कि साइबर ठगी के आरोपी फरार इनामी होमगार्ड के जवान देवराज परमार के पप्पू जाट ढाबे के पास होने की सूचना मिली थी। जिस सूचना पर साइबर टीम और डीएसटी के जवानों की मदद से ठग को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से साइबर ठग को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

## बदमाशों ने युवक पर की फायरिंग, पीड़ित से 10 लाख रुपए की मांग की, सूरत में हुई लूट की सूचना देने के शक पर किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के बसेड़ी थाना क्षेत्र के अतरसुमा गांव में बदमाशों ने लूट की सूचना देने के शक में एक व्यक्ति पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में बाल-बाल बचे पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही बदमाश 10 लाख रुपए की चौथ वसूली की मांग करते हुए फरार हो गए। घटना को लेकर बसेड़ी थाना प्रभारी बृजेश मीणा ने बताया कि पीड़ित महेंद्र सिंह पुत्र श्रीचंद काम के सिलसिले में ज्यादातर सूरत रहता है। उन्होंने बताया कि गांव का रहने वाला बदमाश रामहरि और उसकी गैंग के सदस्यों ने सूरत में लूट की वारदात की थी। बदमाश राम हरि को शक था कि लूट की वारदात को लेकर उसी के गांव के महेंद्र सिंह ने पुलिस से मुखबिरी की है। जिसको लेकर बदमाश राम हरि ने रंजिश रखते हुए नानू जाट और दो साथियों के साथ मिलकर पीड़ित पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस के पहुंचने से पहले बदमाश फरार हो गए। घटना को लेकर पीड़ित महेंद्र सिंह ने शिकायत दी कि बदमाश राम हरि और उसके गैंग के सदस्यों ने चौथ वसूली की मांग करते हुए 10 लाख रुपए मांगे हैं। जिन्हें नहीं देने पर पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। बसेड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## धौलपुर एक महीने पहले गायब हुआ युवक यूपी में मिला

### साइबर टीम ने हाथरस से किया डिटेन, अहमदाबाद से घर आते समय हुआ था लापता

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर की साइबर टीम ने एक महीने पहले अहमदाबाद से ट्रेन में बैठकर धौलपुर आ रहे युवक के गायब होने के मामले में कार्रवाई की है। 3 दिन पहले एसपी को दी गई शिकायत पर साइबर की टीम ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले से युवक को डिटेन किया है। एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि बसेड़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित संतोष गिरी पुत्र हरिकृष्ण निवासी कोटरा ने 3 दिन पहले शिकायत दी थी। जिसमें बताया था कि उसका बेटा भोला (25) एक महीने पहले अहमदाबाद से ट्रेन में बैठकर धौलपुर आ रहा था। जो रास्ते में कहीं गायब हो गया। पिछले एक महीने से परिजन युवक की तलाश कर रहे थे। एसपी ने बताया कि मामला उनके क्षेत्राधिकार में नहीं होने के बाद भी साइबर टीम को एक्टिव किया गया। साइबर टीम के हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र कुमार और कॉन्स्टेबल नीलेंद्र सिंह ने 3 दिन की मेहनत के बाद युवक को मुरासन जिला हाथरस उत्तर प्रदेश से डिटेन कर लिया है। एसपी ने बताया कि परिजनों ने घटना के एक महीने बाद तीन दिन पहले ही शिकायत दी थी। जिस पर साइबर की टीम ने डिटेन किए गए युवक को परिजनों को सौंप दिया है।

## देव दिवाली पर शहर में हनुमान मंदिरों पर हुआ अन्नकूट का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शुक्रवार को कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर देव दिवाली मनाई गई। इस दौरान मंदिरों पर जहां भगवान के विशेष श्रृंगार के साथ दीपकों की विशेष रोशनी की गई। वहीं शहर के हनुमान मंदिरों पर अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। शहर के धौलपुर रोड पर बिजौली हनुमान मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव का मंदिर के श्रद्धालुओं और समिति के पदाधिकारी द्वारा आयोजन किया। जिसमें अन्नकूट की प्रसादी आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगो द्वारा बांटी गई। इस दौरान हाईवे पर वाहनों को रोक कर भी रास्ता गुजर रहे यात्रियों को अन्नकूट की प्रसादी बांटी गई। वहीं शहर के माली वाले हनुमान मंदिर पर भी अन्नकूट का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने अन्नकूट की प्रसादी पाई। बिजौली हनुमान मंदिर के महंत अशोक दास महाराज ने बताया कि हर वर्ष बिजौली हनुमान मंदिर पर भक्तों के सहयोग से अन्नकूट का महोत्सव मनाया जाता है। जिसमें कढ़ी,चावल,बाजारा और सतकूट की सब्जी बनाने के बाद भगवान को प्रसादी के रूप में लगाई जाती है। इसके बाद श्रद्धालुओं को वितरण किया जाता है। इस आयोजन में मंदिर से जुड़े श्रद्धालु और आसपास के ग्रामीण लोग सहयोग करते हैं।

वहीं शहर की संत नगर रोड स्थित आस्था के केंद्र माली वाले हनुमान मंदिर पर भी अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की और अन्नकूट की प्रसादी पाई।

**देव दिवाली पर हुए विशेष आयोजन :** कार्तिक पूर्णिमा पर देव दिवाली मनाई जा रही है। इस अवसर पर शुक्रवार को शहर के विभिन्न मंदिरों पर विशेष आयोजन हुए। मंदिरों पर भगवान को विशेष श्रृंगार किया गया है। वहीं शाम के वक्त अंधेरा होते ही दीपकों की रोशनी की गई। इस अवसर पर शहर के तुलसी वन रोड स्थित बम-बम बाबा आश्रम पर विशेष आयोजन होगा और दीपकों की रोशनी की गई।

## सरस में अखिल भारतीय सहकार सप्ताह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )** । वर्ष 2024 में माह नवंबर मे अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सहकारी सप्ताह का मूल उद्देश्य विकसित भारत के निर्माण में सहकारितायों संस्थाओं की भूमिका रखा गया है। इसी क्रम में आज चित्तौड़गढ़ प्रतापगढ़ दूध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड में सहकारी संगठनों में नवाचार तकनीकी और कुशल शासक के विषय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में चित्तौड़गढ़ संघ के प्रबंध संचालक बिमल कुमार पाठक ने सहकारी संगठनों में नवाचार तकनीकी और कुशल शासक पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विपणन प्रभारी यू सी व्यास पी एंड आई प्रभारी जमनालाल जाट दिनेश काकड़ा सीताराम जाट एवं सभी पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शहर के कांसोटी खेड़ा रोड़ पर खेतो में दिखा जंगली जानवर

### भयभीत किसान कह रहे टाइगर या पेंथर होने की बात, पगमार्क के आधार पर जरख

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के कांसोटी खेड़ा रोड पर खेतों में एक जंगली जानवर के दिखने से किसानों में भय का माहौल देखा जा रहा है। जिन किसानों ने खेतों में घूमते हुए उक्त जंगली जानवर को देखा है वे उसे टाइगर या पैंथर बता रहे हैं। पूरे मामले को लेकर किसानों का कहना है कि देर रात को यह जंगली जानवर खेतों में पिछले 10 दिन से देखा जा रहा है। शुक्रवार की सुबह चार से पांच बजे के बीच उसने खेतो के पास घूम रहे एक गाय के बछड़े का किल भी किया है। मामले को लेकर मौके पर मिले पैग मार्क के आधार पर वन विभाग मामले की जांच में जुटा है।

कांसौटी खेड़ा रोड निवासी युवा किसान सोहेल ने बताया कि वह खेतों पर रखवाली करने के लिए अपने ताऊजी के साथ जाता है। देर रात को उसने खेतों से गुजरते हुए जंगली जानवर को देखा है। जिसके शरीर पर ब्लैक स्पॉट है। उसकी पूछ लंबी है। ऐसे में वह टाइगर या पैंथर हो सकता है। वहीं दूसरी ओर पास के खेत के किसान सुरजीत ने बताया कि अक्सर यह जानवर खेतों में रात्रि के समय देखा जा रहा है। पिछले 10 दिन से इसकी मूवमेंट इस एरिया में बनी हुई है। जिससे किसान भयभीत है और रात में फसल की रखवाली के लिए अपने खेतों में नहीं जा पा रहे हैं। यहां तक की दिन में भी अपने पशुओं के लिए खेतों से चारा लाने में घबरा रहे हैं।पूरे मामले को लेकर वन विभाग को पीड़ित किसानों द्वारा सूचना दी गई है। मामले को लेकर बाड़ी वन विभाग के रेंजर नकुल शर्मा और उनकी टीम जांच में जुटी है।

**खेतो में मिले पगमार्क जरख की जाएगी पेट्रोलिंग**

बाड़ी फॉरेस्ट विभाग के रेंजर नकुल शर्मा ने बताया कि किसानों ने जो फोटो उपलब्ध कराए हैं और खेतों में जो पगमार्क मिले हैं वह हाइला यानि जरख के हैं। इसमें पैंथर या टाइगर का कोई पगमार्क नहीं है। फिर भी किसानों ने जो सूचना दी है। उसके आधार पर वनकर्मियों की टीम मामले की जांच कर रही है। रात्रि में भी उक्त एरिया में गश्त की जाएगी।

## शुरू होने से पहले विवादों में शरद महोत्सव

### फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों ने किया प्रदर्शन, ठेकेदार पर दोगुना रुपए वसूलने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में आयोजित होने वाला शरद महोत्सव के रंग हर बार की तरह इस बार भी फीके पड़ने लगे हैं। ठेके पर शरद महोत्सव को दिए जाने के बाद से ही मेला ग्राउंड पर विवाद शुरू हो गए है। गुरुवार रात को फुटपाथ पर अस्थाई दुकान लगाकर बैठे दुकानदारों की दुकानों पर नगर परिषद ने बुलडोजर चला दिया। जिसको लेकर अस्थाई दुकानदारों ने हंगामा खड़ा कर दिया। अस्थाई दुकानदारों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि धौलपुर का शरद महोत्सव महाराज के समय से लगता आ रहा है। हर बार उनकी शरद महोत्सव से होने वाली आय से परिवार की गुजर बसर चलती है। दुकानदारों ने बताया कि नगर परिषद ने इस बार मेले को ठेके पर दिया है। ठेकेदार द्वारा शरद महोत्सव को पिछली बार की अपेक्षा इस बार दोगने पैसे देकर लिया है। जिस वजह से ठेकेदार नगर परिषद के साथ मिलकर उनकी अस्थाई दुकानों को बुलडोजर के जरिए हटवा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि हर बार नगर परिषद एक स्थाई शुल्क लेकर उनकी दुकानों को फुटपाथ पर लगाने की परमिशन देता है, लेकिन इस बार ठेके पर मेला दिए जाने के बाद ठेकेदार उनसे कई गुना अधिक दाम वसूल रहा है। जिसे ना देने पर नगर परिषद की मदद से उनकीदुकानों को बुलडोजर से हटवाया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि मेले में आने वाले ग्राहक महंगे के साथ सस्ता सामान खरीदने के लिए उनके पास आते हैं। जिससे चार पैसे मिलने के बाद उनके परिवार का गुजर बसर होता है। दुकानदारों ने मामले में प्रशासन से हस्तक्षेप कर उन्हें निश्चित दरों पर दुकान लगाने की अनुमति देने की मांग की है।




## धौलपुर सफाई कर्मचारियों ने आयुक्त का किया घेराव : अनुभव प्रमाण पत्र बनाने के लिए 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम, कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद पर प्रदर्शन किया। आयुक्त का घेराव करते हुए सफाई कर्मचारियों ने सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती के लिए 24 घंटे में अनुभव प्रमाण पत्र बनाने का अल्टीमेटम दिया है। 24 घंटे में मांग पूरी नहीं होने पर सफाई कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोहन थनवार ने बताया कि सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती के लिए 7 अक्टूबर से 6 नवंबर तक आवेदन भरने की तिथि रखी गई थी।

अनुभव प्रमाण पत्र नहीं बनने की वजह से आवेदन करने की तिथि को 20 नवंबर तक बढ़ा दिया गया।

जिसके बाद भी अभी तक नगर परिषद की ओर से सफाई कर्मियों के अनुभव प्रमाण पत्र नहीं बनाए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि नगर परिषद के अधिकारियों की मिलीभगत से अनुभव प्रमाण पत्र बनाने में लापरवाही बरती जा रही है। जिससे सफाई कर्मचारियों में आक्रोश है।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अनुभव प्रमाण पत्र नहीं बनने पर सफाई कर्मचारी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। जिसको लेकर नगर परिषद को 24 घंटे का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगर 24 घंटे में नगर परिषद के अधिकारी अनुभव प्रमाण पत्र नहीं बनाते हैं, तो सफाई कर्मचारी सफाई कार्य का बहिष्कार करेंगे।

# एबेनेज़र मिशन स्कूल में लगाया गया बाल मेला





बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** एबेनेज़र मिशन स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य बाल मेले व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों ने विभिन्न स्टॉल लगाए और अपनी कला तथा रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था, ताकि वे अपनी कल्पनाशीलता और कौशल को उजागर कर सकें। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं नोडलअधिकारी हरिओम सिकरवार एवम एबेनेज़र स्कूल चेयरमैन सुनील गर्ग ने फीता काटकर मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद चाचा नेहरू के चित्र पर समस्त स्टाफ द्वारा पुष्प अर्पित किए गए। मेले में खाने-पीने की चीजों से लेकर मनोरंजन और खेल-कूद के विभिन्न स्टॉल शामिल थे। बच्चों ने अपने द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार की स्टाल जैसे चना मोठ, चाट पापड़ी, पानी पुरी ,भेलपुरी, ढोकला, दही बड़ा, चना जोर गरम, जलजीरा , फ्रूट चाट, चाय, कोल्ड ड्रिंक, मंगोड़ा, रसगुल्ला ,ब्रेड पकोड़ा, ब्रेड बटाटा, इडली सांभर ,फ्रेंच फ्राई समोसा, कुरकुरे चाट, आलू चाट,इडली फ्राई, इत्यादि लगाए, जिसे खा कर आगंतुक अभिभूत हो गए। स्कूल चैयरमेन सुनील गर्ग ने बच्चों के उत्साह और उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने बच्चों को इस आयोजन के लिए प्रेरित किया। स्कूल डायरेक्टर राकेश गर्ग व अजय गर्ग द्वारा सबसे स्वच्छ स्टॉल ,सबसे स्वादिष्ट स्टाल, सबसे सुंदर स्टॉल ,को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एबेनेज़र स्कूल का समस्त स्टाफ सुनीता यादव, पुनीत बंसल, शिवानी यादव, भूपेंद्र, छगन गर्ग, मनोज शर्मा,मानसिंह , रक्षा शर्मा, पंकज गर्ग, सोनाली गर्ग, अपर्णा, अंजलि, रुचि,हेमलता, संगीता , डोली सेंन, इशिता गर्ग,नेहा, योगेश, करिश्मा ,आदि उपस्थित रहा।

## धौलपुर गुरु नानक जयंती पर निकाली गई प्रभात फेरी

### गुरुद्वारों में कीर्तन के साथ गुरु वाणी का पाठ, लंगरों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में शुक्रवार को गुरु नानक देव जी की 555वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिले के सभी गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिन्होंने सच्ची श्रद्धा के साथ इस पवित्र पर्व को मनाया। इस अवसर पर सुबह से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कीर्तन, गुरुबानी पाठ और लंगर का आयोजन प्रमुख रहा। सुबह-सुबह गुरुद्वारों से 'प्रभात फेरी' निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सिर पर केसरिया पगड़ी, हाथों में निशान साहिब और गले में श्वेत वस्त्र धारण किए हुए श्रद्धालु पूरे जोश और भक्ति के साथ 'वाहेगुरु' और 'सतनाम' के जयकारे लगाते हुए चलते गए। प्रभात फेरी के दौरान पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया, जिसके बाद गुरुद्वारों के भीतर विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया। जहां रागियों ने गुरुवाणी का पाठ किया। इस दौरान भक्तों ने सामूहिक रूप से शबद-कीर्तन गाते हुए गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का स्मरण किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि इस अवसर पर शहर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरुद्वारा नानकसर और गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। सभी गुरुद्वारों को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों, और सजावटी झूमरों से सजाया गया था। धार्मिक कार्यक्रमों के बाद गुरुद्वारों में लंगर का आयोजन किया गया। गुरुद्वारों में शबद-कीर्तन के साथ-साथ गुरुवाणी के प्रवचन सुनाए गए।

जिसमें गुरु नानक देव जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि गुरु नानक देव जी ने नाम जपो, किरत करो और वंड छको का संदेश दिया।

# गौ मुख से निकलनी वाली पवित्र जलधारा से आस्था के कुण्ड में हजारो श्रृध्दालुओ ने लगाई डुबकी, भारी तादाद मे पहुंचे श्रृध्दालु

## कार्तिक पूर्णिमा पर नागदा में श्रद्धालुओं ने किया स्नानः प्राचीन शिव मंदिर के किये दर्शन, तीन दिवसीय मेले का भी हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान





**अंता ( शफीक मंसूरी )।** शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर नागदा के पवित्र कुंडों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। अल सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुंडों में स्नान करने पहुंचे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने नागदा के प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन किए और उनकी पूजा-अर्चना की । आपको बता दे अन्ता के नजदीक नागदा हाड़ोती अंचल का कार्तिक मेले का भव्य आयोजन होता है। हाड़ौती अंचल में विविध प्रसंगो में बारां जिले मे नागदा महत्वपूर्ण स्थान रखता है परवन नदी एंव कालीसिंध नदी के संगम के नजदीक तट पर गौ मुख से निकलनी वाली पवित्र जलधारा के कुंड मे हजारो श्रृद्धालुओ की आस्था की डुबकी राजस्थान के विभिन्न धर्मिक स्थलो की तरह हाड़ोती अंचल मे कार्तिक माह मे सुबह जल्दी ही स्नान करने की प्रथा प्रचलित है पौ फटने से पहले हाडोती अंचल से श्रद्धालु कार्तिक स्नान के लिए नागदा में कार्तिक पूर्णिमा के पवित्रा स्नान के लिए दूर-दराज से लोग बड़ी तादाद में पहुंचते हैं। यहां लगभग सभी पूर्णिमा के एक दिन पहले पहुंच जाते हैं ताकि पूर्णिमा के दिन प्रातः वहां ही स्नान किया जाये। साथ ही जल्दी ही भगवान के दर्शन किये जा सकें और भीड़ से बचा जा सके। आसपास से आने वाले ग्रामीणजन यहां भोजन बनाते हैं, ब्राह्मणों को भोजन करवाकर दान-दक्षिण देते हैं। नागदा का प्राचीन शिव मंदिर क्षेत्र में अत्यधिक धार्मिक महत्व रखता है। इस मंदिर में शिवलिंग से होकर गुप्त जलधारा गुजरती है, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के इस पवित्र दिन, भगवान शिव की पूजा और कुंडों में स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन स्नान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। साथ ही, कुंडों में स्नान करने से कई रोगों से भी मुक्ति मिलने की मान्यता है। हालांकि, गुप्त जलधारा के स्त्रोत का अब तक प्रमाणिक विवरण उपलब्ध नहीं है।

**श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था :** नागेश्वर महादेव धाम विकास समिति के अध्यक्ष प्रताप सिंह नागदा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी रखी। सुरक्षा कारणों और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मुख्य कुंड को लोहे की जालियों से बंद कर दिया गया। यह कुंड छोटा होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना अधिक थी। इसके स्थान पर श्रद्धालुओं को बड़े कुंडों में स्नान करवाया गया।

### प्रयागराज कुंभ 2025 के लिए किराना व्यापार संघ की अनूठी पहल

# 101 थालियां और थैले भेट किये



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा प्रत्येक 12 वर्ष में होने वाले पूर्ण कुंभ को पर्यावरण युक्त बनाने के लिए डिस्पोजल मुक्त बनाने के लिए देश भर में एक थैला और एक थाली अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत चित्तौड़गढ़ के किराना व्यापार संघ ने पर्यावरण गतिविधि की प्रेरणा से पर्यावरण कुंभ को हरित बनाने के लिए संकल्प लिया और वहां जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 101 थैले और थालियां पर्यावरण गतिविधि के कार्यकर्ताओं को भेंट की। यह जानकारी देते हुए किराना व्यापार संघ के सचिव राजकुमार बच एवं बसंत गोयल ने बताया कि पूर्ण कुंभ प्रयागराज 2025 पर्यावरण युक्त तथा प्लास्टिक मुक्त हो इसके लिए व्यापार संघ ने पर्यावरण गतिविधि की प्रेरणा से 101 थालियां का संग्रह कर कर भेट की ताकि वहां डिस्पोजल का कचरा और प्लास्टिक नहीं हो। इस अवसर पर व्यापारियों एवं आम जनता को संदेश देते हुए किराना व्यापार संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश लड्ढा ने समाज तथा व्यापारियों से अपील की कि जब भी कुंभ में जाए वाहन प्रदूषण न फैलाएं तथा अपना थाली और थैला साथ लेकर जाए। इस अवसर पर व्यापारियों ने पर्यावरण गतिविधि के धर्मपाल गोयल सतीश सोनी जितेंद्र कुमार त्रिपाठी कृष्ण गोपाल दाधीच जगदीश चंद्र वैष्णव आदि को थालिया भेट की। इस अवसर पर व्यापार संघ के अनिल मूंदड़ा राजकुमार बच विकास तनेजा विजय मालू हरीश लड्डा शिवनारायण लड्डा गोविंद सोनी मेघराज व्यास उपस्थित रहे।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्त्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम

# भगवान बिरसा मुंडा ने जनजाति गौरव के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया : सांसद जोशी

बढ़ता राजस्थान






**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** जनजाति गौरव दिवस पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्त्कर्ष अभियान के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन इन्दिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया गया।

कार्यक्रम में सांसद सी.पी. जोशी ने कहा कि आज का दिन भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती गौरव दिवस के रूप में पूरा देश मना रहा है। भगवान बिरसा मुंडा ने जनजाति गौरव के लिए, अस्मिता के लिए, हमारी संस्कृति और राज्य के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया और हमारी मातृभूमि के लिए उनका जीवन एक समर्पण वाला जीवन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लाखों की संख्या में प्रधानमंत्री आवास, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, मुफ्त में बिजली जैसी अनेक योजनाओं से लोग लाभान्वित हुए है। जिस प्रकार से केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय, मॉडल स्कूल, आवासीय विद्यालय जैसे एकलव्य मॉडल स्कूल इस देश के जनजातीय क्षेत्र में दिए ताकि बच्चों को ठीक से शिक्षा मिल सके। इस अवसर पर जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली ने भी अपना संबोधन दिया। कार्यक्रम में शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने पर मीरा नगर चित्तौड़गढ़ के शिवलाल मृदुल का, अनुसूचित जनजाति बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने वाले मनोज मीणा राशमी तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भाग लेने पर शंकर लाल भील भीलों का मोहल्ला लांबिया गंगरार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में निंबाहेड़ा पंचायत समिति क्षेत्र के स्वामित्व योजना में एस ओ आई से प्राप्त मेप 2 के अनुसार दो दो पट्टे जलिया, जावदा एवं बड़ोलीघाटा के छ व्यक्तियों को पट्टा वितरण किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 2 करोड़ 85 लाख के चेक प्रदान किए गए । इस अवसर पर विभिन्न छात्रावासों के छात्र छात्राओं ने आदिवासी संस्कृति से संबंधित प्रस्तुतियां दी। बड़ीसादड़ी के मुंजवा, बेगू के काटूंदा, निंबाहेड़ा क्षेत्र के आदिवासियों ने नाटक के माध्यम से जागरूकता का सन्देश दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग, राजीविका, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं चिकित्सा विभाग के द्वारा शुगर और बीपी की जांच भी की गई। कार्यक्रम में सीईओ जिला परिषद विनय पाठक ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर आलोक रंजन, जिला प्रमुख भुपेन्द्र सिंह बड़ोली, प्रधान चित्तौड़गढ़, बेगूं, निंबाहेड़ा एवं राशमी, अति मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल सीपा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, सीएमएचओ डॉ ताराचंद गुप्ता, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार जागा, आईसीडीएस के नन्दलाल मेघवाल, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी आदिवासी ग्रामीण,स्काउट गाइड आदि उपस्थित रहे।

### 71वे सहकारिता सप्ताह के शुभारंभ के मौके पर अर्बन बैंक में विश्व विख्यात योग गुरु का अभिनंदन

# सहकारिता का भाव विकसित राष्ट्र की दिशा में हो : वजीरानी



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** आज हर व्यक्ति बाहर से युवा दिखना चाहता है लेकिन हमें भीतर से भी जवान होना पड़ेगा। आऊट लुक से कही ज्यादा जरूरी भीतर के सिस्टम को जवान रखना है। सिर्फ पन्द्रह मिनिट के योगाभ्यास से हम अपने आंतरिक सिस्टम को मजबूत बना सकते है। यह विचार योग गुरू लाल बिहारी सिंह ने गुरूवार दोपहर को 71वे सहकारिता सप्ताह के शुभारंभ के मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किये। योग गुरू ने इस मौके पर कहा कि हमें हर हाल में मुस्कुराने की आदत डालनी चाहिए। जीवन में हर क्षण को आनंद में जीना चाहिए। मुस्कुराना हमारी आध्यात्मिक पूंजी है और इस योग से कई तरह की बीमारियां स्वतः ही ठीक हो जाती है। उन्होने कहा कि पेट सम्बन्धि परेशानियों से अधिकतर बीमारियां होती है और बीमारियां हमारे जीवन का आनंद खत्म कर सकती है। हार्मोनल डिसआर्डर न होने दे तथा उसे बैलेन्स बनाये रखे। उन्होने शरीर के संदर्भ में गायत्री मंत्र की उपयोगिता को भी व्यक्त किया। पारंपरिक भारतीय ''पंचकोष विकास'' सिद्धांत में बच्चों के शारीरिक, प्राणमय, मानसिक, बौद्धिक और चेतना संबंधी विकास पर जोर दिया गया है। पंचकोश योग विद्या नितांत ही सरल व सहज है और इसे कोई भी व्यक्ति अपने दैनंदिनी के साथ जीवन में सम्मिलित कर सकता है।

स्वागत उद्बोधन देते हुए अरबन को ऑपरेटिक बैंक के एमडी वंदना वजीरानी ने कहा कि सहकारिता होनी चाहिए लेकिन वह सकारात्मक दिशा में एवं विकसित भारत के दृश्टिकोण में होनी चाहिए। सैनिक एवं देशभक्ति के लिए कार्य करने वाले जब एक दूसरे से हाथ मिलाकर आगे बढ़ेंगे तो वह सहकारिता हमारे देश के लिए हितकारी होगी। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए अरबन बैंक के पूर्व चैयरमेन विमला सेठिया ने सहकारिता के साथ योग पर भी प्रकाश डाला।

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन की मासिक बैठक का आयोजन

# अध्यक्ष व्यास ने आगामी महिला शिक्षक सम्मेलन में भाग लेने का आह्वान किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन की मासिक बैठक का शुक्रवार को नगर के राजमार्ग स्थित माताजी मंदिर परिसर में आयोजन किया गया। उपशाखा मंत्री शांतिलाल शर्मा ने बताया कि माताजी मंदिर परिसर में शिक्षक संघ उपशाखा कपासन अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पूरणमल लौहार का उपसभाध्यक्ष सैयद मुकरर्म अली,मुकेशचंद्र त्रिपाठी एवं इक़बाल हुसैन द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान उपशाखा कपासन अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास द्वारा 17 नवंबर निम्बाहेड़ा में आयोजित होने वाले महिला शिक्षक सम्मेलन में अधिकाधिक शिक्षिकाओं को भाग लेने के लिए प्रेरित करने तथा सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की गयी ।साथ ही बैठक में स्थानांतरण,पदोन्नति,गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति सहित विभिन्न समस्याओ पर विस्तृत चर्चा की गयी ।इस दौरान जिलाध्यक्ष पूरणमल लौहार ने आश्वासन दिया की समस्याओं के निराकरण का प्रयास पुरजोरता से किया जायेगा। साथ ही संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी से अवगत कराया ।इस बैठक में राकेश व्यास,इंद्रमल वैष्णव,सुरेशचंद्र लौहार,मनमोहन आचार्य,गोपाल छिपा,शंकरलाल सेन, अमराराम,पारसमल तातेड़, रमेश बाकोलिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल मेले में नन्हे विद्यार्थियो ने विभिन्न फूड स्टॉल गेम एवं हॉरर जॉन प्रस्तुत किये



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर में श्री जी कृपा फाउंडेशन द्वारा संचालित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस रूप में मनाया गया। जिसमे विद्यालयी विद्यार्थियो हेतु हर्षोल्लासपूर्वक बाल मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका कौशल्या झाला ने बताया कि बाल दिवस पर आयोजित बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न फूड स्टॉल,गेम एवं हॉरर जॉन प्रस्तुत किये। इस दौरान नन्हे विद्यार्थियो ने स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित आकर्षक वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अरुणा टेलर, प्रकाश चंद्र पंवार,अंशु सिरोया,कविता सिरोया, खुशबू, विनीता, पूजा, रेखा,अपर्णा,कौशल्या दाधीच, आशा,किरण आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य वैद्य महेंद्रमोहन दाधीच,पुष्पा वैष्णव आदि गणमान्यजनों द्वारा बाल मेले का अवलोकन कर सफल आयोजन हेतु बधाई दी गयी।

# पेंशनर समाज कपासन ने दिसंबर अंतिम सप्ताह में वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि .स.)।** क्षेत्रीय पेंशनर समाज की बैठक का शुक्रवार को स्थानीय पेंशनर समाज के भवन में आयोजन किया गया। जिसमे पेंशनर समाज द्वारा सर्वसम्मति से विभिन्न निर्णय लिए गये। पेंशनर समाज कपासन के प्रवक्ता कमल कुमार दाधीच ने बताया कि नगर के राजमार्ग स्थित पेंशनर समाज भवन में स्थानीय कार्यकारिणी की बैठक का रामनारायण शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजन किया गया ।जिसमे उपस्थित पेंशनर समाज के सदस्यों द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रृद्धांजलि अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। इस बैठक में पेंशनर के जीवित प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु संपर्क अभियान संचालित करने में सहयोग का संकल्प तथा बकाया मेडिकल बिलों के भुगतान हेतु राज्य सरकार से बजट आवंटन हेतु पत्र लिखा गया ।साथ ही बैठक में पेंशनर समाज का वार्षिक सम्मेलन माह दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया ।इस अवसर पर सोहनलाल उपाध्याय,रामचंद्र गौड,खेमशंकर नंदवाना,भगवानलाल जोशी,शिवशंकर उपाध्याय,सरस्वती बारेगामा,भेरूशंकर उपाध्याय,मुरलीमनोहर जोशी,सुंदरदास साधु, प्रभुलाल टेलर,मदनलाल चाष्टा,भेरूलाल तेली, रतनलाल चाष्टा,भँवरलाल शर्मा,बादशाह सिंह, राधेश्याम व्यास,श्यामलाल बैरागी,मदनलाल पायक, ओमप्रकाश जायसवाल, भँवरलाल नायक, हरकलाल लड्ढा सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे ।उक्त बैठक का संचालन सचिव नंदलाल बोहरा द्वारा किया गया।

# देव दीपावली पर खेड़ापति हनुमान मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला मै देव दीपावली व कार्तिक पूर्णिमा पर वरजांगी खेड़ा पति हनुमान मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव का हुवा आयोजन ।इस अवसर पर हनुमान जी महाराज को 56 भोग लगाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक कटारिया ने जानकारी देते हुवे बताया कि खेड़ापति हनुमान मंदिर पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कस्बे के सभी नागरिको के सहयोग से कार्तिक पूर्णिमा पर विशाल भंडारे का आयोजन नगर वासियो व आसपास के गांवों के ग्रामीणों के लिए किया गया है यह स्थान अति प्राचीन है इसके जीर्णोद्वार के लिए नागरिको ने तन मन धन से सहयोग देकर इसे भव्यता प्रदान की है यहाँ पर हर वर्ष अन्नकूट महोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमे सेकड़ो की तादाद में श्रद्धालु एकत्रित होकर भंडारे में प्रसादी ग्रहण करते है ।

# कपासन विधायक के जन्मदिवस पर विभिन्न उपकरणों का दिव्यागजनों में वितरण होगा

बढ़ता राजस्थान




**कपासन( नि.स. )।** क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के जन्मदिवस की तैयारी को लेकर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया ।उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर का 1 दिसं. को जन्मदिवस का विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम कपासन में आयोजित होगा ।जिसमे दिव्यांगजनों में विभिन्न उपकरणों का वितरण किया जायेगा।

साथ ही तैयारी बैठक में उपस्थित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,महामंत्री सोहन खटीक,नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा आदि भाजपा पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को लेकर सुझाव दिए गये। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली,रामगोपाल ओझा बस्सी,रोलिया सरपंच रतन नाथ,प्रकाश जाट,कैलाश चंद्र अहीर,शंभूलाल बागड़ा,गौरव दाधीच,भंवरलाल खटीक आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आकांक्षी जिलों में सहकारी समितियों की मजबूती से होगा तेजी से विकास : गुप्ता

## सम्मेलन में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी थे मौजूद

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )** । अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अवसर पर जयपुर में आयोजित हुये दो दिवसीय आकांक्षात्मक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें राजस्थान से समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने शिरकत कर आंकाक्षी जिलों के विकास में सहकारी समितियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए इन्हें सभी विकास कार्यकमों में सहभागी बनाने पर जोर दिया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी उपस्थित थे जबकि अध्यक्षता केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री राम नाथ ठाकुर ने की। विशिष्ठ अतिथि के रुप राज्य के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार मौजूद रहे। सम्मेलन में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रमों के संचालन के अनुभवों के आधार पर बताया कि जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रमों में विभागों का आपसी समन्वय नहीं रहता और विभागीय अधिकारी भी इन कार्यक्रमों में अधिक रुचि नही लेते जिससे आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रमों के अभिष्ट परिणाम प्राप्त नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कृषि, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य जैसे कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहकारी समितियां गठित कर इन्हें समाहित किया जाये तो इसके आधिक आकर्षक परिणाम प्राप्त हो सकते है। उन्होंने बताया विशेष रूप से कृषि, सिंचाई, वानिकी जैसे कार्यक्रमों को सहकारी संस्थाओं को सुपुर्द करना बेहतर साबित होगा क्योंकि ये संस्थाएं कार्यक्रमों के संचालन व क्रियान्विति अधिक अच्छे ढंग से सम्पादित करेंगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक समृद्धि के लिए मधुमक्खी पालन, मछली पालन, महिलाओं के लिए तुलसी माला निर्माण, गारमेंट मेकिंग जैसे कार्य शुरू कराने का सुझाव देते हुए बताया कि भरतपुर जिले में ये कार्य सफलतापूर्वक संचालित हो रहे है ! उन्होंने पांचना बांध का गंभीर नदी के रास्ते बेकार बहकर जाने वाला पानी के सदुपयोग के लिए इसे बाणगंगा नदी में डालने का सुझाव भी दिया । गुप्ता ने कहा कि सरकारी संस्थाओं का विकास कार्यक्रमों में समावेश का प्रयोग धौलपुर आकांक्षी जिला कार्यक्रम में सफल रहा। ऐसा ही प्रयोग देश के अन्य राज्यों में किया जाना चाहिए। गुप्ता ने कहा कि आकांक्षी जिला एवं आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम ग्रामीणों की भागीदारी के आधार पर गांवों में आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराकर ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाना रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सभी विभागो को निर्देश दिये जायें कि वे इसमें अपनी सक्रिय भूमिका निभाये। इस सम्मेलन में विश्व सहयोग आर्थिक मंच के अध्यक्ष दिलीप संघानी व इफको और एसीयुई के प्रतिनिधि तथा राज्य के कृषि विपणन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी, डॉ राजवीर शर्मा, विनोद आनंद, डॉ डी.पी. सिंह व डॉ आमित वर्मा आदि उपस्थित थे।



# मांडावाड़ा टोल पर कर्मचारी की मौत होने पर हंगामा

## 4 लाख रुपए, नौकरी देने की बात पर बनी सहमति, परिजनों ने उठाया शव

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )**। केलवा थाना क्षेत्र के मांडावाड़ा टोल पर गुरुवार रात को काम करने वाले कर्मचारी को हार्ट अटैक से मौत हो गई जिस पर परिजनों ओर ग्रामीणों ने शव को रख कर प्रदर्शन किया गया। एएसआई कमलेंद्र सिंह ने बताया कि मांडावाड़ा निवासी मृतक राय सिंह (40) पुत्र सोहन सिंह जो मांडावाड़ा टोल पर काम करता था।

जो गुरुवार रात को तबियत खराब होते ही मौके पर ही मौत हो गई थी। जिसकी सूचना ग्रामीणों को मिलने पर मौके पर पहुंचा जहां पर परिजनों ने टोल प्लाजा प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय पर मृतक को उपचार मिल जाता तो मौत नहीं होती और टोल पर एंबुलेंस ओर मेडिकल की सुविधा समय पर उपलब्ध नहीं होने के चलते ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त था। वही ग्रामीणों ने मृतक का शव टोल प्लाजा पर रख कर मुआवजे की मांग पर अड गए। जैसे जैसे लोगों को सूचना मिली तो सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दूसरी तरफ प्रसाशन को सूचना मिलने पर मौके पर राजसमंद तहसीलदार विजय कुमार रैगर और कुंभलगढ़ डिप्टी ज्ञानेंद सिंह, केलवा, गोमती, आमेट थाने के साथ ही पुलिस लाइन से जाप्ता मौके पर बुलाया गया। वही शुक्रवार को सुबह 10 बजे तक मुआवजे की बात पर सहमति नहीं बनने पर ग्रामीणों ने शव का दाह संस्कार टोल प्लाजा पर ही करने का निर्णय लेते हुए टोल प्लाजा के गेट पर लकड़ियां डाल दी।

वही राजसमंद प्रधान अरविंद सिंह राठौड़ ने टोल मैनेजर से बात कर उचित मुआवजा दिलाने पर जोर देते हुए बात की गई। जिस पर करीब 1 बजे दोनों पक्षों में समझौता करते हुए मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए, नौकरी ओर पेंशन देने की बात पर सहमति बनी। जिसके बाद ग्रामीणों ने शव को लिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## 31वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# कृषि के साथ प्रसंस्करण को अपनाकर किसान अपनी आमदनी बढ़ाएं कुलपति डॉ. कर्नाटक

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेस बागोरा )।** कृषि विज्ञान केन्द्र, राजसमन्द पर 31वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक 14 नवम्बर को संपन्न हुई। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. पी.सी. रेगर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र, राजसमंद ने बैठक से पूर्व सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

बैठक की अध्यक्षता डॉ अजीत कुमार कर्नाटक कुलपति महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर ने की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि किसान कृषि के साथ प्रसंस्करण की नवीन तकनीको को अपनाकर किसान अपनी आमदनी बढाये तथा फल एवं सब्जी की उपयोगिता एवं उत्पादन के बारें में विस्तार पूर्वक बताया। डॉ. आर. एल. सोनी, निदेशक, प्रसार शिक्षा निदेशालय, उदयपुर ने बताया की किसान तकनीकी ज्ञान को अपना कर उन्नत बागवानी एवं सब्जी उत्पादन द्वारा अधिकतम उपज प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए बताया। डॉ. जे.पी. मिश्र, निदेशक अटारी जोधपुर, जोन-द्वितीय ने सभी विभागों के अधिकारियों का आह्वान किया कि दूर-दराज में बैठे हुए किसानों को पूरा-पूरा तकनीकी लाभ मिले, उसके लिये सभी विभाग मिल बैठकर कार्ययोजना तैयार करे एवं कृषि विज्ञान केन्द्र को अवगत करावें ताकि उसके अनुसार प्रशिक्षण आयोजित कराये जा सके। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र पर क्रॉप केफिटएरिया स्थापित करने एवं कृषि के नवीन संचार माध्यमों की उपयोगिता के बारे मे बताया। डॉ. पी.सी. रेगर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र राजसमंद ने बैठक में वर्ष 2023-24 के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन तथा वर्ष 2024-25 की कार्य योजना प्रस्तुत की। इस बैठक में श्री विनोद जैन, संयुक्त कृषि विस्तार राजसमन्द समन्वित कृषि प्रणाली को बढावा देने के बारे में तथा अधिक उत्पादन देने वाली एवं कम अवधि वाली किस्मों के प्रदर्शन लगाने के बारे में बताया। शिव प्रकाश कुम्हार, सहायक निदेशक आत्मा परियोजना कृषि विभाग, राजसमंद ने उच्च तकनीकी बागवानी के बारे में बताया। डॉ. जगदीश जिनगर उपनिदेशक पशुपालन विभाग ने एन. एल. एम. योजना अंतर्गत पशुपालन इकाई स्थापित करने के बारे में बताया। आशीष जैन, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड एवं एल.डी.एम. प्रेम शंकर जीनगर, ऋतु अग्रवाल नें किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि ऋण के बारे में बताया। राजिवीका के मुकेश कुमार नवल ने खाद्य प्रसंस्करण तथा मुल्य संवर्धन के बारे में बताया। बैठक मे गैर सरकारी संगठन के पदाधिकारियों एवं प्रगतिशील कृषक व कृषक महिलाओं ने भाग लिया तथा वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा की। बैठक से पूर्व केन्द्र पर बकरीपालन प्रदर्शन इकाई एवं कृषि यंत्र प्रदर्शन इकाई का उद्घाटन माननीय कुलपति महोदय के कर कमलो द्वारा कराया गया। बैठक के पश्चात 11 जनजाति महिला कृषकों को बीज भंडारण कोठी प्रदान की गयी। डॉ. पी.सी. रेगर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र, राजसमंद ने कार्यक्रम के अन्त में सभी अतिथियों एवं आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धूमधाम से मनाया बाल दिवस, पोस्टर प्रतियोगिता का भी किया आयोजन

# बच्चों से बेहतर दुनिया, इस दुनिया में कोई दुनिया नहीं : सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** चाकसू कस्बे में निमोडिया रोड स्थित बहु प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अपनत्व फ्यूचर जोन एकेडमी सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर नमन किया गयाद्य इसके बाद स्कूली बच्चों ने बाल दिवस से संबंधित गीत, कविता ,नृत्य, सामूहिक नृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए द्यकार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निर्देशक महोदय सुरज्ञान सिंह जी बडोदिया ने पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला और बच्चों को उनके प्रेरणादायक कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने एक प्रेरक कहानी के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए उत्साहित किया।स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुनैना कंवर राजावत ने बताया कि बाल दिवस की अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें भावी निर्माण सोसाइटी चाकसू द्वारा अलग अलग स्कूलों में साइबर सुरक्षा एवं साइबर खतरों से संबंधित चित्रकला पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। संस्था सचिव गिरिराज शर्मा, सहसचिव सुनील गौतम एवं संस्थापक रमा शर्मा द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गयाद्य इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक भवानी सिंह चौहान समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्री प्राइमरी हेड अपेक्षा शर्मा एवं सीनियर हेड गीता शर्मा ने पधारे हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय में इस दिन का आयोजन न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का स्रोत बना, बल्कि उन्हें प्रेरणा और उत्साह भी दिया, ताकि वे अपनी शिक्षा और जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकें।

## स्वास्थ्य मंदिर के खिलता बचपन सवरता जीवन प्रकल्प के बच्चों ने मनाया बाल दिवस



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )** । गुरुवार को स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर पर महिला सेवा इकाई के तत्वाधान में खिलता बचपन सवरता जीवन प्रकल्प के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया गया। महिला सेवा इकाई की अध्यक्ष अंजना सोनी ने बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता कराकर उन्हें गिफ्ट प्रदान किया। चित्रकला प्रतियोगिता में धर्म, वीर, गायत्री शोभा ने प्रथम स्थान द्वितीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया। एवं संरक्षक कविता गोयल एवं सचिव शकुन सोनी ने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को याद कर बताया कि नेहरू जी को गुलाब और बच्चे सबसे प्रिय थे इस कारण नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में एक साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम में महिला सेवा इकाई की संरक्षक प्रभा गुप्ता, सदस्य रेखा गर्ग, प्रकल्प प्रभारी कुसुम कुमारी, ममता कुमारी सुरभि शर्मा संयोजक संदीप श्रीवास्तव डॉ दिगंबर सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

## उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि होगी 31 जनवरी 2025

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न छात्रवृति योजनाओं में यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय, मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में राज्य की राजकीय, निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर की राजकीय, राष्ट्रीय स्तर एवं मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेश, अध्ययनरत (कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त) विद्यार्थियों से छात्रवृति आवेदन आमंत्रित किये जाने है।

## गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा कुम्हेर तहसील के गांव बावैन में आयोजित 108 कुण्डीय महायज्ञ में सैकड़ों जोड़ों ने दी अपनी आहुति

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर बाबैन ( कुम्हेर )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार ट्रस्ट भरतपुर के मार्ग निर्देशन में कुम्हेर तहसील के बाबैन शक्तिपीठ पर आयोजित 108 कुंडीय महायज्ञ के कार्यक्रमानुसार आज दूसरे दिन वैदिक और लौकिक विधि से देवपूजन,तत्व वेदी पूजन, सप्त ऋषि पूजन और सर्वतोभद्र पूजन के साथ ब्रह्मा, विष्णु, महेश सहित सभी सनातन देवी देवताओं का पूजन किया गया । 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञशाला के यज्ञ कुण्डों पर दूसरे दिन महायज्ञ में सैकड़ों जोड़ों ने अपनी आहुतियां दी । इस महायज्ञ का, गायत्री प्रज्ञा पीठ बावैन पर दिनांक 14 से 17 नवम्बर तक आयोजन किया जा रहा है महायज्ञ के दूसरे दिन सर्वप्रथम गायत्री शक्तिपीठ के आचार्य एवं उपाचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे हुए आचार्य प्रमोद वार्चे टोली नायक एवं अन्य सभी आचार्य बसंती लाल, अरुण कुमार, बृजमोहन, गोपाल आदि पांच सदस्यीय टोली का गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों द्वारा तिलक,अक्षत लगाकर एवं पुष्पमाला अर्पण कर स्वागत सम्मान किया गया । महायज्ञ में भरतपुर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से महायज्ञ के आचार्य प्रमोद बार्चे टोली नायक एवं इनके साथी अन्य आचार्यों का दुपट्टा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया, साथ ही गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन श्यामसुंदर शर्मा, डॉ. गिरीश सारस्वत, डा. सुशील पाराशर, देवेंद्र चामड़, रविसिंह इन्दोलिया, ताराचंद शर्मा, सुरेश पाराशर, भगवान सिंह, हीरालाल सोनी, साहब सिंह, नरेंद्र जोशी, श्याम सिंह, ज्ञानेंद्र शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद सेठी, सतीश सारस्वत का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

## एटीएम मशीन की बैटरियां चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपित चढे पुलिस के हत्थे,एटीएम मशीनों से चुराई गई आठ बैटरी सहित एक दुपहिया वाहन जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बैंकों के एटीएम मशीनों में लगी बेट्रीयां चुराने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पकडा और उनके पास से एटीएम मशीनों से चुराई गई आठ बैटरी सहित बिना नम्बर की एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बैंकों के एटीएम मशीनों में लगी बेट्रीयां चुराने वाले सोभाग मल और आबिद खान को गिरफ्तार किया है और दोनों ही आरोपित नैनवा जिला बूंदी हाल सांगानेर जयपुर के रहने वाले है। जिन्होंने विभिन्न बैंकों के लगे एटीएम से कई बैट्रिया चुराना कबूला है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )** । भरतपुर के जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में आज 14 नवंबर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक नेहरू पार्क में मनाई गई। जिला कांग्रेस के संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम नेहरू जी की प्रतिमा को चुन्नी कप्तान ने शुद्धजल, गंगाजल तथा कच्चे दूध से नहलाकर चंदन लगाया। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने नेहरू जी की प्रतिमा को माला पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, साहब सिंह एडवोकेट, चुन्नी कप्तान, जगदीश बंजी, एवं राजीव कुम्हेर ने पंडित नेहरू को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए उनके सादगीपूर्ण जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने पंचशील के सिद्धांत को स्वर्गीय पंडित नेहरू जी की देन बताते हुए कहा कि नेहरू जी बच्चों में विशेष लोकप्रिय रहे एवं चाचा नेहरू के नाम से विख्यात हुए। कार्यक्रम के अंत में जिला कांग्रेस के संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने उपस्थित सभी जिला,शहर तथा अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया।

नेहरू पार्क के अलावा भूरी सिंह व्यायामशाला पर भी स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीभगवान कटारा, राजेंद्र सारस्वत, भरत गादोली, सेवादल जिलाध्यक्ष निरंजन जघीना, सुरेश पदयात्री,प्रेम प्रजापत,अशोक लवानिया, चंद्रभान फौजदार, बृजेश सेवादल,श्याम सिंह गुर्जर, संजय चंदेला,अवधेश शर्मा, जीवनलाल शर्मा चंद्रकांत शर्मा,किशन जायसवाल,दिनेश सोगरवाल, शैलेश,रमेश सतीजा,कार्तिक व्यास,सोनू तथा बाल पहलवान उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया में 36 साल बाद 5 टेस्ट खेलेगा भारत

## पर्थ में पहली जीत की तलाश, एडिलेड में 36 पर ऑलआउट हो चुके



**नई दिल्ली। टीम इंडिया 36 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट की सीरीज खेलने के लिए पहुंच चुकी है। भारत ऑस्ट्रेलिया के पांचों प्रमुख टेस्ट वेन्यू पर मैच खेलेगा। 2018 से इन मैदानों पर भारत ने कम से कम एक मैच जरूर खेला है। पर्थ और सिडनी को छोड़कर भारत ने सभी में जीत भी हासिल की है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में भारत को पहली जीत की तलाश है। वहीं सिडनी में टीम ने पिछले तीनों टेस्ट ड्रॉ ही खेले। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले 10 साल से कोई टेस्ट सीरीज भी नहीं हारी। इस बीच टीम ने 4 सीरीज 2-1 के अंतर से जीतीं। 2 अपने घर पर और 2 ऑस्ट्रेलिया में।**

### स्टोरी में पांचों वेन्यू की रिपोर्ट

### 1. ऑप्टस स्टेडियम, पर्थ

ऑस्ट्रेलिया का नया किला? पर्थ में 2 स्टेडियम हैं, एक डब्ल्यूएसीए ग्राउंड और दूसरा ऑप्टस स्टेडियम। वाका में 2017 तक टेस्ट मैच खेले जाते रहे, 2018 से ऑस्ट्रेलिया ने ऑप्टस स्टेडियम को नया टेस्ट वेन्यू बना लिया। यहां पहला मैच भारत ने ही खेला था, तब विराट कोहली के बेहतरीन शतक के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली थी। यहां 22 नवंबर को सीरीज का पहला मैच होगा।

पर्थ में ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 4 टेस्ट खेले और चारों जीते। हर बार टीम ने पहले बैटिंग कर बड़ा स्कोर बनाया और जीत दर्ज की। यहां पेस बॉलर्स को ज्यादा मदद मिलती है, भारत ने पिछले टेस्ट में एक भी फुल टाइम स्पिनर नहीं खिलाया था। इसके बावजूद ऑफ स्पिनर नाथन लायन 27 विकेट के यहां के पर टॉप विकेट टेकर हैं।

पर्थ में पहली पारी का औसत स्कोर 456 रन है, इसलिए टीमें यहां टॉस जीतकर पहले बैटिंग करना ही पसंद करती हैं। मैच के दिन बढ़ने के साथ स्टेडियम में बैटिंग करना मुश्किल हो जाती है। मार्नस लाबुशेन 519 रन के साथ ग्राउंड के टॉप रन स्कोरर हैं। कोहली यहां 70 की औसत से रन बनाते हैं, वहीं मोहम्मद शमी 6 विकेट ले चुके हैं।

### 2. एडिलेड ओवल

आखिरी टेस्ट में 36 पर सिमटा था भारत एडिलेड स्टेडियम का नाम विराट के कप्तानी डेब्यू के साथ जोड़ा जाता है। जहां 2014 में उन्होंने दोनों पारियों में सेंचुरी लगाई थी, लेकिन 2020 में टीम इंडिया कोहली की कप्तानी में ही 36 रन पर ऑलआउट हो गई। जो टेस्ट में भारत का सबसे छोटा स्कोर है, यह एक डे-नाइट टेस्ट था। टीम अब फिर इस मैदान पर 6 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट ही खेलेगी।

एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया ने एक भी डे-नाइट टेस्ट नहीं गंवाया। 2018 से टीम ने यहां कुल 6 टेस्ट खेले, टीम को 5 में जीत मिली, जबकि इकलौती हार भारत के खिलाफ 2018 में ही आई। यहां पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने 4 और पहले बॉलिंग करने वाली टीमों ने 2 टेस्ट जीते। पहली पारी का औसत स्कोर 375 रन है। भारत ने यहां 2018 से 2 टेस्ट खेले, 1 जीता और 1 गंवाया।

विदेश के डे-नाइट टेस्ट में तीसरा सेशन अहम हो जाता है, क्योंकि लाइट्स चालू होने के बाद पिंक बॉल की स्विंग बढ़ जाती हैं। ऐसे में दोनों ही टीमें तीसरे सेशन में ज्यादातर बार गेंदबाजी करना ही पसंद करेंगी। एडिलेड में मिचेल स्टार्क 30 विकेट लेकर टॉप बॉलर हैं। कोहली यहां 63 की औसत से 509 रन बना चुके हैं। उनके नाम यहां 3 सेंचुरी हैं।

### 3. द गाबा, ब्रिसबेन

2 टेस्ट हार चुकी होम टीम ब्रिसबेन का द गाबा स्टेडियम 2020 तक ऑस्ट्रेलिया का किला था। होम टीम को यहां 1988 से किसी भी टेस्ट में हार नहीं मिली थी। 2021 में फिर भारत ने यहां 3 विकेट से टेस्ट जीतकर सीरीज अपने नाम की थी। भारत के बाद इसी साल कंगारू टीम को वेस्टइंडीज ने भी हरा दिया।

ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया ने 2018 से 6 टेस्ट खेले, 4 जीते और 2 गंवाए। यहां पहले बैटिंग करने वाली टीम को एक ही बार जीत मिली, यह जीत वेस्टइंडीज ने इसी साल डे-नाइट टेस्ट में हासिल की थी। यहां बाकी मैच दिन में ही खेले गए, सभी में पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को जीत मिली। पहली पारी का औसत स्कोर भी महज 227 रन है, इसलिए यहां टॉस जीतने वाली टीम बॉलिंग ही चुनेगी।

भारत ने पिछले 10 साल में ब्रिसबेन में 2 टेस्ट खेले, एक जीता और एक ही गंवाया। पैट कमिंस ने पिछले 6 साल में यहां 36 विकेट लिए हैं, वहीं मार्नस लाबुशेन 497 रन बनाकर टॉप स्कोरर हैं। भारत के लिए यहां मौजूदा स्क्वॉड के ऋषभ पंत, शुभमन गिल और वॉशिंगटन सुंदर फिफ्टी लगा चुके हैं।

### 4. मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड

भारत यहां 12 साल से नहीं हारा मेलबर्न स्टेडियम टेस्ट क्रिकेट में अब भारत का किला बनता जा रहा है। यहां टीम इंडिया 2012 के बाद से कोई टेस्ट नहीं हारी। टीम ने इस दौरान यहां 3 टेस्ट खेले, 2 जीते और 1 ड्रॉ कराया। दोनों जीत पिछले 2 दौरों पर आईं। ऑस्ट्रेलिया ने यहां 2018 से 6 टेस्ट खेले, 4 जीते और 2 गंवाए। पहले बैटिंग करने वाली टीमों को भी 3 बार और पहले बॉलिंग करने वाली टीमों को भी 3 बार ही जीत मिली।

मेलबर्न में पहली पारी का औसत स्कोर 299 रन है। भारत ने यहां पिछला मैच पहले बॉलिंग करते हुए जीता था, तब अंजिक्य रहाणे ने सेंचुरी लगाई थी, वहीं जसप्रीत बुमराह ने 6 विकेट लिए थे। यहां पैट कमिंस 31 विकेट लेकर पिछले 6 साल में टॉप विकेट टेकर हैं। मेलबर्न में पेस को ज्यादा मदद मिलती है। तीसरी पारी में यहां तेज गेंदबाजी बहुत ज्यादा इफेक्टिव नजर आई है।

मेलबर्न में बुमराह के नाम 2 टेस्ट में 15 विकेट हैं। वहीं कोहली यहां 52.66 की औसत से 316 रन बना चुके हैं। उनके नाम यहां एक शतक भी है। ऑस्ट्रेलिया से स्टीव स्मिथ स्मिथ यहां 11 टेस्ट में 1093 रन बना चुके हैं।

### 5. सिडनी क्रिकेट ग्राउंड

2 स्पिनर खिला सकता है भारत सिडनी की पिच ऑस्ट्रेलिया की बाकी पिचों से अलग है, यहां पेस के मुकाबले स्पिन को ज्यादा मदद मिलती है। भारत यहां 3 जनवरी से सीरीज का आखिरी मैच खेलेगा, इस दौरान सिडनी में बारिश की भी संभावनाएं बढ़ जाती हैं। 2018 में लगातार 2 दिन बारिश होने के कारण टीम इंडिया को लगभग जीते हुए मैच में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा था।

भारत ने यहां पिछले तीनों टेस्ट ड्रॉ ही खेले हैं। 2014 में बैटिंग पिच के कारण, 2018 में बारिश के कारण और 2021 में अपने विकेट ज्यादा गिर जाने के कारण टीम को मैच ड्रॉ कराना पड़ा था। सिडनी में पहली पारी का औसत स्कोर 436 रन है, यहां पिछले 6 साल में नाथन लायन ने सबसे ज्यादा 26 विकेट लिए हैं।

सिडनी में भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत एक सेंचुरी और एक फिफ्टी लगाकर 2 टेस्ट में 292 रन बना चुके हैं। विराट के नाम यहां 49.60 की औसत से 248 रन हैं, वह भी सिडनी में एक सेंचुरी लगा चुके हैं। गेंदबाजों में मोहम्मद शमी के नाम 2 टेस्ट में 8 विकेट हैं, हालांकि रणजी ट्रॉफी में वापसी के बावजूद उनका ऑस्ट्रेलिया जाना अब तक कन्फर्म नहीं हो सका है।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को लगातार तीसरे टी-20 में हराया

## सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त ली; शाकिब-ओवरटन को 3-3 विकेट







**नई दिल्ली।**

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने गुरुवार रात खेले गए मुकाबले को 3 विकेट से जीत लिया। इस जीत के साथ ही टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का अगला मुकाबला 16 नवंबर को सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में खेला जाएगा।

यहां इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 145 रन बनाए। इंग्लिश बैटर्स ने 146 रन का टारगेट 19.2 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया। इंग्लैंड के साकिब मोहम्मद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होनें 17 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

वेस्टइंडीज के नाम रही थी वनडे सीरीज इंग्लैंड के कैरेबियाई दौरे की वनडे सीरीज इंग्लैंड के नाम रही थी। मेजबानों ने इसे 2-1 से अपने नाम किया था।

विंडीज ने 37 पर गंवा दिए थे 5 विकेट, खराब शुरुआत टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी विंडीज की शुरुआत खराब रही। टीम के टॉप-5 बैटर्स डबल डिजिट तक नहीं पहुंच सके। पारी के पहले ओवर में शाई होप (4 रन) रनआउट हो गए। वहीं, साकिब महमूद ने अपने स्पेल के दूसरे ओवर में ओपनर इवेन लुइस (3 रन) को जोफ्रा आर्चर के हाथों कैच कराया।

अगले ही ओवर में जोफ्रा आर्चर ने निकोलस पूरन को बोल्ड कर दिया। फिर अगले ओवर में महमूद ने रोस्टन चेज को पवेलियन भेज दिया। दोनों ने एक समान 7-7 रन बनाए। जबकि शिमोरन हेटमायर (2 रन) पावरप्ले के आखिरी ओवर में महमूद का शिकार बने। यहां टीम ने 37 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे।

कप्तान पॉवेल की फिफ्टी, शेफर्ड के साथ पारी संभाली शुरुआती बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बाद कप्तान रोवमन पॉवेल ने रोमारियो शेफर्ड के साथ पारी संभाली। उन्होंने 41 बॉल पर 54 रन की पारी खेली और शेफर्ड के साथ 73 रनों की अर्धशतकीय साझेदारी करके टीम को 100 के पार पहुंचा दिया।

जब रोमारियो शेफर्ड 30 रन बनाकर आउट हुए तब टीम का स्कोर 110 रन था। यहां जेम्स ओवरटन ने 16वें ओवर में 2 विकेट लेकर इंग्लिश टीम की वापसी कराई। आखिरी में अल्जारी जोसेफ ने 19 बॉल पर 21 रन की पारी खेलकर टीम का फाइनल स्कोर 145/8 पहुंचा दिया।

फिल सॉल्ट 4 रन बनाकर आउट, पावरप्ले में विंडीज से बेहतर रहा 146 रन चेज करने उतरी इंग्लैंड ने मिलीजुली शुरुआत की। टीम ने 14 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। यहां फिल सॉल्ट 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें अकील हुसैन ने बोल्ड कर दिया। ऐसे में विल जैक्स (32 रन) ने पारी को आगे बढ़ाया।

32 रन के टीम स्कोर पर कप्तान जोस बटलर (4 रन) भी आउट हुए। उन्हें गुडकेश मोती ने चलता किया। पावरप्ले समाप्त होते-होते जैकब बेथेल (4 रन) भी पवेलियन लौट गए। यहां टीम ने 37 रन बना लिए थे। पावरप्ले की समाप्ति के बाद टीम का स्कोर 42/3 रहा। यह 42/4 होता, यदि 5वें ओवर में कप्तान रोवमन पॉवेल से विल जैक्स का कैच नहीं छूटता।

इंग्लैंड छोटी-छोटी साझेदारियां से टारगेट तक पहुंचा रन चेज में इंग्लैंड की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए, लेकिन इंग्लिश बल्लेबाज छोटी-छोटी साझेदारियां करते रहे। 42/3 पर तीन विकेट गंवाने के बाद सैम करन ने विल जैक्स के साथ 38 और लिविंगस्टन के साथ 39 रनों की अहम साझेदारियां कीं। निचले क्रम में भी 20 रन की पार्टनरशिप हुई।

# केएल राहुल की कोहनी में चोट लगी : रोहित की जगह पर्थ टेस्ट में ओपनिंग ऑप्शन थे; दावा- कोहली ने भी स्कैन कराया

**पर्थ।**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट से पहले भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल चोटिल हो गए हैं। शुक्रवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान राहुल की कोहनी में प्रसिद्ध कृष्णा की बॉल लगी और वे स्कैन के लिए मैदान से बाहर चले गए। इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने दावा किया है कि कोहली ने भी एक अज्ञात चोट के लिए स्कैन कराया है।

राहुल-कोहली की इंजरी की खबरों ने भारतीय टीम मैनेजमेंट की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि 32 साल के राहुल भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पहला टेस्ट नहीं खेलने पर ओपनिंग के ऑप्शन थे, जबकि विराट कोहली ने विदेशी पिचों पर सबसे ज्यादा रन ऑस्ट्रेलिया में ही बनाए हैं।


भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत 22 नवंबर से पर्थ में पहले टेस्ट के साथ करेगी। वहां भारतीय टीम को 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भारतीय टीम के लिए अहम है।

29 रन बना चुके थे राहुल, प्रसिद्ध कृष्णा की बॉल लगी न्यूज एजेंसी ने बीसीसीआई सूत्रों के हवाले बताया, राहुल के बारे में यह अभी हुआ है, इसलिए (उनकी कोहनी की चोट) आकलन करने में कुछ समय लगेगा। राहुल टेस्ट में वापसी की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु मैच के बाद उन्हें प्लेइंग इलेवन में नहीं चुना गया था।

बेंगलुरु के इस खिलाड़ी ने अपना आखिरी टेस्ट शतक दिसंबर 2023 में सेंचुरियन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगाया था और तब से उन्होंने नौ पारियों में सिर्फ 2 अर्द्धशतक बनाए हैं।

दावा- कोहली ने भी स्कैन कराया ऑस्ट्रेलियाई अखबार सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने दावा किया है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने गुरुवार को एक अज्ञात चोट के लिए स्कैन करवाया। हालांकि, उन्हें प्रैक्टिस मैच में खेलने से नहीं रोका गया और उन्होंने आउट होने से पहले 15 रन बनाए।

इस पर एक सूत्र ने बताया, विराट कोहली के साथ अभी कोई चिंता नहीं है। वे बड़े रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उनका आखिरी टेस्ट शतक जुलाई 2023 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ था। तब से, 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 14 टेस्ट पारियों में सिर्फ दो अर्द्धशतक बनाए हैं। पिछली 60 पारियों में, कोहली ने सिर्फ दो शतकों के साथ 31.68 का औसत बनाया है। 2024 में उनका औसत छह टेस्ट में सिर्फ 22.72 है।






# टिम साउदी का टेस्ट से संन्यास का ऐलान

## इंग्लैंड के खिलाफ हैमिल्टन में खेलेंगे आखिरी मैच; न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 770 विकेट लिए

**नई दिल्ली।**

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी इंग्लैंड के खिलाफ 28 नवंबर से शुरू हो रही सीरीज के अंत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। साउदी 15 दिसंबर को हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में अपने घरेलू मैदान पर आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगे।



35 साल के साउदी ने कहा- यदि हमारी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई करती है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा। साउदी तीनों फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के टॉप विकेट टेकर हैं। उनके नाम 770 इंटरनेशनल विकेट दर्ज हैं। न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करना ही मेरा बचपन से सपना था। 18 साल तक ब्लैक कैप्स के लिए खेलना सबसे बड़ा सम्मान और सौभाग्य रहा है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं उस खेल से दूर हो जाऊं जिसने मुझे इतना कुछ दिया है। टेस्ट क्रिकेट मेरे दिल में एक खास जगह रखता है, इसलिए उसी देश के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट खेलना, जिसके खिलाफ मेरा टेस्ट करियर इतने सालों पहले शुरू हुआ था, मेरे लिए बेहद खास हैं। मैं हमेशा अपने परिवार, दोस्तों, कोच, हमारे फैंस और खेल से जुड़े सभी लोगों का आभारी रहूंगा, जिन्होंने सालों से मेरा और मेरे करियर का समर्थन किया है। यह एक अद्भुत सफर रहा है और मैं इसमें कुछ भी नहीं बदलना चाहूंगा।

# प्रैक्टिस में पंत-बुमराह की मस्ती, 100-100 डॉलर की शर्त लगाई

## ऋषभ बोले- आउट कर दूंगा, जसप्रीत ने कहा- विकेट नहीं गिरने वाला

**पर्थ।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुरू होने जा रही है। दोनों टीमें दबाव में हैं, क्योंकि सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम है। दबाव के बीच भारतीय खिलाड़ी प्रैक्टिस में मस्ती करते नजर आए हैं। बीसीसीआई ने शुक्रवार को इसका वीडियों जारी किया। इस वीडियो में भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने आपस में 100-100 डॉलर की शर्त लगाई है।

बीसीसीआई के वीडियो में पंत ने गेंदबाजी की और बुमराह को बैटिंग के लिए बुलाया और आउट भी किया। हालांकि, बुमराह ने आउट होते ही पंत के एक्शन पर सवाल उठा दिया। बता दें कि भारतीय टीम पर्थ टेस्ट से पहले डब्ल्यूएसीए स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रही है।


प्रैक्टिस में पंत-बुमराह की मजेदार बातचीत वीडियो की शुरुआत में पंत नेट्स में जसप्रीत बुमराह को गेंदबाजी करते दिखाई दिए। पंत कहते हैं- मैं आउट कर दूंगा, 100-100 डॉलर की शर्त लगी। इस पर बुमराह कहते हैं- विकेट नहीं गिरने वाला। रहने दे। इस पर पंत जवाब देते हैं कि मैंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एक विकेट लिया है। इस पर बुमराह बोलते हैं कि मुबारक हो, उसे तुम सजाकर रखो, अब बस करो।



पंत पहली बॉल डालते हैं, जिसे बुमराह छोड़ देते हैं। यहां बॉल उठाते हुए पंत कहते हैं- रुक तुझे बाउंसर मारता हूं। वे अगली बॉल शॉर्ट लेंथ पर डालते हैं और बुमराह उस बॉल पर पुल करते हैं। इस पर पंत कहते हैं कि यह आउट है। वे कोच मोर्ने मोर्केल से पूछते हैं कि आउट है ना। इस पर कोच असमंजस्य में आ जाते हैं। वहीं, बुमराह कहते हैं कि तेरा एक्शन अवैध है। मैं आउट नहीं हुआ। यहां पंत कहते हैं- नेट्स में तो आउट है।

बोर्ड ने फैंस से पूछा आउट है या नहीं, मजेदार जवाब मिले बोर्ड ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- एक ऐसा कॉन्टेस्ट, जिसने बॉलिंग कोच को सोच में डाल दिया। आप टीम बुमराह है या टीम पंत? क्या पंत ने बुमराह को आउट किया? इस पर फैंस के मजेदार रिएक्शन आ रहे हैं।

प्रार्थना शब्दों से नहीं, हृदय से होनी चाहिए। क्योंकि ईश्वर उनकी भी सुनते हैं जो बोल नहीं सकते।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# भारत ने पिनाक रॉकेट लॉन्चर का सफल परीक्षण किया

## इसमें 44 सेकंड में 12 रॉकेट दागने की क्षमता; राजनाथ बोले : अब सेना और मजबूत होगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत ने गाइडेड पिनाक वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। यह टेस्ट डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन की तरफ से किया गया। यह सिस्टम पूरी तरह से देश में ही बनाया गया है। यह सिस्टम केवल 44 सेकंड में 12 रॉकेट दाग सकता है, यानी हर 4 सेकेंड में एक रॉकेट। परीक्षण के दौरान इसकी मारक क्षमता, सटीकता और एक साथ कई लक्ष्यों पर हमला करने की ताकत को परखा गया।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण तीन अलग-अलग जगहों पर किया गया। दो लॉन्चरों से कुल 24 रॉकेट दागे गए। ये सभी रॉकेट अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाब रहे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस कामयाबी पर डीआरडीओ और सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस नए सिस्टम के जुड़ने से हमारी सेना और मजबूत होगी। गाइडेड पिनाका सिस्टम को डीआरडीओ के वैज्ञानिकों ने तैयार किया है। इसे बनाने में कई कंपनियों ने भी योगदान दिया, जैसे म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स। डीआरडीओ के प्रमुख समीर वी. कामत ने भी इस सफलता पर अपनी खुशी जताई और कहा कि यह सिस्टम अब सेना में शामिल होने के लिए तैयार है।

क्या है पिनाक रॉकेट लॉन्चर सिस्टम? पिनाक रॉकेट लॉन्चर सिस्टम का नाम भगवान शिव के धनुष पिनाक के नाम पर रखा गया है। इसे डीआरडीओ के पुणे स्थित आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान की तरफ से बनाया गया है। इसकी एक बैटरी में छह लॉन्च वाहन होते हैं। इसके लोडर सिस्टम, रडार और नेटवर्क आधारित सिस्टम और एक कमांड पोस्ट के साथ लिंक होते हैं। वर्तमान में इसके 2 वर्जन हैं। पहला मार्क 1 है, जिसकी रेंज 40 किलोमीटर है और दूसरा मार्क-2 है, जिसकी रेंज 75 किलोमीटर है। इसकी रेंज 120-300 किलोमीटर तक बढ़ाने की योजना है। पिनाक रॉकेट लॉन्चर सिस्टम में 214 मिलिमीटर के 12 रॉकेट होते हैं। पिनाक रॉकेट्स की स्पीड ही इसे सबसे ज्यादा खतरनाक बनाती है। इसकी स्पीड 5,757.70 किलोमीटर प्रतिघंटा है, यानी एक सेकेंड में 1.61 किलोमीटर की गति से हमला करता है। साल 2023 में इसके 24 टेस्ट किए गए थे।



### पिनाक रॉकेट लॉन्चर सिस्टम के बारे में 4 पॉइंट्स पढ़ें ....

- 1981 में भारतीय सेना को लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों की जरूरत हुई। 1986 में इस तरह की मिसाइल बनाने के लिए 26 करोड़ रुपए डीआरडीओ को दिये गए। 1999 जंग में पिनाक पाकिस्तान सेना पर जोरदार हमला करने में कामयाब रहा।
- 2000 में पिनाक के लिए एक अलग से रेजिमेंट बनाने की शुरुआत हुई। 19 अगस्त 2020 को पिनाक के नए वैरिएंट का पोखरण में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।
- यूक्रेन जंग में रूसी सेना को पीछे जाने को मजबूर करने वाले कई मॉडर्न हथियारों में से एक अमेरिकी हिमार्स मिसाइल भी है। लेकिन, हिमार्स को भारत के पिनाक ने पीछे छोड़ दिया है। पिनाक की ऑपरेशनल रेंज 800 किलोमीटर है, जबकि हिमार्स का 450 किलोमीटर है।
- इसी तरह पिनाक की फायरिंग कैपेसिटी एक बार में 12 रॉकेट है, जबकि हिमार्स की फायरिंग कैपेसिटी एक बार में 6 रॉकेट है। इन दोनों मामलों में अमेरिकी हिमार्स से भारत का पिनाक आगे है।

# जयपुर जिला परिषद में फर्जी नियुक्ति मामले में 2 सस्पेंड

### सीईओ ने नौकरी पाने वाली महिला लिपिक की नियुक्ति को किया रद्द करते हुए सेवाएं की समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर जिला परिषद प्रशासन ने फर्जी तरीके से जूनियर क्लर्क पद पर हुई नियुक्ति के मामले में बड़ा एक्शन लिया है। परिषद ने इस मामले में लिप्त दो कर्मचारियों को सस्पेंड किया है। नियुक्ति पाने वाली महिला क्लर्क की सेवा समाप्त कर दी है। जिला परिषद अतिरिक्त सीईओ शेर सिंह लुहाड़िया ने इस मामले में हुई जांच की रिपोर्ट के बाद सहायक प्रशासनिक अधिकारी संदीप वर्मा और नितेश टाटीवाल को पद से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही दोनों की उपस्थिति को जिला परिषद से हटाकर दूर स्थान मौजूद पंचायत समिति मुख्यालय पर देने के आदेश दिए हैं। वहीं इस मामले में फर्जी नियुक्ति पाने वाली अंजली चंद्रा की चयन प्रक्रिया को निरस्त करते हुए उसकी सेवाएं समाप्त करने के आदेश जारी किए है।

### इन कर्मचारियों का किया तबादला

इस पूरे प्रकरण में अन्य दो कार्मिकों की भी लिप्तता सामने आ रही है। इसे देखते हुए विभाग ने इस प्रकरण की आगे की जांच करवाते हुए दो कर्मचारी रूपेन्द्र सिंह मेडावत (अति. प्रशासनिक अधिकारी) को जिला परिषद जयपुर से पंचायत समिति माधोराजपुरा और नरेन्द्र कुमार यादव (अति. विकास अधिकारी) का पंचायत समिति गोविंदगढ़ तबादला कर दिया।

# बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ दर्ज केस की कोर्ट करेगा जांच

### शिया समुदाय के इमाम बाड़े में जबरन एंट्री और अभ्रदता का आरोप, परिवादी को सबूत पेश करने के लिए कहा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ दायर परिवाद की जयपुर महानगर द्वितीय की न्यायिक मजिस्ट्रेट-14 कोर्ट जांच करेगी। जज आयुषी गोयल ने परिवाद की स्वयं जांच करने और परिवादी को 28 नवम्बर को मामले से जुड़े सबूत पेश करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, बांसबदनपुरा के रहने वाले रियाज हुसैन ने परिवाद दायर करके विधायक बालमुकुंदाचार्य पर शिया समुदाय के इमाम बाड़े में जबरन घूसने। अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने। वहां मौजूद इमाम, महिलाओं और बच्चों के साथ अभ्रदता करने का आरोप लगाया है। परिवाद विधायक बालमुकुंदाचार्य, अमर गुप्ता, गिरिराज जोशी और अन्य आरोपियों के खिलाफ 5 नवम्बर को पेश किया गया था।

### विधायक के खिलाफ पुलिस ने नहीं किया मामला दर्ज

परिवादी की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता मोहम्मद असलम खान एवं वसीम खान ने बताया- 21 अक्टूबर की शाम हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य अपने कुछ लोगों के साथ बांसबदनपुरा स्थित शिया समाज की वक्फ संपत्ति इमाम बाड़े में जबरन घुस गए। विधायक ने वहां अमर्यादित भाषा बोली और अभद्रता करने लगे। इस दौरान वहां मौजूद बच्चे और महिलाएं भयभीत हो गई।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से 2 भाइयों की मौत

### एक की 6 महीने पहले ही हुई थी शादी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** अजमेर के मदारपुरा निवासी 2 भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों भाई स्कूटी पर सवार होकर पुष्कर मेले में जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ओवरटेक के चक्कर में उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसा होकरा फाटक के पास हुआ।

हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर मौत हो गई। लोगों ने स्कॉर्पियो के ड्राइवर को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को जेएलएन अस्पताल में रखवाया, जहां शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। स्कॉर्पियो को जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### स्कूटी पर जा रहे थे मेले में

जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब 6 बजे होकरा फाटक के निकट हादसे में स्कूटी सवार मदारपुरा निवासी भंवर सिंह के पुत्र 22 वर्षीय सूरज और 17 वर्षीय नीरज की मौत हो गई। दोनों भाई स्कूटी पर पुष्कर मेले में जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुष्कर की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक के प्रयास में स्कूटी को टक्कर मारी थी। लोगों ने सूरज और नीरज को छ्रस्ह अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# सीकर के जुराठड़ा पूर्व सरपंच की मौत

### पुलिस का दावा-सीने में मिले गाय के सींग के निशान

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** सीकर में हुए एक हादसे में जुराठड़ा गांव के पूर्व सरपंच कमलेश राव की मौत हो गई। पुलिस की ओर से दावा किया जा रहा है कि पूर्व सरपंच के सीने में गाय के सिंग के निशान मिले है। वहीं घरवालों ने हत्या का अंदेशा जताते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मामला जिले के गोकुलपुरा थाना इलाके का है। रात करीब 1 बजे बाद कमलेश राव घायल अवस्था में घर से करीब 800 मीटर दूर मिले थे। आसपास के लोगों इन इसकी सूचना परिजनों को दी। इस पर परिजन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे तब तक उनकी मौत हा गई थी।

शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम ने सबूत जुटाए है। गोकुलपुरा एसएचओ दिलीप सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर सीओ सिटी शाहीन सी और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसएचओ दिलीप सिंह ने बताया कि पूर्व सरपंच अपने घर की तरफ जाने वाले रास्ते पर घायल हालत में मिले थे। सुबह घटना स्थल पर पहुंचे तो मौके पर बाइक के स्लिप होने के निशान भी मिले है। इसके बाद पुलिस ने हर एंगल से मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अब ग्रेजुएशन 2 साल में ही कर सकेंगे : यूजीसी अगले साल तक ला सकता है नई पॉलिसी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** स्टूडेंट्स अगले एकेडमिक ईयर से ग्रेजुएशन में कोर्स ड्यूरेशन को घटा या बढ़ा सकेंगे। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन ग्रेजुएशन 2025-26 एकेडमिक ईयर से ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी करने के लिए एक नए फ्लेक्सिबल अप्रोच पर काम कर रहा है। इसके तहत ग्रेजुएशन डिग्री जो 3 से 4 साल में होती है, उसे स्टूडेंट्स कमकर दो से ढाई साल में कर सकेंगे।

यह जानकारी यूजीसी चेयरमैन एम. जगदीश कुमार ने आईआईटी मद्रास के एक प्रोग्राम में गुरुवार को दी। आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामाकोटी ने इस पॉलिसी का सुझाव दिया था। इस पर यूजीसी लंबे समय से काम रहा है।

# राहुल के हेलिकॉप्टर को झारखंड के गोड्डा में रोका

### डेढ़ घंटे के बाद मिली उड़ान भरने की अनुमति



बढ़ता राजस्थान

**बोकारो/गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा में चुनावी सभा के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी का हेलिकॉप्टर डेढ़ घंटे तक रुका रहा।बताया जा रहा है कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल से गोड्डा के बेलबड्डा से हेलिकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली थी। पूरी घटना के दौरान राहुल गांधी हेलिकॉप्टर में ही बैठे रहे और मोबाइल देखते रहे। महगामा क्षेत्र से विधायक और कांग्रेस कैंडिडेट दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हेलिकॉप्टर को सिर्फ इसलिए रोका गया कि प्रधानमंत्री देवघर में हैं। राहुल गांधी को उस क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी गई। प्रोटोकॉल है, जिसे हम समझते हैं लेकिन कांग्रेस ने 70 वर्षों तक देश पर शासन किया और किसी भी विपक्षी नेता के साथ ऐसी घटना कभी नहीं हुई। यह स्वीकार्य नहीं है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के जमुई से सभा कर देवघर एयरपोर्ट आने वाले हैं, इस कारण राहुल के हेलिकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली थी।

# अहमदाबाद, वाराणसी, अमृतसर के लिए आज से नई फ्लाइट शुरू

### अब हर सप्ताह 84 इंटरनेशनल फ्लाइट्स का होगा संचालन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर से वाराणसी, अमृतसर और अहमदाबाद जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। स्पाइसजेट एयरलाइंस ने शुक्रवार से तीनों शहरों के लिए रेगुलर फ्लाइट का संचालन शुरू कर दिया है। तीनों फ्लाइट का किराया 2600 रुपए से शुरू होगा। स्पाइसजेट एयरलाइंस के राजस्थान प्रवक्ता मनीष सैन ने बताया- जयपुर एयरपोर्ट से वाराणसी के लिए आज से हर दिन सुबह 8:25 बजे विमान उड़ान भरेगा। सुबह 10:35 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। वापसी में वाराणसी से सुबह 10:55 बजे उड़ान भरेगा। दोपहर 1:10 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। जयपुर से अमृतसर का सफर 1 घंटे में पूरा होगा जयपुर से अमृतसर के लिए विमान दोपहर 1:40 बजे उड़ान भरेगा। जो 1 घंटे में अपने सफर को पूरा कर दोपहर 2:40 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। वापसी में दोपहर 3:15 बजे अमृतसर से उड़ान भरेगा। जो एक घंटे 20 मिनट में अपने सफर को पूरा कर शाम 4:35 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। वहीं, जयपुर से अहमदाबाद के लिए विमान हर दिन शाम 5:05 बजे उड़ान भरेगा। जो 1 घंटे 20 मिनट में अपना सफर पूरा कर शाम 6:25 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। अहमदाबाद एयरपोर्ट से जयपुर के लिए रात 9.25




बजे उड़ान भरेगा। 1 घंटे 40 मिनट में अपने सफर को पूरा कर रात 11.05 बजे जयपुर लैंड करेगा।

### 7 शहरों के लिए भी शुरू होगी उड़ान

विंटर शेड्यूल के मुताबिक जयपुर एयरपोर्ट से गुवाहाटी, रांची, नागपुर, पटना और हिसार के लिए फ्लाइट्स शुरू करने की तैयारियां तेज हो गई है। ऐसे में नवंबर के आखरी सप्ताह तक जयपुर एयरपोर्ट से गुवाहाटी के लिए 7, रांची के लिए 4, नागपुर के लिए 7, पटना के लिए 4 और हिसार के लिए 5 फ्लाइट हर सप्ताह उड़ान भरेंगी। इसके साथ ही भुवनेश्वर और गोवा जैसे शहरों के लिए भी उड़ान सेवाएं फिर से शुरू करने की तैयारियां की जा रही है। इसके साथ ही जयपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट से एयर एशिया बरहाद, एतिहाद एयरवेज, थाई एयर एशिया, एयर अरबिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइस जेट और सलाम एयर जैसी एयरलाइंस कंपनियां जो अब तक 66 साप्ताहिक मूवमेंट (33 अराइवल और 33 डिपार्चर) संचालित कर रही थीं।

# अमित शाह के हेलिकॉप्टर की चेकिंग हुई : महाराष्ट्र में ईसी ने बैग की जांच की



बढ़ता राजस्थान

**हिंगोली।** गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को महाराष्ट्र के हिंगोली में चुनाव प्रचार के लिए आए थे। इस दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों ने हेलिकॉप्टर में रखे बैग और बाकी सामान की जांच की। अधिकारियों ने इसकी वीडियोग्राफी भी करवाई। शाह ने अपने हेलिकॉप्टर की जांच की जानकारी ट्वीटर पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा- आज महाराष्ट्र के हिंगोली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मेरे हेलिकॉप्टर की जांच की। भाजपा निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ चुनाव प्रणाली में विश्वास करती है। साथ ही माननीय चुनाव आयोग के बनाए गए सभी नियमों का पालन करती है।

# दिल्ली में हवा बेहद जहरीली, 5वीं तक स्कूल बंद

### हरियाणा, यूपी और राजस्थान की बसों पर रोक; अमेरिकी सैटेलाइट से भी दिखा प्रदूषण



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण गुरुवार को बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। यहां 39 पॉल्यूशन मॉनिटरिंग स्टेशंस में से 32 ने एयर क्वालिटी इंडेक्स को गंभीर बताया है। इस हवा में सांस लेना भी मुश्किल होता है। यहां सभी प्राइमरी (5वीं क्लास तक) स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। बच्चे ऑनलाइन क्लास में पढ़ेंगे। एयर कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एनसीआर यानी हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आने वाली बसों के दिल्ली आने रोक लगा दी है। सीएनजी और इलेक्ट्रिक व्हीकल के साथ बीएस-4 डीजल बसों को इससे छूट दी गई है।

# इजराइल की सीरिया पर एयर स्ट्राइक, 15 की मौत, 16 घायल

### इजराइल बोला- उसने इस्लामिक जिहाद संगठन के ठिकानों को निशाना बनाया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** इजराइल ने गुरुवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क और उसके पास के एक इलाके पर हवाई हमले किए। इनमें 15 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। सीरिया की सरकारी एजेंसी सना ने यह जानकारी दी।

दमिश्क के माजेह इलाके और कुदसाया उपनगर में दो इमारतों पर हमला हुआ। माजेह में एक पांच मंजिला इमारत का बेसमेंट मिसाइल से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने इस्लामिक जिहाद संगठन के ठिकानों को निशाना बनाया। सेना के मुताबिक, यह संगठन 7 अक्टूबर 2023 को हमास के साथ हुए हमलों में शामिल था, जिसमें 1,200 से ज्यादा इजरायली नागरिक मारे गए थे और 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। लेबनान में अब तक 3 हजार से ज्यादा मौतें लेबनान में भी



इजरायली हवाई हमलों में अब तक 3,365 लोगों की मौत हो चुकी है और 14,344 लोग घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने कहा कि उसने पिछले एक हफ्ते में लेबनान में 300 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए। 4 दिन पहले हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 165 रॉकेट दागे थे हिजबुल्लाह ने सोमवार को इजराइल पर 165 से अधिक रॉकेट से हमला किया।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com